RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

Black Bichhoo TM

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 150 | ग्वालियर शुक्रवार 10 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2

### मुख्यमंत्री ने किया प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 का शुभारंभ-कहा

# मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं

प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक ले रहे है हिस्सा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विक?सित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई कीट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों को दूर करने के प्रयास होंगे। पर्यावरण की चिंता भी रखी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा दी जा रही है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रिजनल स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहें हैं। प्रदेश में अब तक 6 रिजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित हो चुकी है। इनके माध?यम से चार लाख करोड़ रूपये का निवेश प्रदेश में आया है। इससे लगभग तीन लाख लोगों को रोजगा मिलेगा। उक्त निवेश से प्रदेश में 200 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में गुजरात मॉडल पर तेजी से विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने सम्मेलन में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित इस विशाल सम्मेलन में 400 से अधिक कंपनियां अपनी नवीनतम तकनीक, उत्पाद और नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस आयोजन में 2 हजार से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे है। एक्जीबिशन सेंटर को छह अलग अलग डोम में विभाजित किया गया है, जहां लाइव मशीनों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह सम्मेलन व्यापारियों और उद्यमियों के लिए तो एक मंच है ही, साथ ही छात्रों, शोधकर्ताओं और पर्यावरणविदों के लिए भी एक ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करेगा।

# पीएचई विभाग की निष्क्रियता के चलते पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की नल जल योजना ग्राम पंचायत नयापुरा में फैल

### केवल कागजों में चल रही योजना आमजन तरस रहे पीने के पानी को

**रायसेन (मदन राजपूत)**

भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नल जल योजना का निर्माण कर इसलिए क्रियान्वित किया कि शहरों से लेकर गांव गांव तक हर घर मेंआमजन को पेयजल प्राप्त हो सके और किसी भी तरह की पेयजल की असुविधा न हो।महत्वाकांक्षी योजना से गांव गांव ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिले।घरों में लगे नलों की टोंटियों से स्वच्छ जल प्राप्त हो,लेकिन पीएचई विभाग रायसेन के अधिकारी प्रधानमंत्री की मंशा को साकार नहीं होने दे रहे हैं।जल जीवन मिशन की अधिकांश नल जल योजनाएं मौके पर गांव गांव में फैल हो चुकी हैं केवल कागजों में ही संचालित हैं। जिले की सांची जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापुरा के सरपंच सुप्यार सिंह राजपूत ने केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र को अवगत कराते हुए व्यक्त किया कि उनकी ग्राम पंचायत के अंतर्गत रह रहे आमजन को प्रतिदिन पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है दूरदराज से पानी लाकर गुजारा किया जा रहा है।कई बार पीएचई विभाग के जिम्मेदारों एवं पानी की टंकी का निर्माण करने वाले ठेकेदार को अवगत कराया गया लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही ना तो ग्रामीणों को घर-घर नलों से पानी मिल रहा है और ना ही सही तरीके से जल जीवन मिशन योजना के तहत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा कार्य किया जा रहा है।जब संबंधित विभाग में जाते हैं तो अधिकारी



कहते हैं जलजीवन मिशन की नलजल योजना चालू है लोगों को भरपूर पानी मिल रहा है आपको भी मिल जाएगा लेकिन जमीनी हकीकत तो यह है कि अधिकांश जल जीवन मिशन की नल जल योजनाएं बंद पड़ी हुई है।पीएचई विभाग के अधिकारी को समय मिले तो वह जाकर मौके पर जांच करें लेकिन वास्तविकता तो यह है किअधिकारी तो रोजाना भोपाल से अपडाउन करते हैं उन्हें इस पेयजल समस्या से कोई लेना-देना नहीं है यह तमाम आरोप ग्रामीणजन सहित जन प्रतिनिधियों ने लगाए हैं। गौरतलब हो कि कुछ महिनों पूर्व कलेक्ट्रेट कार्यालय में पीएचपी विभाग की,जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई थी मीटिंग में प्रभारी मंत्री पंवार एवं कलेक्टर अरविंद दुबे ने पीएचई विभाग केअधिकारी स्वदेश मालवीय को जमकर फटकार भी लगाई थी इसके बाद भी पीएचई विभाग रायसेन के अधिकारी मजे कर रहे हैं वहीं गांव गांव में पीने के पानी को लेकर आमजन परेशान हैं।पहले की नलजल योजनाएं भी कई गांवों में खराब पड़ी हुई हैं जबकि विभाग की फाइलों में कार्य प्रगतिरत दर्शाया गया है।ग्रामीण जल जीवन मिशन योजना में केंद्र एवं प्रदेश सरकारों द्वारा करोड़ों रुपये का बजट दिया गया है पीएचई विभाग द्वारा अभी तक इन योजनाओं में करोड़ों रुपये की राशि ताबड़तोड तरीके से खर्च कर दी है फिर भी ग्रामीणजन पेयजल की बूंद बूंद को तरस रहे हैं।

# मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने किए ठा. बांके बिहारी लाल के दर्शन

### गुरूशरणानंद महाराज का लिया आशीर्वाद, श्रीकृष्ण जन्मभूमि के किए दर्शन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**वृंदावन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने दो दिवसीय दौरे पर सपरिवार सहित मथुरा आए है। बुधवार को सीएम मोहन यादव गोकुल स्थित रमणरेती आश्रम गुरुशरणानंद जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। गुरुवार सुबह उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि दर्शन किए और उसके बाद वह वृन्दावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन करने पहुंचे। जहां उनसे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मुलाकात की तथा उन्हें बांकेबिहारी जी महाराज की तस्वीर भेंट की। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में जब हम अपने दैवीय स्थानों के आधार पर धार्मिक पर्यटन की बात करते हैं, तो भगवान कृष्ण के अनुयायी दुनिया भर में मौजूद हैं। ऐसे में हमारी सरकार ने सभी धार्मिक स्थलों को चिन्हित करके, उनको विकसित करने का निर्णय किया है। हम उम्मीद करते हैं कि भगवान कृष्ण के अनुयायी दुनिया भर से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में आएं और अपनी धार्मिक सद्भावना का प्रकटीकरण करें। भगवान कृष्ण सबका कल्याण करें इस मनोभाव से हमने आज यह यात्रा की है।

# दिव्यांग बच्चों के पालको का प्रशिक्षण आयोजित

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**



राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास में दिव्यांग बच्चों के पालको का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल, एपीसी श्री राकेश शर्मा, एमआरसी तथा छात्रावास वार्डन आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान पालको को दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं एवं उनकी देखभाल करने तथा शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

# बदर मुनीम ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष को दी बधाई

**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि**



भाजपा मंडल अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अंजलि बिश्नोई मित्तल के निवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है नगर के तमाम भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारीयो ने मंडल अध्यक्ष अंजलि बिश्नोई मित्तल और उनके पति सौरभ मित्तल का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दे रहे हैं। भाजपा नेता बदर मुनीम ने भी मंडल अध्यक्ष और उनके पति सौरभ मित्तल का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा उनके मंडल अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



# उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना के साथ बेटे के जन्मोत्सव पर करवाया गौ भंडारा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

अमायन क्षेत्र के ग्राम गुजरख के निवासी गौभक्त राजवीर सिंह ने अपने वेटे, सेवेन्द्र सिंह चौहान के जन्मोत्सव को वडे हर्षोल्लास के साथ मनाया और वेटे के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना के साथ लहार नगर में प्रतिदिन चलने वाले गौ भडारे में सहभागी वन कर भुखी बेसहारा गायों को हरा चारा खिलवाकर गौ भंडारा करवाया साथ ही उन्होंने कहा की समाज के लोगों को गौ सेवा करके अपने बच्चों के प्रगति,उन्नति, सतबुद्धि,व सुखमय नीरोगी,जीवन के लिए गौ माता से आशीर्वाद की प्राथना करना चाहिए

# सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों को अटैण्ड न करने पर एल-1 तथा एल-2 अधिकारियों को किया जाएगा अवैतनिक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट अनूपपुर ब्यूरो**

**अनूपपुर** सोमवार 06 जनवरी को समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने सीएम हेल्पलाईन पोर्टल का अवलोकन करने पर पाया कि एल-1 तथा एल-2 अधिकारियों द्वारा शिकायतों को समय सीमा में अटैण्ड न करने पर शिकायतें उच्च लेवल में प्रदर्शित होने लगती है, जिससे ग्रेडिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा राज्य स्तर पर रैंकिंग में जिला पीछे रह जाता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए जिले की रैंकिंग में सुधारात्मक प्रयास हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सी.एम. हेल्पलाईन पोर्टल में माह दिसम्बर 2024 की प्राप्त शिकायतों को एल-1 एवं एल-2 अधिकारियों द्वारा अटैण्ड न करने पर माह जनवरी 2025 हेतु अवैतनिक किया जाएगा।

# सुप्रीमकोर्ट बोला-बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाना पेरेंट्स की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने एक आदेश में कहा कि बेटियों को अपने पेरेंट्स से शिक्षा संबंधी खर्च मांगने का पूरा अधिकार है। जरूरत पड़ने पर माता-पिता को कानूनी तौर पर बाध्य किया जा सकता है कि वे बेटी की शिक्षा के लिए जरूरी रकम दें। कोर्ट ने यह आदेश 26 साल से अलग रह रहे दंपती के मामले में दिया। दंपती की बेटी आयरलैंड में पढ़ रही थी। पिता की तरफ से मां को दिए गए गुजारे भत्ते में बेटी की पढ़ाई के लिए 43 लाख रुपए थे, जिसे बेटी ने अपने आत्मसम्मान का हवाला का देते हुए लेने से इनकार कर दिया।



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- बेटी को ये पैसे रखने का अधिकार है। उसे यह पैसा अपनी मां या पिता को लौटाने की जरूरत नहीं है। वह जैसे चाहे इसे खर्च कर सकती है।

**पति-पत्नी के बीच 73 लाख रुपए का सेटलमेंट हुआ था:** 28 नवंबर 2024 को दंपती के बीच एक सेटलमेंट हुआ था, जिस पर बेटी ने भी साइन किया था। इस सेटलमेंट के तहत पति ने कुल मिलाकर 73 लाख रुपए अपनी पत्नी और बेटी को देने पर सहमति जताई थी। इसमें से 43 लाख रुपए बेटी की पढ़ाई के लिए थे। बाकी पत्नी के लिए थे। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को अपने हिस्से के 30 लाख रुपए मिल गए हैं और दोनों पार्टियां पिछले 26 साल से अलग रह रही हैं, ऐसे में कोई कारण नहीं बनता है कि आपसी सहमति से दोनों को तलाक न दिया जाए।

# कोसी पुलिस ने कार से जब्त की 17 पेटी हरियाणा मार्का अवैध शराब




**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** कोसीकलां पुलिस ने पुलिस चौकी कोटवन के सामने दिल्ली से आगरा लेन पर चैकिंग के दौरान कार से हरियाणा मार्का की 17 पेटी अवैध शराब बरामद की है। जबकि चालक भागने में सफल रहा है।

अजीत सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलाँ ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को लेकर चौकी कोटवन प्रभारी अरविन्द पूनिया दिल्ली से आगरा लेन पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच दिल्ली नम्बर डीएल1 सीआर 7099 की खड़ी नजर आई, जिसमें चालक मौजूद नहीं था, जब उसकी तलाशी ली गई तो उसमें गैर प्रान्त की 17 अदद पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्को 07 पेटी बार्कडी लेमेन (84 बोतल), 03 पेटी बार्कडी ब्लैक (36 बोतल), 04 पेटी ब्लेंडर प्राईड (48 बोतल), 03 पेटी मैजिक मुमेंट (36 बोतल) हरियाणा मार्का बरामद हुई। जब्त कार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जो लोग अपने माता-पिता और गुरु की इज्जत करते हैं, उन्हें यमराज के दूत भी छू नहीं सकते-सुप्रसिद्ध कथा वाचक



पारदी मोहल्ला शिंदे की छावनी में चल रही नो दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के नौवें दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित घनश्याम शास्त्री महाराज ने बताया कि मनुष्य अपने स्वार्थ और विकास के नाम पर प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है। यही कारण है कि मौसमों का संतुलन बिगड़ गया है। पृथ्वी पर पेड़, नदियां, और पर्वत जीवन के आधार हैं। अगर ये समाप्त हो गए तो जीवन असंभव हो जाएगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रकृति को संरक्षित करें। नीम का वृक्ष विशेष रूप से उपयोगी है। यह बीमारियों को दूर करने में सहायक होता है, इसलिए जिन घरों में बीमारियां अधिक होती हैं, उन्हें नीम के वृक्ष लगाने चाहिए। विल्व का वृक्ष, जिसे साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है, की पूजा करनी चाहिए। इसमें त्रिदेव ङ्क ब्रह्मा, विष्णु और महेश ङ्क का निवास होता है इस अवसर पर महंत नरेंद्र मिश्रा पप्पी महाराज कथा आयोजक सरिता विष्णु मिश्रा,शिम्पी पंडित , हरिओम शर्मा ने देवी भागवत महापुराण की ।

### जिला पंचायत सदस्य ने नगर परिषद मौ के सीओमो की कलेक्टर महोदय से की शिकायत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

नगर परिषद् मौ के द्वारा किटी मौ मार्ग पर कई महीनो से प्रतिदिन नगर का कचरा डाला जा रहा है, किटी मार्ग पर 24 घण्टे सैकड़ों वाहन,आम आदमी, स्कूली बच्चों का प्रतिदिन आना जाना होता है, नगर परिषद् मौ सीएमओ को कई बार इस संबंध में अवगत कराया गया,उसके बाबजूद कचरा डालना बन्द नहीं किया। सड़क किनारे इतनी गंदी बदबू आती है कि उस मार्ग से निकलना मुश्किल होता है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पलता डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने भिण्ड कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से अवगत कराया और कहा कि किटी मौ मार्ग पर नगर परिषद द्वारा कचरा डालना बन्द नहीं किया जाता,उसके उपरान्त ग्रामवासियों के साथ मार्ग अवरुद्ध किया जायेगा।

### मेले में पुरुष एवं महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगितायें 20 से



**ग्वालियर ।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले में इस वर्ष भी दंगल (कुश्ती) प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता 20 जनवरी से प्रारंभ होगी। कुश्ती प्रतियोगिता में जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगितायें वजन वर्ग के आधार पर आयोजित की जायेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण के माध्यम से किया जायेगा। कुश्ती प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के साथ-साथ महिला वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।

मेला सचिव टी आर रावत ने बताया कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी ग्वालियर व्यापार मेले में वृहद कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक पहलवान जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अपना पंजीयन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर मेले में आयोजित होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में जिले, संभाग के साथ-साथ प्रदेश भर के पहलवान अपनी जोर अजमाइश करने आते हैं। मेला सचिव रावत ने मेला परिसर में लगने वाले हाथ ठेला संचालक एवं फुटकर फड़ संचालकों को अपना व्यवसाय निर्धारित हॉकर्स जोन में करने की समझाइश भी दी है, ताकि मेले में आने वाले सैलानियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और अग्नि दुर्घटना की स्थिति में फायर ब्रिगेड का आवागमन निर्वाध रूप से हो सके।

# नशा मुक्त ग्वालियर अभियान को लेकर वर्चुअल बैठक संम्पन

## सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मैराथन दौड़ स्थल एवं मार्ग का जायजा लिया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर ।** नशा मुक्त ग्वालियर अभियान की गुरुवार को वर्चुअल बैठक संम्पन हुई। इस बैठक में 12 जनवरी को होने वाली मैराथन दौड़ के बारे में समीक्षा की गई। यह मैराथन दौड़ नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा के अनेकानेक संगठनों द्वारा आयोजित है। अभियान के निमित्त नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के मुख्य कार्यालय होटल प्रहलाद इन पड़ाव पर विभिन्न महाविद्यालयों के जनभागीदारी अध्यक्षों की बैठक भी संम्पन हुई। इस बैठक में वक्ताओं ने जनभागीदारी अध्यक्षों से आग्रह किया कि आपकी सक्रिय भागीदारी से अधिक से अधिक छात्र इस मैराथन मे भाग ले सकते है। शहर में नशा मुक्ति के समर्थन में एक अच्छा वातावरण निर्मित हुआ है। इस अभियान को लेकर जो मैराथन आयोजित की जा रही है, उसमें आपके महाविद्यालय के छात्रों की भागीदारी अधिक से अधिक संख्या में हो, यह मैराथन रविवार 12 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे जेसी मिल्स मैदान से प्रारंभ होकर हजीरा, किलागेट, सेवानगर, फूलबाग से होते हूए वीरागंना लक्ष्मीबाई समाधि पर संपन्न होगी। सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मैराथन दौड़ स्थल पर पहुच कर तैयारियों का जायजा लिया एवं अपने संगठन के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं बाद में मैराथन मार्ग का जायजा लिया। रॉक्सी पुल स्थित सारांश अकादमी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने नशामुक्ति अभियान के निमित मैराथन दौड़ के लिये अपना पंजीयन कराया।

**नशा मुक्त ग्वालियर अभियान के लिये सामाजिक संगठनों को शुभकामनाएं : महामंडलेश्वर श्री हरिगिर महाराज :-**

श्री 1008 संत सीरोमणि महामंडलेश्वर श्री हरिगिर महाराज ने अपने संदेश में कहा है कि इस नशा मुक्त ग्वालियर अभियान से प्राप्त संदेश अनुसार हमें राष्ट्र की सबसे घातक बुराई व्यसन से बचना है। ग्वालियर में कुछ सामाजिक संगठनों ने मैराथन के माध्यम से इस बुराई के खिलाफ शंखनाद किया है मै इन सामाजिक संगठनों को इस कार्य के लिये शुभकामनाएं देता हूं। मेरा इन संगठनों से आग्रह है कि नशा के विरुद्ध यह जन जागरण निरंतर जारी रखे जिससे ग्वालियर नशा मुक्त बन सकें। बता दें महामंडलेश्वर श्री हरिगिर महाराज नशा मुक्त समाज के लिये कई कार्यक्रम ग्रामीणों और शहरी क्षेत्रों में कर चुके है और अपने समाज सुधारक संदेशों से वह आमजन एवं भक्तगणों से व्यसन मुक्त रहने की अपील करते है।



**यह मैराथन अपने उद्देश्य में सफल होगी : सुमन गुर्जर :-**

पीटीएस पुलिस अधीक्षक तिघरा सुमन गुर्जर अपने संदेश में कहा कि नशामुक्ति अभियान द्वारा आयोजित यह मैराथन एक सकारात्मक पहल है जिसमें पूरा शहर सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। अपने ग्वालियर का युवा वर्ग नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा स्वयं के और समाज के निर्माण में लगाए। यह मैराथन अपने उदेश्य में सफल होगी यही मेरी शुभकामनाएं है।

**मैराथन मे भाग लेकर ग्वालियर को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें : अरूण कुशवाह :-**

भूल भुलैया 3 फिल्म के लोकप्रिय अभिनेता अरूण कुशवाह ने गुरुवार को अपने वीडियों संदेश मे 12 जनवरी युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा आयोजित, नशा मुक्त ग्वालियर अभियान द्वारा आयोजित मैराथन दौड़ के लिये आमजन से अपील की है वह अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और ग्वालियर को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से युवाओं मे जागरूकता आयेगी। शराब और ड्रग्स आपके अमूल्य जीवन, समाज, परिवार एवं आपके कॅरियर के खिलाफ है। व्यसन आपकी सोच को धीरे धीरे मंद करता है इसलिये स्वस्थ युवा, स्वस्थ समाज के लिये एवं व्यसन मुक्त ग्वालियर के लिये मैराथन में भाग ले।

# संविदा व ठेका कर्मचारियों के हितार्थ भर्ती प्रक्रिया में शिथिलता के लिए एक जंगी प्रदर्शन, ज्ञापन 12जनवरी को भोपाल में अम्बाह की नई कार्यकारिणी गठित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन





**अम्बाह।** इंटक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एल के दुबे जी के आह्वान पर मुरैना शाखा अध्यक्ष शैलेश गुप्ता कुचया ने बताया हाल ही में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है जिसमें ठेका व संविदा कर्मचारियों के किसी भी हित को और उनकी शिथिलता से कोई भी पद पर आरक्षण या बोनस अंक नहीं दिए गए हैं जबकि हमें सेवाकाल के अनुसार हमें हमारा अधिकार देना चाहिए, जिसमें सीपीसीटी में शिथिलता और पिछले भर्तियों की तरह आउटसोर्स कर्मी को 10 परसेंट बोनस अंक की मांग करते हुए आज अंबाह संभाग के समस्त विद्युत विभाग के आउटसोर्स कर्मियों और संविदा कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन जताया एवं भोपाल धरने का पोस्टर विमोचन किया, हम आपको बता दें 12 जनवरी को भोपाल के अंबेडकर पार्क में जंगी प्रदर्शन व शक्ति प्रदर्शन है जिसके माध्यम से संगठन के पदाधिकारी के द्वारा वहां पर सरकार के सामने मांग रखी जाएगी और ठेका , संविदा कर्मचारियों के साथ ज्ञापन सोपा जाएगा इसी के विरोध में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जगह-जगह हर डिवीजन, डीसी स्तर पर विरोध प्रदर्शन जताया जा रहा है जिससे कर्मचारियों के भविष्य को और ठेका कर्मचारियों के, बिजली कर्मचारियों को भर्ती प्रक्रिया में शिथिलता मिलें और वह भी नियमित कर्मचारी बन सके। मध्य प्रदेश संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक ग्वालियर के प्रदेश अध्यक्ष एल के दुबे जी ने शैलेष गुप्ता कुचया की अनुसंशा पर नारायण पारासर को अम्बाह अध्यक्ष एवं रज्जन तोमर को अम्बाह उपाध्यक्ष पद पर एवं भीमसेन तोमर को अंबाह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है इस अवसर पर कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी कार्यक्रम में पवन शुक्ला भीमसेन ,अमित सिंह धाकरे,रज्जन तोमर संदीप ,सतवीर, रामु, सर्वेंद्र, विस्नु, अरुण, माधव, अंकित, आशीष, ऋषि, अखिलेश, अंकुश दिवाकर, हरेंद्र, राहुल, सहित दर्जन भर कर्मि शामिल हुए।

# जिलाधीश के आदेश उपरांत रामनिवास सिंह सिकरवार ने अंबाह एसडीएम का पदभार संभाला

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अम्बाह।** नवागंतुक एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ज्ञात रहे कि रामनिवास सिंह सिकरवार को राजस्व विभाग तथा प्रशासन में कार्य करने का लंबा अनुभव है। मुरैना से स्थानांतरण के बाद वह अंबाह आये हैं। जिलाधिकारी ने श्री सिकरवार के लंबे प्रशासनिक अनुभव को मद्देनजर रखकर उन्हें एसडीएम अंबाह नियुक्त किया है। इससे पहले पदभार संभालने के उपरांत नव नियुक्त एसडीएम का कर्मचारियों ने मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि पीड़ितो के लिए प्रशासन के दरवाजे सदैव खुले रहेंगे उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक जरूरत मंद किसान को खाद की उपलब्धता के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। ज्ञात रहे कि जिलाधीश के निर्देश अनुसार रामनिवास सिकरवार को अंबाह एसडीएम पद पर पदस्थ किया गया है वही अंबाह में पदस्थ रहे एसडीएम अरविंद सिंह माहौर को सबलगढ़ एसडीएम बनाया गया है।

# विद्युत विभाग ने 12 लाख रुपए के बकाया कनेक्शन धारी 27 कनेक्शन को काटे गए

## 17 लोगों के विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए विद्युत वसूली एवं मीटर बदलने अभियान अब रहेगा लगातार जारी

**पोरसा।** दैनिक केशरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अंबाह डी ई रितेश श्रीवास्तव के आदेश पर आज विद्युत मंडल पोरसा के द्वारा तीन टीम बनाई गई जिसमें ए ई शिव सिंह चौबे, जे ई विवेक प्रताप सिंह भदोरिया, जेई आनंदीलाल अहिरवार साथ में सोनू सिंह तोमर, सुनील मांझी, राम प्रताप सिंह तोमर, जितेंद्र शर्मा, दीपक सोलंकी ,कृष्ण मुरारी श्रीवास, उदल सिंह कुशवाहा, देवेंद्र सिंह कुशवाहा, राहुल सिंह भदोरिया,अजीत बोहरे एवं अन्य स्टाफ के द्वारा आज गांधी नगर में विद्युत बिल बकाया धारको के यहां जाकर टोटल 12 लाख रुपए के बकाया राशि की 26 कनेक्शन धारी के कनेक्शन काटे गए जिनमें से तत्काल डेढ़ लाख रुपए जमा हुआ जिसपर एक दर्जन कनेक्शन धारी के कनेक्शन पुनः जोड़े गए तथा विद्युत चोरी कर रहे 17 लोगों के विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए साथ 57 खराब मीटर बदले गए । यह विद्युत बिल बकाया बसूली एवं मीटर बदलने का अभियान अब लगातार जारी रहेगा।



### पैदल जा रहे राहगीर से बाइक टकराने से बाइक सवार और राहगीर की गंभीर हालत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

**पोरसा।** नगरा थाना क्षेत्र के ढका गांव में घर के सामने से पैदल जा रहे आदिराम पुत्र पोखराम सखवार उम्र 50 वर्ष में अमोल पुरा गांव से नगरा की तरफ जा रहे बाइक सवार सोमित पुत्र बिजेंद्र राठौर उम्र 21 वर्ष की बाइक जा टकराई, जिससे बाइक सवार का सिर फटा और पैदल जा रहे राहगीर का पैर फैक्चर हुआ और चेहरे पर आई गंभीर चोट, दोनों घायल अवस्था में रोड़ पर पड़े, परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, नगरा थाना पुलिस दोनों घायलों को पोरसा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, डॉक्टरों ने दोनों का उपचार कर दोनों की गंभीर हालत होने पर जिलाअस्पताल मुरैना रैफर किया।

# घर घर जाकर कर वसूली करते सीएमओ नागर एवं दलकर्मी

## नगर परिषद सुसनेर द्वारा दल गठित कर घर घर जाकर की कर वसूली



सुसनेर नगर में नगर परिषद सुसनेर की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए नगर परिषद सीएमओ ओपी नागर के नेतृत्व में वसुली दल द्वारा घर-घर जाकर की वसुली की जा रही हैं। सीएमओ नागर द्वारा निकाय के विभिन्न मदों की वसूली के लिए प्रथक प्रथक दल गठित किए गए ।दल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में भवन स्वामियों से घर-घर संपर्क किया जाकर संपत्ति कर, समिति कर, समेकित कर तथा जलकर की वसूली की जा रही है। निकाय स्वामित्व की दुकानों के दुकान किराए की वसूली भी की जा रही है । गुरूवार इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 12 में आगर रोड स्थित भवनो पर भवन स्वामी से वसूली की गई। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओ पी नागर, राजस्व शाखा प्रभारी रामेश्वर माली, प्रभारी लेखपाल जमील उर रहमान, राजेश पवार , जगदीश माली उपस्थित थे। सीएमओ ओ पी नागर द्वारा नगरवासियों से समस्त कर एवं दुकान किराया जमा कर नगर परिषद को सहयोग दिए जाने की अपील की गई है।

# निगम मुख्यालय में व्यवस्थायें सुधारने के निगमायुक्त ने दिये निर्देश

## आगजनी की घटना में लापरवाही पर नोटिस जारी किये

**ग्वालियर।** निगम मुख्यालय पर विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर निगमायुक्त अमन वैष्णव ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगमायुक्त वैष्णव ने अपर आयुक्त मुनीश सिंह सिकरवार को निर्देशित किया कि निगम मुख्यालय में आगजनी की घटना को रोकने हेतु एक्सटिंग्यूशर सिलेंडर एवं फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग किए जाने का प्रशिक्षण निगम कर्मचारियों को दिए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपर आयुक्त अनिल कुमार दुबे को निर्देशित किया कि संबंल शाखा के कक्ष क्रमांक 7 में शेष अभिलेख को अभिरक्षा में लेकर उनका नियमानुसार निपटान किया जाने की कार्यवाही करें। साथ ही नोडल अधिकारी कम्प्यूटराइजेशन कार्तिक पटेल को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई कक्ष, संबंल शाखा एवं जनकल्याण कक्षों व प्रवेश द्वार पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाएं।

सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय भूतल में गत दिवस आगजनी की घटना घटित हुई थी। घटना की जांच किये जाने हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। जॉच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन उपरांत निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने सिटी मिशन मैनेजर संविदा संदीप राजपूत, सिटी मिशन मैनेजर संविदा वेद सिंह राजपूत, सहायक वर्ग-3 नोडल अधिकारी संबल विजय कुमार बरूआ, विनियमित कुशल कार्यरत डे एनयूएलएम विभाग दीपक झा, भृत्य कार्यरत संबल



श्रीमती कोमल पाल, विनियमित कुशल तत्कालीन कार्यरत संबल वर्तमान कार्यरत परिषद कार्यालय श्रीमती हीरा यादव को कार्य में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी। निगम आयुक्त अमन वैष्णव के जारी आदेशानुसार सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय भूतल में आगजनी की घटना घटित हुई। घटना की जांच किये जाने हेतु तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। जांच समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार आगजनी घटना के समय संबंल शाखा में कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था। जबकि आगजनी की घटना लगभग दोपहर 3 बजे कार्यालयीन समय में घटित हुई।

**राज सिक्योरिटी के कर्मचारियों को हटाया :** निगम मुख्यालय में आगजनी की घटना को निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने गंभीरता से लिया है। लापरवाही पर दोषी कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। वहीं सिक्योरिटी एजेंसी के कर्मचारियों को भी हटाने के आदेश जारी किये है। कार्य में लापरवाही पर संदीप शर्मा एवं कु. नीलम शर्मा की सेवाएं राज सिक्योरिटी फोर्स को वापिस की है। आगजनी के दौरान दोनों कर्मचारी अपनी डयूटी पर नहीं थे।

# ग्वालियर नशामुक्त हो, यही हम सबका प्रयास : पल्लवी राय

एबीवीटी सीडीएस ग्वालियर की उपनिदेशक पल्लवी राय ने युवा दिवस के उपलक्ष्य में हो रही मैराथन में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है उन्होने कहा कि हम सब प्रण लें कि समाज में बड़ रही इस कुरीति को खत्म करने में अपना हर संभव प्रयास करेंगे। हमारे प्रयास से कुछ जिंदगियां संवर जाएंगी एवं ग्वालियर नशामुक्त हो यही नशा मुक्त ग्वालियर अभियान का प्रयास है। ग्वालियर गौरव से सम्मानित आद्या दीक्षित ने मैराथन में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। ग्वालियर गौरव से सम्मानित आद्या दीक्षित ने भी एक वीडियों संदेश में 12 जनवरी को ग्वालियर में होने वाली मैराथन में आमजन खासकर युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है उन्होंने कहा कि भारत का युवा वर्तमान में नशे का आदी होकर डिप्रेशन का शिकार हो रहा है अतः युवाओं और आमजन को युवाओं के वर्तमान और भविष्य को बचाने के लिए नशे के खिलाफ खड़ा होना होगा तभी समाज नशे से मुक्त हो पाएगा।

**डॉ. वंदना प्रेमी ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की :** समाजसेवी डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने आज बालाजी दरवार , शिंदे की छावनी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रोताओं से व्यसन मुक्त रहने की अपील की एवं उपस्थित श्रोताओं से मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चला ऑपरेशन मुस्कान, परिजनों के चेहरों पर लौटाई मुस्कान

**अलग अलग रा'यों से 249 नाबालिग अपहृताओं को किया दस्तयाब**

**सीधी।** जिले से वर्ष 2024 में कुल 225 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जिसमें सें 216 प्रकरण की अपहृताओं को दस्तयाब किया गया साथ ही पूर्व के लंबित प्रकरणों की ×× गुम बालक बालिकाओं को विभिन्न रा'यों से दस्तयाब किया गया इस तरह कुल 249 गुम बालक बालिकाओं को दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया जो वर्ष 2024 में दर्ज प्रकरणों से 10.66 प्रतिशत अधिक है। नाबालिगो के दस्तयाबी अभियान के तहत जिले में लंबित कई वर्ष पुरानी अपहृताओं को भी पुलिस अलग अलग जगहो से दस्तयाब




की जिसमें कोतवाली में दर्ज अपराध 589/2014 की अपहृता को फाफामऊ प्रयागराज से, थाना जमोड़ी में दर्ज अपराध 280/2015 की अपहृता को मैहर से एवं कोतवाली मे दर्ज अपराध ××0/2017 की अपहृता को उ'जैन से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। बताया गया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में तथा थाना चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में सीधी पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार कुल 249 नाबालिग अपहृताओं को अलग अलग जगह गुजरात, मुंबई, जयपुर, पूणे, गोवा, हैदराबाद, मंद्रास इंदौर, बंगलौर, दिल्ली, दमनदीव इत्यादि जगहो से दस्तयाब कर वापस लाया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों कें सुपुर्द किया गया। उक्त अवधि में कुल 225 अपहरण के प्रकरण जिले में पंजीबद्ध किये गये थे जिस में सें कुल 216 नाबालिग अपहृताओं को बरामद किया जाकर उनको सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप कर परिजनों के चेहरे पर खुशियां वापस लौटाई गई। जिन मामलों में नाबालिगों ने अपने कथन में किसी के द्वारा बहला पुसलाकर ले जाने की जानकारी दी गई है उसमें आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# स्मार्ट मीटर से की छेड़छाड़ विभाग ने 27 हजार का ठोका जुर्माना

**दमोह।** शहर में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद भी बिजली चोरी पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। बुधवार शाम टंडन बगीचा क्षेत्र में एक स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ का संदेश बिजली अधिकारियों को मिला। तुरंत कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग की टीम उपभोक्ता के घर पहुंची और मामला दर्ज कर 27,242 रुपये का जुर्माना लगाया। बिजली कंपनी के अधीक्षण अभियंता एमएल साहू ने बताया कि टंडन बगीचा क्षेत्र में प्रदीप कुमार जैन के परिसर में लगे स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की सूचना प्राप्त हुई। कनिष्ठ अभियंता प्रदीप परिहार और लाइनमैन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया, जहां पाया गया कि स्मार्ट मीटर में अलग से लूप लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। मौके पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया



और बिजली आपूर्ति काट दी गई। साथ ही उपभोक्ता पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना दमोह में आवेदन दिया गया।अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर की तकनीक से छेड़छाड़ की घटनाओं का तुरंत पता चलता है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव होती है। हालांकि, यह घटनाएं अभी भी बिजली चोरी की समस्या को पूरी तरह खत्म करने में विफल रही हैं। दमोह जिले की जनपद पंचायत हटा के अध्यक्ष पद का चुनाव 10 जनवरी को बीआरसी भवन सभागार में होगा। सुबह 11 बजे से प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें 11.30 बजे तक सदस्यों की उपस्थिति दर्ज होगी। नामांकन पत्रों की प्रस्तुति 11.30 से 12.30 बजे तक और उनकी जांच 12.30 से 12.45 बजे तक होगी। मतदान दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक चलेगा और इसके तुरंत बाद परिणाम घोषित होंगे। गौरतलब है कि पूर्व जनपद अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल को कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद यह पद खाली हो गया था।

# किन्नर करेंगे नगर पालिका के बकायादारों से टैक्स की वसूली

**दमोह।** शादी, विवाह और बच्चों के जन्म होने पर लोगों के घर जाकर दुआएं देकर लोगों से शगुन लेने वाले किन्नर जल्द ही दमोह नगर पालिका के बड़े बकायादारों से टैक्स वसूलते दिखाई देंगे। राजस्व वसूली में नगर पालिका के कर्मचारी उतना टैक्स नहीं वसूल पा रहे, जितने की जरूरत है। इसे देखते हुए दमोह नगर पालिका यह नई कवायद शुरू करने जा रहा है। बता दें कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो अगले एक दो महीने में शहर में किन्नर टीम कर्मचारियों के साथ राजस्व वसूलते नजर आएगी। दरअसल, शहरी क्षेत्र में करीब 40 करोड़ से अधिक टैक्स (जल एवं भूमि कर) बकाया है। वसूली में नगर पालिका की राजस्व टीम को बकायादार उन्हें चक्कर कटवा रहे हैं, जिसे देखते हुए नपा अपने इस प्रयास से वसूली को प्रभावी




बनाने के साथ ही किन्नरों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करेगा।

नगर पालिका अपने क्षेत्र के 39 वार्डों में बकायादारों से टैक्स वसूली किन्नरों से कराएगी। टीम में अब तक नौ किन्नर (थर्ड जेंडर) चिह्नित भी हो चुके हैं। इन्हें राजस्व वसूली के लिए पालिका मानदेय या वसूली में प्रतिशत के आधार पर भुगतान करने की योजना बना रही है। हालांकि, इस काम में शुरुआती दौर में कुछ परेशानी यह भी आ सकती है कि किन्नर जब अपने प्रमुख काम से फ्री रहेंगे, तभी वह टैक्स वसूली में अपना पूरा योगदान दे सकते हैं। दमोह शहर में किन्नरों की संख्या करीब दस के आसपास है। नगर पालिका सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया, इस काम से किन्नरों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। वे समाज से जुड़ेंगे और नपा के राजस्व को भी बढ़ाने में मदद करेंगे। हम उन्हें नियमों पर कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित भी करेंगे। सीएमओ ने बताया कि दिव्यांग और महिला स्व सहायता समूहों को भी इसी प्रकार से कुछ काम में लिया जा रहा है।

## किशोर न्याय बोर्ड व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य नियुक्त

**हरदा।** महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा हरदा जिले के लिये बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति की गई है। समिति में अध्यक्ष श्रीमती भावना रावत तथा सदस्य श्री विक्रमादित्य टांक, श्रीमती स्वाति पाण्डेय, श्री प्रमोद पुरबिया, शिखा केशवरे शामिल है। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हरदा जिले के लिये किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के रूप में श्रीमती दीपा टांक व प्रेमनारायण पटेल को नियुक्त किया गया है। गुरूवार को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों तथा किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों ने जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय त्रिपाठी से भेंट कर पदभार ग्रहण किया।

# आग में झुलसी तीसरी बच्ची ने जबलपुर में तोड़ा दम, सीएम ने की चार-चार लाख देने की घोषणा

**दमोह।** दमोह जिले के हटा ब्लॉक में आने वाले मगरोन थाना क्षेत्र के बरोदा गांव में बुधवार शाम झोपड़ी में आग लगने से तीन बच्चियां झुलस गई थीं। दो की मौत जिला अस्पताल में गई थी और पांच माह की तीसरी बच्ची ने गुरुवार सुबह जबलपुर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। घटना पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चियों को चार-चार लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। जानकारी के मुताबिक खेत में बनी झोपड़ी में आग लगने के दौरान तीनों बच्चियां जानवी आदिवासी (5), कीर्ति आदिवासी (3) और पांच माह की हीर आदिवासी झोपड़ी में अंदर थी और माता पिता खेत में काम कर रहे थे। अचानक आग बढ़ने से बच्चियां झोपड़ी के बाहर नहीं निकल पाई और बुरी तरह झुलस गई थी। किसी



तरह आग बुझाकर तीनों बच्चियों को जिला अस्पताल लाया गया था जहां दो बच्चियों को डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था। पांच माह की मासूम हीर की हालत काफी नाजुक थी जिसे जबलपुर रेफर किया गया था।

बच्चियों के पिता गोविंद आदिवासी ने बताया कि वह सागर जिले की बंडा तहसील के तारौली गांव के रहने वाले हैं। इस साल उन्होंने हटा ब्लॉक के बरोदा गांव में खेती की सिंचाई का ठेका लिया है। अपने परिवार के साथ यहीं रह रहा हूं। शाम के समय वह खेत में प्याज की छिलाई कर रहा था। झोपड़ी में मेरी पत्नी और तीनों बेटियां मौजूद थीं। कुछ देर बाद मेरी पत्नी भी मेरे पास आ गई तभी झोपड़ी में आग लग गई। जब हमने पलट कर पीछे देखा तो झोपड़ी में चारों ओर आग लगी हुई थी।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पताः नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

दैनिक
# केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## संक्षिप्त समाचार

### हाड़ कांपने वाली ठंड, आम जनजीवन हुआ प्रभावित

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा मौसम के बदलाव के चलते वुधवार से ठंड कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है।इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। सर्दी ज्यादा होने से लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं।वहीं शाम होते ही लोग अपने काम जल्दी समाप्त कर घरों पर जा रहे हैं। शाम को बाजार मे नजर आने वाली चहल पहल भी रात आठ बजे ही कम हो जाती है। लोग सर्दी के चलते जल्दी ही रजाईयों में दुबकने लगे हैं। क्षेत्र एवं आसपास के समूचे क्षेत्र में इस समय कड़ाके की सर्दी का खासा असर होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित होकर लोगों की दिनचर्या बदल गई है। क्षेत्र में विगत तीन-चार दिनों से सर्दी के तेवर तीखे होने तथा शीतलहर का व्यापक कोहरे के असर होने से इस समय पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए लोग दिन भर ऊनी व गर्म लबादों में लदे रह कर दिन में धूप सेंक कर व अलाव जला कर सर्दी से बचाव के उपाय कर रहे है ।तथा पड़ रही तेज सर्दी के कारण लोगों की दिन चर्चाएं भी बदल गई है। शाम के समय बाजार जल्दी बन्द हो जाते है तथा लोग अपने घरों में दुबक कर सुबह देरी उठते है तथा बाजार देरी से खुलते है। सर्दी के कारण लोगों का खान पान भी बदल गया है। अचानक तेज ठंड बढने् से लोगो के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। वहीं निराश्रित मवेशियों की भी बुरी स्थिति बनीं हुई है।

### अरविंद तिवारी ने साइबर क्राइम जागरुकता अभियान रथ का हरि झंडी दिखाकर किया रवाना



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

आज निवाड़ी जिला मुख्यालय पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा एवं मध्य प्रदेश पुलिस के तत्वाधान में साइबर क्राइम फ्रोंट से बचने हेतु आज नगर के कुछ चिन्हित स्थानों पर जागरुकता अभियान रथ पहुंचकर लोगों को जागरुक किया और कुछ साइबर क्राइम फ्रोट से बचने के द्यद्गस्र के माध्यम से लोगों को समझाइश दी आपको बता दें जागरुकता अभियान रथ का मुख्य नगरपालिका अधिकारी अरविंद तिवारी ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद तिवारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक संतोष सिंह आयाम एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उमरिया जिले के पड़वार गांव में रेत ठेकेदार की गुंडागर्दी, ग्रामीणों पर हमला



अखण्ड प्रताप सिंह की रिपोर्ट केसरिया हिंदुस्तान

**मानपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरिया जिले की मानपुर तहसील के ग्राम और पोस्ट पड़वार में रेत ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार अवैध रेत उत्खनन कर रहे हैं। जब गांव के लोगों ने इसका विरोध किया और सवाल उठाया कि टीपी (ट्रांसपोर्ट परमिट) किसी अन्य क्षेत्र से कट रही है, लेकिन रेत कहीं और से निकाली जा रही है, तो ठेकेदार ने गुंडों के साथ मिलकर उन पर हमला करवा दिया। घटना के अनुसार, करीब 15 से 16 गाड़ियों, जिनमें बोलेरो और स्कॉर्पियो शामिल थीं, में आए लोगों ने ग्रामीणों को पीटा। हैरानी की बात यह है कि इस हमले में स्थानीय पुलिसकर्मियों की भी भूमिका होने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने न केवल उनकी बात को अनसुना किया, बल्कि खुद इस हिंसा में शामिल होकर पिटाई करवाई। ग्राम पड़वार, जो अमरपुर चौकी के अंतर्गत आता है, में इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस पूरी घटना के पीछे बाबा महाकाल मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी का नाम आ रहा है, जो कथित तौर पर अवैध रेत उत्खनन।

---

त्यागी ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीहोर पहुंचे

# धरातल पर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध महासभा : डॉ त्यागी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान, दिनेश चौरसिया

गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जेपी त्यागी का राष्ट्रीय भ्रमण मालवांचल के सीहोर से शुरू समाज जनो के बीच बोले मै आपका बेटा हूं और धरातल पर कार्य करने में विश्वास रखता हूं कौन क्या कह रहा है इसकी परवाह किए बगैर आप लोग मेरा साथ दीजिए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं धरातल पर कार्य करूंगा अभी तक 98 वर्षों में महासभा में क्या हुआ है इस पर बहुत अधिक चिंतन और चिंता करने की आवश्यकता नहीं है समाज ने जिस विश्वास के साथ मुझे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है मैं तन मन और धन से समाज के मांन और सम्मान को कायम रखूंगा यह बात लसूडिया परिहार सीहोर में नागरिक अभिनंदन और जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के पी त्यागी ने कहीं गौरतलव है डॉक्टर जेपी त्यागी अपनी टीम के साथ मालवांचल भ्रमण के दो दिवसीय दौरा पर निकले हैं इस संपूर्ण भ्रमण के दौरान आगरा के ब्लॉक प्रमुख श्रीकांत त्यागी पूर्व जिला परिषद सदस्य गिर्राज त्यागी



भिंड से युवा उत्साही बबलू त्यागी डॉक्टर धर्मेंद्र त्यागी पत्रकार भगवान सिंह त्यागी एच एल ग्रुप ऑफ़ एज्युकेशनल इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर एलएन त्यागी पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामावतार त्यागी , युवा नेता गिर्राज त्यागी आगरा उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और राजस्थान के लोग इसमें सम्मिलित रहे

विभिन्न जगहों पर सामाजिक एकता और सामाजिक उत्थान पर धरातलीय विचार विमर्श किया , मालवांचल की ओर से चंद्र प्रकाश त्यागी और चतुर नारायण शर्मा वरिष्ठ पत्रकार संजय त्यागी ने टीम का नेतृत्व किया, इस अवसर पर जगह-जगह पर सामाजिक बंधुओ का शाल श्रीफल और सफा बांधकर स्वागत और अभिनंदन किया गया किस प्रकार धरातल पर उतरकर समाज उत्थान एवं बेरोजगारी से जूझते हुए युवाओं को सहयोग किया जा सकता है महिला बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकना और विधवा विवाह करने पर गहनता से विचार विमर्श किया गया, इस अवसर पर भिंड से पधारे बबलू त्यागी विजय त्यागी ने संपूर्ण कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए मध्य प्रदेश के मालवांचल से नवीन कार्यों की शुरुआत करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार त्यागी, आगरा ने अपने अनुभवों को उपस्थित सभी लोगों के साथ साझा किया कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद एल एन त्यागी ने किया इस अवसर पर जितेंद्र त्यागी,अशोक त्यागी विनोद त्यागी, आदिम त्यागी महावीर त्यागी, मंगेश त्यागी,कमलेश त्यागी,चतुर नारायण त्यागी,चिंगु त्यागी आदि उपस्थित रहे।

---

# जलकर खाक हो गया आदिवासी युवक का आशियाना

महिला के द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाने के कारण जलकर खाक हुआ युवक का आशियाना

अखण्ड प्रताप सिंह। केसरिया हिंदुस्तान



**बरगवां।** मामला नगर परिषद बरगवां अमलाई की वार्ड क्रमांक 01 का आसपास रहने वाली आदिवासी जन समुदाय के लोगों के साथ सूत्र बतलाते हैं कि जहां जिस घर पर आग लगी इस आदिवासी के घर के बगल में एक महिला आदिवासी का घर है जिसके द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने का काम किया जाता है और उसे आदिवासी युवक का कहना है कि मेरे बगल में उसे महिला के द्वारा अपने उसे मकान में आग जलाकर शराब बनाया जा रहा था और उसे शराब के बन जाने के बाद जो की पेट्रोल के सामान आग में पड़ने पर काम करता है और हुआ भी वैसे जैसे ही वह महुआ का शराब आग में गिरा तो धीरे-धीरे चूल्हे में जलने वाली आज अचानक ज्वालामुखी की तरह धधक उठा और देखते ही देखते पल भर में राम नरेश बैगा और उसकी पत्नी चवन्नी बाई जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनका एक लड़का अपने परिवार के साथ उसे घर में रह रहा था जो जलकर खाक हो गया और आदिवासी युवक इस कड़ाके की ठंड में बेघर हो गया।धू-धू कर जल गया आदिवासी का आशियाना अचानक आग लगने से इस कड़ाकेदार ठंड के मौसम में आग की लपटे आसमान को छूती हुई नगर परिषद के दमकल गाड़ी के आने से पहले पूरा का पूरा मकान जलकर खाक हो गया। यह आगजनी की घटना दिनांक 08.01.2025 की रात्रि 8ः00 बजे से 8ः30 बजे तक की बताई जाती है नगर परिषद के फायर ब्रिगेड वाहन एवं कर्मचारियों के द्वारा आग को बुझाने के लिए भर्षक प्रयास किए गए किंतु सूचना के अभाव में लेट लतीफी की वजह से एक गरीब आदिवासी का आशियाना कुछ पलों में जलकर खाक हो गया। ज्वलंत आग की चपेट से आदिवासी युवक के आशियाने को ना तो नगर परिषद का दमकल बचा पाया और ना ही ओरिएंट पेपर मिल के द्वारा भेजी गई फायरफाइटर गाड़ी भी बचाने में नाकाम रही जिला प्रशासन एवं थाना चचाई पुलिस अगर उसे आदिवासी युवक के द्वारा अपनी फरियाद दर्ज कराई जाती है तो देखना यह है की थाना चचाई पुलिस किस प्रकार मामले की छानबीन करते हुए उक्त शराब बनाने वाली महिला क्या कार्यवाही करती है क्योंकि नगर परिषद में फरियाद लेकर गए युवक को बिना किसी कार्यवाही के ही बैरग वापस कर दिया गया।

---

# बिजौरी पाठक में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू

**हटा।** हटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिजौरी पाठक में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह हुआ ,जिसमे मुख्य अतिथि जे रूप में पटेरा मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह ,जिला पंचायत प्रतिनिधि शुभम पटेल ने रिविन काटकर शुभारंभ किया शुरुवात में भटिया, लुहारी की टीमों का शुभम पटेल ने टॉस उछाला जिसमे भटिया टीम ने टॉस जीता श्री राम लला क्रिकेट टीम भटिया के कप्तान चंदन सिंह ने पहले गेंदवाजी करने का फैसला लिया ,लुहारी क्रिकेट टीम ने पहले वेटिंग की जिसमे 12 ओवर में 9 विकेट पर 98 रन बनाए , जिसमे 3



विकेट पवन ने और 3 ही विकेट रामसिंग को भी मिले साथ ही 1, 1 रनआउट चंदन और पवन के द्वारा किया गया । अब भटिया की टीम को 99 का लक्ष्य मिला है , भटिया टीम ने ओपनर संजू सिंह और उज्जैन सिंह उतारा जिसमे पहली गेंद पर ही संजू सिंह ने 6 रन से शुरुवात की ,6 ओवर 4 गेंदों में भटिया टीम ने जीत हासिल की भटिया टीम के पावन सिंह रहे मेन ऑफ दा मैच पटेरा मंडल अध्यक्ष द्वारा पवन सिंह मेंन ऑफ दा मैच में सील दी गई

---

जनपद पंचायत हटा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन आज

# निर्वाचन आयोग ने राप्रसे (सेवानिवृत्त) राजासिंह परिहार को किया प्रेक्षक नियुक्त

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू

**दमोह/हटा।** जिले की जनपद पंचायत हटा के अध्यक्ष पद का निर्वाचन, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 10 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से नियत किया गया है। आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष वातावरण में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सम्पन्न कराए जाने हेतु राप्रसे (सेवानिवृत्त) राजासिंह परिहार को प्रेक्षक नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा राकेश सिंह मरकाम को पदाविहित किया है। जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की समय सारणी पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी की गई है। समय-सारणी अनुसार सदस्यों की उपस्थिति एवं निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देना प्रातः 11 बजे से 11ः30 बजे तक, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 11ः30 बजे से दोपहर 12ः30 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का समय दोपहर 12ः30 बजे से 12ः45 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की वापसी का समय दोपहर 12ः45 बजे से दोपहर 1 बजे तक, मतपत्र एवं मतदान की तैयारी करने का समय दोपहर 01 बजे से 1ः30 बजे तक, मतदान का समय दोपहर 1ः30 बजे से 2ः30 बजे तक एवं मतगणना एवं परिणाम की घोषणा मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जायेगी।

**निर्वाचन प्रक्रिया हेतु निर्देश :-**

समस्त जनपद सदस्य (जनपद हटा) अपने परिचय पत्र एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र सहित नियत समय पर उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइज का उपयोग निषेध है। निर्वाचन होने पर प्रत्येक जनपद सदस्य को एक मतपत्र दिया जाएगा, जो उस अभ्यर्थी के नाम के सामने गोल तीर वाली सील द्वारा चिन्ह लगायेगा। यदि कोई सदस्य निरक्षरता, अंधेपन या अन्य शारीरिक शिथिलता के कारण कोई मतदाता अपना मत अभिलिखित करने में असमर्थ हो तो पीठासीन अधिकारी ऐसे व्यक्ति को साथी, जो मतदाता का निकटतम पारिवारिक सदस्य हो, लाने की अनुज्ञा देगा जो अठारह वर्ष से कम आयु का नहीं होगा तथा मतदाता की ओर से तथा उसकी इच्छा के अनुसार मत देगा।

---


### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा गुरुवार को ग्राम डोभी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय अरविंद मीणा ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि महिलाओं बच्चों गरीबों व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए निशुल्क विधिक सहायता व सलाह का अधिकार प्रदान किया गया है। भारत के संविधान में जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संबंध में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया अपनाकर ही कार्रवाई का अधिकार है। इस अधिकार के तहत गरीब तबके के लोगों को गिरफ्तारी की दशा में अपनी पसंद के अधिवक्ता से सलाह प्राप्त करना गिरफ्तारी के 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि महिलाएं व 18 साल तक के बच्चे अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग जातीय हिसा बाढ भूकंप पीडित व्यक्ति मानव तस्करी से आहत शोषण या बेगार से पीडित औद्योगिक कामगार मानसिक रूप से अक्षम या दिव्यांग मुफ्त विधिक सहायता के हकदार हैं।

---

# वक्त गुरु सन्त उमाकान्त जी ने बताया इस नए वर्ष में बीमारियां ज़्यादा आएंगी



**(उज्जैन)।** विश्व विख्यात निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, वक्त गुरु परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने उज्जैन आश्रम पर नव वर्ष के अवसर पर दिए सतसंग संदेश में बताया कि ये पीलिया, लकवा, चिकनगुनिया, हार्ट अटैक जैसी बीमारियां इस वर्ष ज्यादा आएंगी। नई-नई बीमारियां इस वर्ष आएंगी। वर्ष 2024 के लिए भी बाबा जी ने 31 दिसम्बर 2023 को उज्जैन आश्रम पर दिए सतसंग में बताया था, कि 2023 से ज्यादा बीमारियां 2024 में आयेंगी, जो सत्य हुआ।

**सर्दी, ज़ुकाम, बुखार ही विकराल रूप ले लेगा :** संयम और नियम का पालन नहीं करने से ये बीमारियों का असर ज्यादा हो जाता है। बीमारियां तो आएंगी ही। जिन बीमारियों को लोग आज सामान्य समझते हैं, जैसे सर्दी, ज़ुकाम, बुखार, आदि यही बड़ा रूप ले लेगा। हल्का बुखार, ज्यादा हो जाएगा। जब ज़ुकाम बढ़ जायेगा, सांस लेना मुश्किल हो जाएगा। तब सांस लेने में मुश्किल हो जाएगी। इसलिए जो जितना शरीर से, ठंडी, गर्मी, मौसम के अचानक बदलावों को बर्दाश्त कर पाओ, तो करना। बाकी बचे रहना।

**इन बीमारियों से कैसे बचाव होगा ? :** जैसा वातावरण होता है, उसी व्यवस्था के अनुसार सभी को चलना होता है। जब आप इसी समाज में रहते हुए, इन चिकनी – चुपड़ी चीज़ों से परहेज़ करेंगे, तो इन बीमारियों से बचेंगे। लीवर में जब चिकनाहट ज़्यादा हो जाती है, तब पीलिया होता है। अधिक चिकनाहट से जब नली ब्लॉक हुई, और हार्ट अटैक हो गया। मीठी चीजों का प्रचलन आज बहुत बढ़ गया। हर चीज में लोग मीठा खाने लगे। पहले लोग गुड़ का सेवन करते थे, जो गुणकारी होता था। अब शुगर लोगों का बढ़ने लगा। जिसको मीठा अर्थात शुगर कहते हैं, यही शरीर का शुगर का स्तर बिगाड़ने लगी। इसलिए इस मिलावट के दौर में अपने बुद्धि और विवेक का इस्तेमाल करते हुए, शुद्ध चीजों को संयम और नियम का पालन करते हुए सेवन करने से बचाव होगा।

---

अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य अंजाम दे-संभागायुक्त डॉ. रावत

# सी.एम. हेल्पलाइन, राजस्व महाअभियान और मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की समीक्षा कर दिए गये अहम् दिशा-निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू

**दमोह।** संभागायुक्त सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों से कहा है सी एम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए, बिना वजह शिकायतों को फोर्स क्लोज ना करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा लोक सेवा गारंटी योजना तहत टाइम पर प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर प्राधिकृत अधिकारी पर दंड अधिरोपित करें। संभागायुक्त आज जिला कार्यालय सभा कक्ष में सी एम हेल्पलाइन और राजस्व महा अभियान की समीक्षा कर रहे थे।



इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, डिप्टी कमिश्नर विनय द्विवेदी, एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम सहित सभी संबंधित विभागो के अधिकारी मौजूद रहे। संभागायुक्त सागर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिले की विभागवार ग्रेडिंग का अवलोकन करते हुए कहा जो विभाग ग्रेड डी में है वह तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिवरों की समीक्षा भी की गई। संभागायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि इस अभियान के दौरान प्राप्त प्रकरणों का महा अभियान के दौरान 26 जनवरी तक निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग को पशुपालन एवं क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा गया की 31 मार्च का इंतजार ना करें, प्रकरण बैंकों में प्रेषित कर तत्काल तत्परता से निराकरण कराया जाए। इसी प्रकार हितग्राही मूलक अन्य विभागों की समीक्षा कर अभियान के दौरान ही प्रकरणों का बैंकों में प्रस्तुतीकरण और निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान शहरी क्षेत्र में भी चल रहे अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**आर.बी.सी. 6-4 के प्रकरणों की भी समीक्षा :** इस अवसर पर संभागायुक्त ने आरबीसी 6-4 के तहत जिले के सभी तहसीलों में आर.बी.सी.6-4 लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे, अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य अंजाम दें। उन्होंने सर्पदंश के लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

---

# अपने कार्य को ही अपनी अभिरुचि बनाएं, सकारात्मक सोच रखे- एसडीएम कुक्षी श्री धाकड़

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

**धार।** 9 जनवरी जिले में आनंद विभाग द्वारा शासन निर्देश अनुसार शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि एवं सकारात्मक भाव लाने तथा कार्यस्थान पर तनाव मुक्त कार्य करने हेतु अल्पविराम कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में बुधवार को कुक्षी में अल्पविराम कार्यषाला का शुभारंभ एसडीएम कुक्षी विशाल धाकड ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुक्षी लखन सिंह सिसोदिया, राजेश्वरी पटेल, हंसा चौहान, सहदेव मोरे, चेतन सिसोदिया, सीताराम दरबार, अनीता चौहान उपस्थित थे। कार्यषाला में जिला संपर्क व्यक्ति दिनेश कश्यप द्वारा आनंद कब बढ़ता है, आनंद कब काम आता है, इसके उदाहरण सभी प्रतिभागियों से दो समूह बनवाकर ताली बजवाकर उसकी अनुभूति करवाई। संस्थान का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाई गई जा रही विभिन्न गतिविधियों को मास्टर ट्रेनर केबी मानसरे ने प्रोजेक्टर की सहायता से आनंद सभा, आनंद अल्पविराम, आनंदम केंद्र, आनंद ग्राम, आनंद क्लब आदि सहित आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु, कर्नाटक, इशा फाऊंडेशन कोयंबटूर, तमिलनाडु, इनीशिएटिव का चेंज पंचगनी महाराष्ट्र एवं हार्टफुलनेस हैदराबाद, आंध्र प्रदेश में चार-चार दिवसीय आनंद शिविर एवं आनंद के लिए हैप्पीनेस फेलोशिप के प्रावधान आदि के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर फर्कले ने जीवन का लेखा-जोखा सत्र लिया। इस दौरान तालियों से गूंज उठा। आपने चर्चा करते हुए कहा कि जब हम किसी की मदद करते हैं तो हम उसे लंबे समय तक याद रखते हैं परंतु जब हमारी कोई मदद करता है तो हम शीघ्र ही भूल जाते हैं।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शुक्रवार, 10 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



## संक्षिप्त समाचार

### नववर्ष के प्रथम रविवार को श्री चित्रगुप्त भगवान की महाआरती संपन्न

राजेंद्र खरे कटनी


नूतन वर्ष 2025 के प्रथम रविवार को बग्गा बाबा की तलैया स्थित श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर में परमपिता आराध्य सृष्टि के न्यायाधीश भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महाआरती की गईं समग्र कायस्थ समाज के अध्यक्ष अशोक खरे के सौजन्य से महा आरती का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर मंदिर में प्रदीप खरे, संजीव खरे विलास श्रीवास्तव, ओ. पी. भटनागर, विपिन सक्सेना, दीपक माथुर, के. सी. खरे, डॉक्टर अखिलेश श्रीवास्तव,एडवोकेट सुनील खरे, शोभित खरे, श्रीमती आशा खरे, निशा श्रीवास्तव, अभिलाषा सक्सेना, नीतू माथुर प्रीति श्रीवास्तव, वेदिका सक्सेना, अल्पना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में चित्रांश एवं चित्रांशियों की उपस्थिति रही महाआरती को स्वरबद्ध आलोक श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### शहर में कल तीन घंटे बिजली सप्लाय रहेगा बंद

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** शहर वितरण केंद्र के तहत आने वाले 33/11 केव्ही सनावद शहर सब स्टेशन व 33/11 केव्ही रेस्ट हाउस सब स्टेशन पर टीएसजी उपसंभाग सनावद द्वारा 11 जनवरी को मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। शहरी एई अमित ठाकुर ने बताया मेंटनेंस के चलते सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पूरे शहर में बिजली सप्लाय बंद रहेगी।

### भगवान पारसनाथ की प्रतिमा खंडित करने को लेकर जैन समाज में रोष



**दमोह।** दमोह के डूमर गांव में भगवान पारसनाथ की प्रतिमा को खंडित करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर गुरुवार को सकल जैन समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। बता दें तीन दिन पहले जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में आने वाले डूमर गांव के प्राचीन जैन मंदिर में अज्ञात चोरों ने प्रतिमा चोरी कर एक प्रतिमा को खंडित किया था। जैन समाज की मांग है कि ऐसे असामाजिक तत्वों को पुलिस तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें, ताकि दोबारा ऐसी कोई भी घटना समाज में न हो।

डूमरगांव के जैन मंदिर में अज्ञात चोरों ने 200 ग्राम सोने की जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा, चांदी के छत्र और दान पेटी चोरी कर ली थी। इसके अलावा संगमरमर की भगवान पारसनाथ की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था। पुलिस और एफएसएल टीम ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। घटना के बाद से जैन समाज के लोगों में काफी नाराजगी है। गुरुवार को ज्ञापन देने पहुंचे जैन समाज के सैकड़ों लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग की है कि मंदिर में चोरी कर प्रतिमा को खंडित करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी घटना की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले में जैन समाज के लोगों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। पुलिस इस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं।

दूसरी ओर पटेरा थाना के कोटा गांव में 20 दिन पहले असमाजिक तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ दी थी, जिसके बाद गांव में तनाव के हालात हो गए थे। पूरे जिले में लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। लेकिन इस मामले में भी आरोपी अभी तक नहीं पकड़े गए।

# अभिषेक बने एबीवीपी के तीन तहसीलों के संयोजक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, निलेश मेहता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नागदा भाग में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। हाल ही में उज्जैन विभाग का विभाग अभ्यास वर्ग उज्जैन ग्रामीण के खाचरोद में आयोजित किया गया। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में एबीवीपी के जिला और विभागीय पदाधिकारियों ने भाग लिया और संगठन के विस्तार एवं आगामी कार्यों पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित मालवा प्रांत मंत्री दर्शन कहर विभाग संगठन मंत्री पीयूष सोनी,एवं उदित पाराशर, विभाग संयोजक अर्जुन यादव, जिला प्रमुख कृष्णपाल सिंह नरूका, जिला विस्तारक अक्षत जोशी और जिला संयोजक मेहुल शर्मा ने संगठन के कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इस दौरान एक प्रमुख घोषणा की गई। जिसके तहत नागदा नगर के अभिषेक पोरवाल को एबीवीपी के नागदा भाग के तहत तीन तहसीलों नागदा, खाचरोद,उन्हेल का तहसील संयोजक नियुक्त किया गया। अभिषेक पोरवाल की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का ऐलान होते ही नागदा में एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों के बीच खुशी का माहौल बन गया। पोरवाल की नियुक्ति से नागदा क्षेत्र में छात्र राजनीति को नई दिशा मिलेगी। और उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी।



पोरवाल के नियुक्त होने पर उनकी नियुक्ति से एबीवीपी की कार्यशक्ति और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी। एबीवीपी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता भी इस नियुक्ति को संगठन के भविष्य के लिए शुभ मान रहे हैं। वहीं आने वाले दिनों में पोरवाल ने यह स्पष्ट किया कि वे अपने कार्यकाल में नागदा क्षेत्र के छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता देंगे और एबीवीपी की विचारधारा को फैलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के साथ मिलकर वे अपने क्षेत्र में छात्रों के मुद्दों को उठाएंगे और उनके लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार करेंगे। इस अवसर पर एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। जिन्होंने इस नियुक्ति की सराहना की और उम्मीद जताई कि पोरवाल के नेतृत्व में नागदा में एबीवीपी की शक्ति और प्रभाव और बढ़ेगा।

विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी सहित उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया। बधाई देने वालों में उनके परिजन ईष्टमित्र और अन्य एबीवीपी कार्यकर्ता शामिल थे जिन्होंने उनके लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। पोरवाल ने इस सम्मान और जिम्मेदारी को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और छात्रों के हित में काम करने का संकल्प लिया। इस नियुक्ति को लेकर एबीवीपी के अन्य नेताओं का कहना है अभिषेक पोरवाल संगठन के लिए एक सक्रिय और उत्साही सदस्य है और उनकी नियुक्ति से एबीवीपी की कार्य शक्ति और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी होगी 7 जिले की अन्य घोषणाएं कुछ इस प्रकार है जिला एसएफडी टोली में मोइन कुरैशी, जिला एसएफएस टोली में आदित्य सूर्यवंशी एवं जिला सोशल मीडिया टोली में निखिल परिहार को नियुक्त किया गया।

### मुख्यमंत्री ने घटी घटना को दुखद माना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल

**हटा।** ग्राम बरोदा कला में एक मजदूर परिवार की झोपड़ी में आग लगने की घटना पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मृतकों बच्चियों के परिजनों के लिए ?4-4 लाख और गंभीर घायल बच्ची हेतु नियमानुसार आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश भगवान दिवंगत बच्चियों की पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें- मुख्यमंत्री डॉ यादव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा दमोह जिले के ग्राम बरोदा कला में एक मजदूर परिवार की झोपड़ी में आग लगने की वजह से आग की चपेट में आकर एक ही परिवार की दो मासूम बच्चियों के असमय काल कवलित होने एवं एक बच्ची के गंभीर रूप से जलने का समाचार हृदय विदारक है।

# मकान में लगी आग, मकान के साथ कागजात एवं सामन जल के राख

### सांसद विवेक बंटी साहू ने दस हजार रुपए की दी मदद

धनंजय वडसमुद्रकरजोशी

**छिंदवाड़ा ( दैनिक केसरिया हिंदुस्तान )।** जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत तहसील परासिया में दिन बुधवार को वार्ड नंबर 12 में एक घर में अचानक आग लग गई, आग इतनी तेजी से लगी कि आसपास के घर में रह रहे लोग उसको बुझा भी नहीं पाए जिसके जलते पूरा घर जल के राख हो गया और घर में रखा सामान भी खाक हो गया। उस घर में छाया आम्रवंशी किराए के मकान में रहती हे तथा ऑनलाइन की दुकान पर काम करती है और पेंचवेली कॉलेज में नियमित छात्रा है । बुधवार को सुबह लगभग 11 बजे छाया जब नहाने के लिए गई तब अचानक उसके घर में आग



लग गई। आसपास के लोगों ने जैसी धुआं उठते देखा सब दौड़ पड़े तब तक देर हो चुकी थी और मकान में आग व्यापक रूप से पकड़ ली किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया गया जिसकी तत्काल सूचना नगर पालिका को दी गई, नगर पालिका परासिया के लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी को जैसे ही घटना की जानकारी वार्ड वासियों के द्वारा दी गई तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और पवन सूर्यवंशी ने नगर पालिका की फायर बिग्रेड बुलाकर स्थानीय व्यक्तियों के साथ आग बुझाई। लेकिन तब तक छाया के घर में रखा सारा गृहस्ती का सामान जल कर राख हो गया था एवं जरूरी दस्तावेज भी आग में जल गए। पूर्ण घटना की जानकारी जिले के सांसद विवेक बंटी साहू जी को दी गई। उन्होंने घटना की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पीड़िता को के लिए 10000 की नगद राशि सहायता के रूप में पहुंचाई। राशि देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री परमजीत सिंह विज नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी सभापति पवन सूर्यवंशी सभापति आशीष जायसवाल सभापति सुषमा चौरसिया बूथ अध्यक्ष राजेंद्र रहवानी उपस्थित हुए ।और पीड़िता को आश्वाशन भी दिया कि ओर जो भी संभव मदद समाज से ओर जनप्रतिनिधियों के द्वारा हो सकेगी हर संभव मदद करेंगे।

# पत्रकार पर झूठी एफआईआर दर्ज होने से नाराज पत्रकार हुए लाम बंद

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला शाजापुर मुकेश पांचाल



**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला संयुक्त सचिव मनीष पटेल पर शुजालपुर मंडी पुलिस द्वारा बिना जांच पड़ताल के प्राथमिकी दर्ज करने से नाराज मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मंडी पुलिस थाने पर विरोध प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन एसडीओपी पिंटू कुमार बघेल को सोपा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि 11 जनवरी दोपहर तक मामले में खातमा नहीं लगाया गया तो आगामी 12 जनवरी को कालापीपल में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम का बहिष्कार जिले के समस्त पत्रकारों द्वारा किया जाने की चेतावनी दी है साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना चिंटू ने बताया कि पत्रकारों के खिलाफ पुलिस द्वारा अपनाए जा रहे दोहरे रवैया से जिले के पत्रकारों में रोष है, पुलिस के खिलाफ मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ जिले में आंदोलन करेगा।

# बैंक खाते से फर्जी तरीके से आहरण की गई राशि को वापस कराने लखनादौन थाना पहुंच समूह के सभी सदस्यों द्वारा दिया गया थाना प्रभारी को दिया आवेदन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लखनादौन, कामता पटेल की खास खबर

लक्ष्मी आजीविका स्वसहायता समूह नजरगढ़ के खाता से निकले 1लाख 50 हज़ार रुपया सिवनी तहसील लखनादौन के अंतर्गत ग्राम नजरगढ़ की गरीब आदिवासी महिलाओं ने मध्य प्रदेश शासन की योजना के तहत 12 महिलाओं ने लक्ष्मी आजीविका स्वसहायता समूह बनाया था जिसमें अध्यक्ष प्रेमा बाई पंद्रे सचिव श्यामबती उईके के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक लखनादौन मै खाता खुलवाया गया था जिसमें हर सप्ताह दस दस रुपया जोड़ कर सभी महिलाओं का पैसा समूह के अध्यक्ष सचिव के द्वारा बैंक मै जमा किया जाता था 6 महीने 1 साल बाद मध्य प्रदेश शासन द्वारा सभी महिलाओं के नाम से खाते में मध्य प्रदेश शासन द्वारा पैसा मिलता है राशि खाते में जमा हो जाती है और जिस समूह की महिला को जरूरत पड़ती है तो उस हिसाब से निकाला भी जाता है बैंक से पैसा निकालने के लिए समूह की सभी महिलाएं बैठक लेकर कितना पैसा



निकालना है उस संबंध में प्रस्ताव बनाया जाता है फिर बैंक मै आकर विड्रॉल मै पैसा भर कर सचिव अध्यक्ष की सील हस्ताक्षर लगा कर प्रस्ताव के साथ दिया जाता है तब पैसा निकलता है परंतु लक्ष्मी अजीविका स्व सहायता समूह नजरगढ़ का खाता क्रमांक 40463596755 है इस खाते से अलग अलग दिनांक से फर्जी तरीका से पैसा निकाला गया है दिनांक 01/10/2024 को 53, 000हजार रुपया दिनांक 30/10/2024 को 2000 हजार रुपया दिनांक 2/11/2024 को 50,000 हजार रुपया दिनांक 2/12/2024। को 45,000 हज़ार रुपया निकाला गया इस प्रकार कुल राशि एक लाख पचास हजार रुपया राशि निकाली गई इस राशि को लक्ष्मी स्वसहायता समूह की अध्यक्ष सचिव ने नहीं निकाली है जब उनको इस पैसा निकलने के संबंध में जानकारी मिली तो उन्होंने बैंक से स्टेटमेंट निकलवाया और बैंक में मैनेजर एवं कर्मचारियों से इस संबंध में बातचीत की लेकिन बैंक मैनेजर द्वारा कुछ बोलने बताने को तैयार नहीं है गरीब आदिवासी महिलाएं परेशान होकर आज लखनादौन थाने मै सभी महिलाएं एकत्रित होकर लिखित आवेदन थाना प्रभारी के, पी धुर्वे को दिए और सामने से अपनी पूरी परिबीती थाना प्रभारी को सुनाई

**इनका कहना :-**

मेरे पास आज लक्ष्मी स्वसहायता अजीविका समूह की सभी महिलाओं द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है मेरे द्वारा जल्द से जल्द बैंक मैनेजर को इस संबंध में नोटिस जारी कर जानकारी ली जायेगी।

**के. पी. धुर्वे थाना प्रभारी लखनादौन।**

# अनुभूति कैंप के माध्यम से छात्रों ने जंगल की अनुभूति

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

सिलवानी वन विभाग द्वारा जमुनिया माध्यमिक शाला के छात्रों को जमुनिया घाटी में स्थित कैंप में छात्रों को जंगल का भ्रमण कराया गया और कई प्रतियोगिताएं रखी गई उन प्रतियोगिताओं में प्राकृतिक परंपराओं का निर्वाहन किया गया। सिलवानी नगर की शासकीय अधिकारियों ने एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखें और कहा कि जंगल की सुरक्षा की जाए जिस जंगल की जड़ी बूटियां एवं प्राकृतिक संपदाओं का बचाव हो जिससे हमारी प्रकृति पर कोई दुष्प्रभाव ना हो। जंगल से हमें शुद्ध हवा मिलती है और पानी प्राप्त होता है जंगल रहेंगे तो पानी रहेगा और हवा रहेगी यह दोनों ही मानव जीवन को एवं



प्रकृति के जीव जंतुओं को जिंदा रखती हैं। वक्ताओ में अनुविभागीय अधिकारी पीसी शाक्य एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनिल मौर्य टीआई जे पी त्रिपाठी स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर पटेल, श्याम साहू ,आदित्य रघुवंशी, विभोर नायक, श्रीराम सेन आदि भक्तों ने प्रकृति के संरक्षण के लिए अपनी-अपनी बात रखी। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं हुई जिम बच्चों ने भाग लिया प्रश्नोत्तरी में पवन गौर प्रथम स्थान ,निलेश धुर्वेद द्वितीय स्थान ,कुमारी प्रियंका शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया । चित्रकला में ऋषिका साहू प्रथम स्थान, नीतू दीवार द्वितीय स्थान, प्रियांशु तृतीय स्थान निबंध प्रतियोगिता। नेहा अहिरवार प्रथम स्थान, आकांश राय द्वितीय स्थान ,ललित बंसल तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई वही उज्जवल भविष्य की सभी जनप्रतिनिधियों ने कामना की। प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ को रोपो लगाने की बात भी सामने आई और लोगों ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी इस प्रस्ताव को राज्य सरकार भेजें और हमारे सत्ताशाही जनप्रतिनिधि उसमें मदद करें जिससे सिलवानी का एक अच्छा पर्यटन स्थल वने। वन विभाग के अधिकारियों में रेंजर महेन्द्र पालेचा के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का आभार माना और स्कूल के छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम का संचालन वनरक्षक हरिनारायण कुशवाहा ने किया।

# नव वर्ष, सकारात्मक संकल्पों के साथ प्रारंभ हो : देवेंद्र पटेल

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

सिलवानी शिवलोक कॉलोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र मे ब्रह्माकुमारी द्वारा सिलवानी में सकारात्मक परिवर्तन के अंतर्गत नव वर्ष पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल कार्यक्रम में शामिल हुए पटेल द्वारा सर्वप्रथम भगवान शिव की पूजा अर्चना कर ब्रह्म कुमारी आश्रम में सभी भाई बहनों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी ब्रह्माकुमारी आश्रम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने जीवन को सकारात्मक सात्विक और संस्कारवान वनाना चाहिए जिससे कि हम अपने जीवन में परमार्थ के पथ पर काम करते हुए अपने जीवन को सफल बना सके श्री पटेल ने कहा कि हमें हमेशा व्यक्ति को सात्विक आहार करना चाहिए जिससे कि हमारे अन्दर अच्छे संस्कारों का उद्गम हो सके सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मोहिनी दीदी ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक परिवर्तन हमें नया वर्ष मनाने की प्रेरणा देता है जिस प्रकार वीडियो रिकॉर्डिंग के समय सभी का ध्यान अपने ऊपर होता है ठीक उसी प्रकार जीवन में भगवान के द्वारा हमारे कर्मों की रिकॉर्डिंग हर पल होती है फिर चाहे कर्म मनुष्य अच्छा हो या बुरा हो मनुष्य जैसा कर्म करता हैं

# नर्मदा के मध्य स्थित काकरिया गाँव के गंगातखेडी महादेव मंदिर श्रद्धालुओ को कर रहा आकर्षित

### खरगोन जिले में एक ऐसा शिव मंदिर है जिसके शिवलिंग का नर्मदा नदी स्वयं जलाभिषेक करती हैं

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में एक ऐसा शिव मंदिर है जिसके शिवलिंग का नर्मदा नदी स्वयं जलाभिषेक करती हैं। नर्मदा के मध्य स्थित इस मंदिर में श्रद्धालु नाव से पहुचते है। नदी का पानी के ज्यादा होने से यह मंदिर डूब जाता है यह मंदिर खरगोन जिले के सनावद से 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम काकरिया में स्थित है इसे गंगातखेडी महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। ऐसा बताया जाता है कि गंगातखेडी महादेव मंदिर बहुत ही पुराना है लेकिन यह मंदिर कितना पुराना है, इस बारे में कोई ठोस आंकड़ा मौजूद नहीं है। यह मंदिर कलात्मक सौन्दर्य तथा वास्तुशास्त्र से परिपूर्ण है। इस मंदिर के मध्य कुंड के अन्दर जल में शिवलिंग स्थापित है। लगातार कई वर्षो से पानी में होने के उपरांत भी मंदिर सुरक्षित व मजबूत है। यहां का शिव मंदिर अपने आप में अनोखा है। हजारो साल पहले बना यह मंदिर छत विहीन है। छत विहीन होने के बावजूद मंदिर की भव्यता लोगों को सहज ही आकर्षित कर लेती है ऐसा माना जाता है कि भगवान शंकर इस जगह खुले में ही रहना पसंद करते हैं। नर्मदा नदी के मध्य स्थित इस मंदिर के चारों तरफ पानी है जो इस जगह को और भी अधिक आकर्षक बनाती है।मान्यता है कि इस स्थान पर सप्तऋषियो ने तपस्या किया था और भगवान त्रिदेव को भोजन पर आमंत्रित किया और ऋषियों की परीक्षा लेने के लिए भगवान ब्रह्मा, विष्णु महेश भेष बदलकर उपस्थित होकर अपनी



अपनी मांग राखी थी जिसमे प्रथम गंगा में स्नान करने को कहा तो सप्त ऋषि ने उस स्थान पर गंगा को प्रकट किया आज भी मंदिर के एक और विपरीत दिशा में जल प्रवाह करता है इस स्थान पर गंगा जल का कुंड है जंहा दुबकी लगाकर पानी में देखने पर सिक्के व हीरे दिखाई देते है मगर उन्हें बहार निकलने पर सिर्फ कंकर-पत्थर ही हाथ आते है। दूसरी मांग हजारो शिवलिंग की पूजा करने की राखी सप्त ऋषियों ने हजारो शिवलिंग उस स्थान पर प्रकट कर दिया आज भी उस स्थान के उत्तर तट पर जल में हजारो शिवलिंग है और तीसरी मांग खारे पानी का पान करने की राखी तो ऋषियों ने उस स्थान के पास खारा पानी प्रकट किया। आज भी मंदिर के समीप खारवा स्थान पर खारा पानी है 7 इस मंदिर का विवरण नर्मदा पुराण में भी दिया गया है। सांसद समन्वयक रमेश बिरला ने बताया कि माँ नर्मदा के मध्य स्थित गंगातखेडी महादेव मंदिर पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु अपने कष्ट-थकान को भूलकर बाबा महादेव सहित माँ नर्मदा के दर्शन के साथ-साथ प्रकृति की इस मनोरम छटा का आनंद लेते हैं। यह मंदिर निमाड़ की प्राचीन संस्कृति का परिचय देती है और वैसे तो इस मंदिर में सदैव ही भक्तों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन सावन के महीने में इसका नजारा बेहद ही खास हो जाता है। गंगातखेडी महादेव मंदिर हमारी संस्कृति का हिस्सा है इस दौरान रमेश बिरला पंडित शुभम शर्मा,राजू वर्मा, मुकेश पटेल अमर केवट,गुरूदयाल सेजगायां ने शिवलिंग पर जलाभिषेक पूजन अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

# नर्मदापुरम जिले में राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत ऐतिहासिक सीमांकन संपन्न हुआ

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत एक ऐतिहासिक सीमांकन संपन्न हुआ। नर्मदापुरम जिले के ग्राम रायपुर में लंबे समय से विवादित 60 एकड़ भूमि का सीमांकन राजस्व अमले द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सीमांकन कार्य के लिए गठित विशेष दल ने अथक प्रयास कर आवेदक श्री राकेश फौजदार एवं श्री कपिल फौजदार के सहयोग से सफलतापूर्वक सीमांकन का कार्य किया। सीमांकन का कार्य राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत जिले का अब तक का सबसे बड़ा 60 एकड़ के रकबा के सीमांकन का माना जा रहा है। इस चुनौती पूर्ण कार्य को अंजाम देने के लिए अनुविभागीय अधिकारी नर्मदा पुरम ग्रामीण के निर्देश में विशेष दल का गठन किया गया था। जिसमें तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव, नायब तहसीलदार श्रीमती दीप्ति चौधरी, दल प्रभारी श्री दिनेश प्रधान, आर आई श्री संतोष मंडलोई, पटवारी एवं टीएसएम मशीन ऑपरेटर श्री सिराज मंसूरी खान के प्रयासों से सीमांकन का कार्य संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय की आवेदक श्री राकेश फौजदार और श्री कपिल फौजदार ने सीमांकन कार्य करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदक श्री राकेश फौजदार एवं श्री कपिल फौजदार ने सीमांकन प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देकर कार्य को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि 60 एकड़ भूमि का रकबा सबसे विवादित रकबा था। जिसके सीमांकन के लिए टीएसएम तकनीक का उपयोग किया गया। सीमांकन कार्य में उच्चतम सटीकता सुनिश्चित करने के लिए टीएस एम मशीन का कुशलता पूर्वक उपयोग किया गया। सीमांकन से जुड़े विवादों का निपटारा होने से रायपुर के ग्रामीणों में भी खुशी और संतोष का माहौल है। संयुक्त कलेक्टर श्री अनिल जैन ने बताया कि यह सीमांकन कार्य अपने आप में एक चुनौती था। जिसमें सटीक मापन, सही दस्तावेजों का मिलान और तकनीकी दक्षता की आवश्यकता थी। सीमांकन दल और आवेदकों ने कठिन भूभाग और अन्य चुनौतियों के बावजूद अत्यधिक समर्पण और सहयोग के साथ इस जटिल कार्य को संपन्न कराया। यह कार्य केवल नर्मदा पुरम जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत इस तरह के बड़े और विवादित रकबो के समाधान ने प्रशासन की क्षमता और दक्षता को भी उजागर किया है। जिला प्रशासन और अनुविभागीय अधिकारी के इस कार्य में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों और आवेदकों श्री राकेश फौजदार एवं श्री कपिल फौजदार की सराहना की जिन्होंने इस ऐतिहासिक कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया जो इस कार्य को संपन्न कराने में एक अहम कड़ी साबित हुए। नर्मदापुरम का यह ऐतिहासिक सीमांकन कार्य राजस्व प्रशासन और आवेदकों के सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। जिसकी चारों ओर सराहना की जा रही है।

## हाईकोर्ट में थानों से मंदिर हटाने वाली याचिका खारिज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य के थानों में बने मंदिरों को हटाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जबलपुर निवासी अधिवक्ता ओपी यादव ने यह याचिका दायर करते हुए आरोप लगाया था कि पुलिस अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर थानों में अवैध धार्मिक स्थल बना रहे हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट ने 2009 में इसी विषय पर पहले ही आदेश जारी किया था कि सार्वजनिक संपत्ति पर किसी प्रकार का धार्मिक स्थल नहीं बनाया जा सकता। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से इन धार्मिक स्थलों को हटाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए कहा कि एक ही मुद्दे पर पुनः याचिका क्यों लगाई गई। मामले पर हाईकोर्ट में 4 नवंबर, 19 नवंबर और 16 दिसंबर को भी सुनवाई हुई थी। इस याचिका पर बार काउंसिल के अधिवक्ता दिनेश अग्रवाल ने भी हस्तक्षेप किया और बताया कि वर्तमान में थानों से मंदिर हटाने वाली याचिका में जो वकील है।

### भोपाल की नायब तहसीलदार के साथ साइबर फ्रॉड

## जालसाज ने पति के क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली; 2.64 लाख उड़ाए

**भोपाल।** भोपाल में नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज में बुकिंग कराने के दौरान एक नायब तहसीलदार साइबर ठगी का शिकार हो गई। गूगल पर सर्च किए गए फर्जी नंबर से संपर्क करने के बाद उन्होंने अपने पति, सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट के क्रेडिट कार्ड की जानकारी साझा की, जिससे जालसाज ने 2.64 लाख रुपये उड़ा लिए। मामले की शिकायत थाने में की गई। एक सप्ताह की जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। शाहपुरा थाना प्रभारी लोकेश ठाकुर ने बताया कि अंकित दुबे सीआईएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हैं और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग छिंदवाड़ा जिले में है। उनकी पत्नी नायब तहसीलदार हैं। वह रोहित नगर, शाहपुरा में परिवार के साथ रहती हैं। 31 दिसंबर को उन्हें परिवार के साथ नए साल की पार्टी के लिए होटल ताज जाना था। उनके पास होटल ताज का कोई संपर्क नंबर नहीं था, इसलिए उन्होंने गूगल के जरिए होटल का नंबर खोजा। पहले ही



नंबर पर जो होटल ताज की वेबसाइट दिखी, उसे क्लिक करके उन्होंने दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि बहुत कम टिकट बचे हुए हैं और जल्द से जल्द बुकिंग करनी होगी। जब नायब तहसीलदार ने बुकिंग के तरीके के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि वे क्रेडिट कार्ड के जरिए भुगतान करेंगी। नायब तहसीलदार ने भुगतान के लिए अपने पति अंकित दुबे के क्रेडिट कार्ड की डिटेल कॉल करने वाले के साथ साझा कर दी। इसके बाद कॉल करने वाले ने एक ओटीपी भेजा, जो दुबे के मोबाइल पर आया। नायब तहसीलदार ने अपने पति को कॉल कर ओटीपी पूछा और वह ओटीपी कॉल करने वाले को बता दिया। भरोसा जीतने के लिए जालसाज ने पहले 102 रुपये भेजे। दूसरी बार में जालसाज ने क्रेडिट कार्ड से 2.64 लाख रुपये निकाल लिए। बड़ी रकम निकलने का मैसेज आते ही दुबे को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने होटल ताज से संपर्क किया, तो पता चला कि उनके टिकट की कोई बुकिंग नहीं हुई है और वेबसाइट व मोबाइल नंबर होटल ताज का नहीं था। दुबे ने पहले अपने स्तर पर जालसाज का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। एक सप्ताह बाद उन्होंने शाहपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## गणतंत्र दिवस पर दिखेगी विरासत से विकास की झलक

**भोपाल।** प्रदेश में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में जो झांकियां तैयार की जाएंगी उसमें विरासत से विकास थीम की झलक दिखाई देगी। मोहन सरकार के निर्देश पर इस तरह की झांकियां तैयार करने का काम संबंधित विभागों ने शुरू कर दिया है। विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने विभाग की विरासत से विकास की गाथा वाली झांकी तैयार कराकर समारोह में शामिल कराएंगे। मोहन सरकार के दूसरे गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार राजधानी के लाल परेड मैदान पर होने वाले मुख्य राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न विभागों की नवाचार से जुड़ी योजनाओं की झलक दिखेगी। इसको लेकर मोहन सरकार ने तीन महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी है। संस्कृति विभाग की देखरेख में तैयार हो रही झांकियों के माध्यम से गणतंत्र दिवस समारोह में विरासत और विकास दोनों की ही झलक दिखाई जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जो झांकिया सिलेक्ट की जा रही हैं, उनमें विभागों की नवाचार योजनाओं को प्रमुखता से दिखाने पर फोकस किया जा रहा है। इसमें खासतौर पर नारी सशक्तिकरण, स्वरोजगार योजना, रातापानी अभ्यारण्य, गौ संरक्षण और संवर्धन, औद्योगिक निवेश, किसान कल्याण, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक अभ्युदय, पर्यटन विकास के नए आयाम, पर्यावरण के लिए नव जागृति, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्त्रोत समेत शासन की अन्य नीतियों और योजनाओं पर झांकिया तैयार कराई जा रही हैं।

### 30 फीट दूर था टाइगर, शिकार होने से बचे लोग

## जंगल की सैर करने निकले थे भोपाल के साइकिलिस्ट; तभी सामने आ गया बाघ

**भोपाल।** भोपाल के कुछ साइकिलिस्ट जंगल की सैर करने निकले। तभी उनके सामने टाइगर आ गया। 2 से 3 मिनट तक टाइगर घूमता रहा और फिर झाड़ियों में चला गया। बाघ के अचानक सामने आने से लोग सहम गए। जब टाइगर आगे बढ़ा, तब वे जा सके। बाघ के मूवमेंट का वीडियो गुरुवार को सामने आया है। वीडियो चार दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो की पड़ताल की गई तो पता चला कि यह अवधपुरी के दिलीप सिंह ने बनाया है, जो साइकिलिस्ट भी हैं। वे जब साथियों के साथ जंगल से गुजर रहे थे, तभी टाइगर उनके सामने आया। जंगल से गुजर रहे थे, तभी झाड़ियों से टाइगर निकल आया। वो हमसे सिर्फ 30 फीट दूर था। जैसे ही उसे देखा सहम गए। 2-3 मिनट तक टाइगर आसपास मंडराता रहा। हम भी बिना हिले-डुले खड़े रहे। यदि थोड़ा सा भी बॉडी मूवमेंट होता तो टाइगर हमला कर देता। शुक्र है...सभी सुरक्षित बच गए और वापस लौट आए। अवधपुरी निवासी दिलीप सिंह ने बताया, वीडियो भोजपुर मंदिर के पीछे चिकलोद जंगल का है, जो उन्होंने ही बनाया था। चार दिन पहले रविवार को 25-30 साथी




साइकिल से आउटिंग पर गए थे। भोपाल से सब साथ में निकले। चिकलोद जंगल से गुजर रहे थे, तभी अचानक सामने बाघ आ गया। अचानक बाघ के दीदार होने की खुशी के साथ खौफ भी था। टाइगर और हमारे बीच की दूरी कुछ फीट की ही थी। भोपाल से जुड़े रायसेन के चिकलोद रेंज में कई टाइगर है। इनके मूवमेंट के मामले सामने आते रहे हैं। करीब चार महीने पहले चिकलोद रोड वरूखार के पास बाघिन का मूवमेंट देखने को मिला था। कई बार वन विभाग को टाइगर का रेस्क्यू तक करना पड़ा था। भोपाल से 35 किलोमीटर दूर चिकलोद रेंज के आशापुरी गांव के जंगल में शिकारियों ने 14 जुलाई 2024 को गोली मारकर बाघ का शिकार किया था।

शिकारी बाघ की स्किन, चार-चार नाखून और दांत ले गए थे। वहीं, पंजा शरीर से दूर पड़ा मिला था।

### एचएमपीवी को लेकर एम्स भोपाल का सुरक्षा अलर्ट

## भीड़ वाली जगहों पर मास्क जरूरी; ठंडे मौसम में सक्रिय होता वायरस

**भोपाल।** मलेशिया और चीन के बाद भारत में एचएमपीवी वायरस के तीन मामले सामने आए हैं, जिससे सोमवार को यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। एम्स भोपाल ने एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुरक्षा और जागरूकता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एम्स ने वायरस के फैलाव को रोकने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। एचएमपीवी एक श्वसन वायरस है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों और सांस लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। यह छोटे बच्चों, बुजुर्गों और जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है, उनके लिए ज्यादा खतरनाक हो सकता है। साथ ही, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग को वायरस की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। एम्स भोपाल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. देवाशीष विश्वास ने बताया कि यह वायरस मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली श्वसन बूंदों से



फैलता है। इसके अलावा, संक्रमित व्यक्ति से सीधे संपर्क में आने या दूषित सतहों को छूने के बाद आंख, नाक या मुंह को छूने से भी संक्रमण हो सकता है। एचएमपीवी के सामान्य लक्षणों में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, घरघराहट और थकान शामिल हैं। कभी-कभी यह निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस भी पैदा कर सकता है। सामान्य रूप से स्वस्थ लोग बिना किसी समस्या के ठीक हो जाते हैं, लेकिन छोटे बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा, हृदय रोग जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह वायरस ज्यादा खतरनाक हो सकता है।

एचएमपीवी वायरस की जांच आरटीपीसीआर तकनीक से की जाती है, जो एम्स भोपाल में उपलब्ध है। एम्स भोपाल श्वसन संक्रमणों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां अनुभवी स्वास्थ्यकर्मियों की टीम और उन्नत प्रयोगशालाएं हैं, जो आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करती हैं।

### सेंट्रल जेल में मिले ड्रोन को डॉक्टर ने अपना बताया

## पुलिस कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान रिमोट लेकर जेल पहुंचे


**भोपाल।** पुलिस कमिश्नर हरीनारायण चारी मिश्रा ने गुरुवार दोपहर भोपाल सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने वॉच टावर पर बल और जेल परिसर में कैमरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान ही बुधवार को जेल में मिले संदिग्ध ड्रोन को एक डॉक्टर ने स्वयं का बताया। वह ड्रोन का रिमोट लेकर जेल परिसर में पहुंचे थे। इस रिमोट ड्रोन को ऑपरेट कर पुलिस ने चेक भी किया। हालांकि पुलिस कमिश्नर ने ड्रोन की फोरेंसिक जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे के मुताबिक डॉक्टर



स्विप्नल जैन महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में प्रोफेसर हैं। वह द्वारका धाम में रहते हैं। गुरुवार की सुबह उन्होंने स्वयं कॉल कर मुझे बताया कि जेल परिसर में मिला ड्रोन उन्हीं का है। न्यूज पेपर में खबर के साथ लगे फोटो से उन्होंने ड्रोन की पहचान की है। दोपहर के समय वह ड्रोन का रिमोट लेकर जेल आए। इस रिमोट से ड्रोन ऑपरेट भी हो रहा था। उन्होंने लिखित पत्र भी सौंपा है, जिसमें ड्रोन स्वयं का होने का दावा किया गया है। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि ड्रोन को उन्होंने बेटे के लिए दिल्ली से खरीदा था। 31 दिसंबर 2024 को वह ड्रोन लेकर आईटी पार्क पहुंचे। यहां बेटे के साथ उन्होंने ड्रोन उड़ाया। ऊंचाई पर जाने के बाद ड्रोन से संपर्क टूट गया। इसके बाद वह लापता हो गया। आस पास काफी तलाशने पर भी ड्रोन नहीं मिला। अखबारों में खबर और ड्रोन का फोटो देखा। ड्रोन खरीदी से जुड़े दस्तावेज भी उन्होंने पुलिस को सौंपे हैं। हालांकि पुलिस मामले की सभी एंगल पर जांच कर रही है। गांधी नगर में ही स्थित आरजीपीवी कैंपस में भी एक संदिग्ध ड्रोन मिला है। हालांकि जेल में मिले ड्रोन और यूनिवर्सिटी में मिले ड्रोन के कलर से लेकर मैन्यूफैक्चरिंग तक सब अलग-अलग है। पुलिस ने इस ड्रोन को भी जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

## एमपी के 9 जिलों में आज कोल्ड-डे का अलर्ट, नवंबर-दिसंबर के बाद जनवरी भी ठंडा

**भोपाल।** जनवरी में कड़ाके की ठंड के दूसरे दौर से पूरा मध्यप्रदेश कांप रहा है। इस साल जनवरी में पहली बार इतनी सर्दी पड़ रही है। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा रिकॉर्ड 0.2 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं, भोपाल में 10 साल का रिकॉर्ड टूटा है। मंगलवार-बुधवार की रात यहां टेम्प्रेचर 3.6 डिग्री रहा। ऐसा ही मौसम गुरुवार को भी बना रहेगा। प्रदेश के 9 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। वहीं, सुबह करीब 20 जिलों में कोहरा छाया है। बर्फीली हवा चलने से प्रदेश के शहरों में दिन-रात कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछली 2 रातों से पारा काफी नीचे लुढ़का है। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फ पिघल रही है। जिससे हवा की



रफ्तार भी तेज हो गई है। बुधवार को जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में प्रदेश का मौसम ठंडा ही रहेगा। 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। जनवरी के पहले सप्ताह में भी कड़ाके की ठंड पड़ी थी। अब दूसरा दौर शुरू हुआ है। मंगलवार-बुधवार की रात इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 0.2 डिग्री पहुंच गया। एक ही रात में पचमढ़ी में पारा 6.8 डिग्री तक लुढ़क गया। वहीं, भोपाल में 3.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पिछले 10 साल में यह जनवरी का सबसे कम तापमान है। इंदौर-ग्वालियर में 6-6 डिग्री, उज्जैन में 6 डिग्री और जबलपुर में तापमान 7 डिग्री रहा। प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा जिला राजगढ़ रहा। यहां तापमान 1.6 डिग्री रहा। मंडला, रायसेन, गुना, उमरिया, मलाजखंड, छिंदवाड़ा, धार, रतलाम में तापमान 6 डिग्री के नीचे ही रहा। सुबह प्रदेश के कई

## महू से शुरू होने वाले संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा को लेकर कांग्रेस की तैयारी हुई तेज

भोपाल। महू में 26 जनवारी को आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान का समापन और संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा के शुभारंभ को लेकर तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को पीसीसी में दो अलग-अलग बैठकें होंगी। नए साल में 3 जनवरी से शुरू हुए कांग्रेस के जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान का समापन 26 जनवरी को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू (इंदौर) में होगा। यहीं से एक विशाल रैली कर अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसे संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा नाम दिया जाएगा। यह पद यात्राएं पूरे एक साल तक गांव-गांव शहर-शहर में निकाली जाएगी और इनका समापन अगले साल 2026 में 26 जनवरी के दिन ही होगा। ये दोनो कार्यक्रम मध्यप्रदेश में हो रहे हैं इसलिए एमपी कांग्रेस जोरों से तैयारियों में जुटी है। शुक्रवार को पीसीसी में बड़ी बैठक बुलाई गई है। इसमें पूरे कार्यक्रम की रणनीति तैयार की जाएगी।

कांग्रेस 26 जनवरी को प्रदेशभर से सवा लाख कार्यकर्ताओं और महू बुलाने जा रही है। इसके लिए संभागवार पार्टी ने प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। अजय सिंह राहुल को रीवा



संभाग, अरुण यादव को जबलपुर, बाला बच्चन को नर्मदापुरम, सज्जन सिंह वर्मा को इंदौर, कमलेश्वर पटेल को शहडोल, ओमकार मरकाम को सागर, जयवर्धन सिंह को ग्वालियर, आरिफ मसूद को भोपाल, हेमंत कटारे को चंबल और महेश परमार को उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाया है। पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस आयोजन के लिए 9 अलग-अलग कमेटियां गठित कर दी हैं। यह कमेटियां ट्रांसपोर्टेशन, भोजन, समन्यव, प्रचार, ठहरने के इंतजाम जैसे तमाम काम देखेंगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारीण के सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव और संयुक्त सचिव के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्थाई एवं विषेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। वहीं अपरान्ह 4 बजे आगामी 26 जनवरी को इंदौर के महू में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान रैली को सफल और प्रभारी बनाने के लिए बनायी गई विभिन्न समितियों जिसमें प्रदेश स्तर पर कांग्रेस नेताओं से समन्वय, प्रचार-प्रसार, यातायात, आमसभा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, ठहरने, सोशल मीडिया, मीडिया, कंट्रोल रूम आमंत्रण एवं पास बांटने हेतु विभिन्न समितियों की आवश्यक बैठक बुलाई गई है।

## 11 जनवरी से बीजेपी चलाएगी संविधान गौरव अभियान

भोपाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में कांग्रेस 26 जनवरी को महू में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली करने जा रही है। कांग्रेस की रैली के पहले बीजेपी एक प्रदेश व्यापी अभियान चलाएगी। 11 जनवरी से 26 जनवरी तक भाजपा प्रदेश भर में संविधान गौरव अभियान चलाएगी। संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से लेकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी, विधायक, सांसद शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों कॉलेज में गोष्ठी, परिचर्चाओं का आयोजन करेंगे। समाज के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों की संगोष्ठी और चौपाल का आयोजन भी होगा। गुरुवार सुबह बीजेपी की वर्चुअल बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कांग्रेस ने 70 सालों में संविधान में किस तरह से छेड़छाड़ की और बाबा साहब के साथ कांग्रेस ने जिस तरीके का भेदभाव किया उसे जनता के बीच बताने की जरूरत है। संविधान गौरव अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ता इन गोष्ठियों में भाग लें और कांग्रेस की बाबा साहब को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का मुंह तोड़ जवाब दें। बीजेपी के अभियान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- बीजेपी हमेशा ध्यान भटकाने की राजनीति करती है और संविधान में जो संशोधन कर रही है तो उन संशोधनों को रोकना चाहिए। आपकी सरकार लोकसभा में ऐसे संशोधन लाएगी, जिनसे जनता प्रभावित होती है। जैसे पिछले लोकसभा सत्र में यह संशोधन आया कि धरना प्रदर्शन पर कार्रवाई की जाएगी। देश में शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन के अधिकार हैं तो उस अधिकार को भाजपा क्यों खत्म करना चाहती है।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल

# महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण और रोजगार

## बदरवास में परिधान प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र का शिलान्यास

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान




**शिवपुरी** ग्राम बूढ़ा डोंगर विकासखंड बदरवास में अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से बन रहे परिधान निर्माण एवं प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने महिला सम्मेलन में भाग लिया और कहा कि अब बदरवास क्षेत्र में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की जैकेट बनेगी। मंच पर ही स्वसहायता समूह की महिलाओं ने उन्हें जैकेट भेट की। उन्होंने कहा कि यह मेड इन कोलारस, मेड फॉर वर्ल्ड होना चाहिए। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव पहल है।

कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संबोधित किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्हीं के प्रयासों से शिवपुरी में कई विकास कार्य किया जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में शिवपुरी को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयासों से सीटी स्कैन एमआरआई मशीन की सुविधा प्रदान की गई है।

बदरवास के बूढ़ा डोंगर में इस परिधान निर्माण एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना से बदरवास के आस पास के 40 ग्रामों के स्व सहायता समूहों से जुड़ी 3000 से अधिक महिलाओं को सिलाई सीखने का अवसर मिलेगा और 1500 महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार कमाने का अवसर मिलेगा। महिलाएँ अपनी कार्यकुशलता और मेहनत से 12000-15000 रुपये तक कमा सकेंगी । कोलारस बदरवास क्षेत्र के ग्रामों में निवासरत ये महिलाएं 10 वर्ष पूर्व आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़ीं तो अपनी छोटी सी बचत और मिशन से मिली सहायता के भरोसे अपने दिन बदलने का स्वप्न देखने लगीं ।आजीविका मिशन द्वारा इन्हें सिलाई का प्रशिक्षण दिलाया गया और इस जैकेट क्लस्टर में प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल अंतर्गत महिलाओं की एक जैकेट कंपनी बनाई गई।बदरवास में प्रचलित जैकेट निर्माण कार्य से संलग्न होकर महिलाओं ने घर घर सिलाई की ।

महिलाओं के मजदूर से मालिक बनने के इस संकल्प का मार्ग केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री बनने के साथ ही अदाणी फाउंडेशन को परिधान निर्माण की इकाई स्थापित करने हेतु आमंत्रित करके प्रशस्त किया । अब तक घरों में मात्र जैकेट सिलाई तक सीमित रही। महिलाओं को बड़ी औद्योगिक सिलाई मशीनों पर काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा ,फैशन और बड़े ब्रांड्स के अनुरूप जैकेट ही नहीं अन्य परिधान भी सिलने का मौका मिलेगा। साथ ही उनका कौशल उन्नयन भी होगा। इस औद्योगिक इकाई की स्थापना 1.7 हैक्टेयर क्षेत्र में की जा रही है। इस इकाई में महिलाओं को कैंटीन ,रेस्ट रूम ,आदि सभी सुविधाएं मिलेंगी।इस पहल से जहां क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार मिलेगा वहीं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी हासिल होगा। जिले में ये एक तरह की अनूठी पहल है।

महिला सम्मेलन कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधायक कोलारस महेंद्र सिंह यादव जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव जिला अध्यक्ष राजू बाथम, अडानी फाउंडेशन के सीईओ अभिषेक लखटकिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

**इन विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन औरलोकार्पण :** कोलारस विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बैरसिया ग्राम गोरा कस्बा की 40.97 लाख की लागत से निर्मित नल जल योजना का लोकार्पण किया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रन्नौद, खरई तेंदुआ में अटल टिंकरिंग लैब निर्माण कार्य का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत मड़वासा के गांव इमलौदा में सीसी रोड कार्य, शासकीय प्राथमिक शाला जगतपुर में अतिरिक्त क्लासरूम निर्माण कार्य, शासकीय माध्यमिक शाला सिंघरई में अतिरिक्त क्लासरूम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत कुम्हरौआ में सुदूर सड़क निर्माण कार्य कुम्हरौआ से फोरलेन तक का भूमिपूजन किया।



# हरि पर्वत पर योग व ध्यान के लिये तैयार हो रहा है स्थान

## रोपे गए पौधे भी तेजी से ले रहे हैं पेड़ का आकार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर हरि पर्वत पर योग व ध्यान के लिए विशेष स्थल विकसित किया जा रहा है। इस स्थल को भारतीय पद्धति से गोबर से लीपकर पवित्र स्थल का रूप दिया जा रहा है। ग्वालियर शहर की अलापुर पहाड़ी पर सिटी फोरेस्ट विकसित कर हरीतिमा की चादर ओढ़ाई जा रही है, जिसे हरि पर्वत नाम दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने गुरुवार को ॠहरि पर्वतॠ पहुँचकर यहाँ कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

हरि पर्वत पर सुनियोजित वृक्षारोपण के साथ-साथ सुबह की सैर के लिये पाथ-वे बनाया जा रहा है। साथ ही इसे पर्यटन स्थल का रूप देने के प्रयास भी हो रहे हैं। शहर को हरा-भरा करने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किए जा रहे कार्य तेजी से आकार ले रहे हैं। यहाँ पर रोपे गए पौधे तेजी से पेड़ों का आकार ले रहे हैं।

हरि पर्वत पर अर्बन फोरेस्ट के विकास में राम आस्था मिशन संस्था का सहयोग लिया गया है। जिला प्रशासन, नगर निगम व वन विभाग एवं जन सहयोग से हरि पर्वत विकसित किया जा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने शिवपुरी को दी ऐतिहासिक सौगातें

# शिवपुरी स्थित माधव नेशनल टाइगर रिजर्व में टाइगर सफारी वाहन को दिखाई हरी झंडी



**शिवपुरी।** गुना संसदीय क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के तहत शिवपुरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले को कई सौगातें प्रदान की हैं। सिंधिया ने माधव नेशनल टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाए दो गए टाइगर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें की इन दोनों वाहनों की खरीद सिंधिया के सांसद निधि से रू 24 लाख रुपए की लागत से हुई है।

**जॉर्ज कैसल का हुआ नवीनीकरण:** साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर ऐतिहासिक जॉर्ज कैसल कोठी का 25 लाख रुपए की लागत से किए गए नवीनीकरण का लोकार्पण एवं कैंटीन का उद्घाटन भी किया।

**सिंधिया ने चलाई जिप्सी, शिवपुरी के विधायक एवं स्थानीय अधिकारियों को कराई जंगल सफारी:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ड्राइविंग का लुत्फ उठाते हुए नजर आए। टाइगर सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर नेशनल टाइगर रिजर्व को एक अनुपम सौगात दी गई। साथ ही सिंधिया ने जिप्सी को खुद चला कर अधिकारियों एवं स्थानीय नेताओं को सफारी करवाई। यह नजारा देखने लायक था।

**अब ऑनलाइन भी हो पाएगी सफारी की बुकिंग,** सिंधिया ने की पहली ऑनलाइन बुकिंग: बता दें कि माधव नेशनल टाइगर रिजर्व को सफारी की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा की शुरुआत भी की। इससे पर्यटकों को बुकिंग करने में सुविधा मिलेगी।

# सिविल अस्पताल हजीरा में आईसीयू आरंभ

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को दिल से दुआएं दे रहे हैं मरीजों के परिजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



ग्वालियर -/- । उप नगर ग्वालियर के हजीरा स्थित सिविल अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) गुरुवार से विधिवत शुरू हो गई। उल्लेखनीय है कि बीती 4 जनवरी को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की माताश्री श्रीमती सुधा तोमर ने इसका लोकार्पण किया था। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के ज्येष्ठ भ्राता कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में जनसहयोग से इस आईसीयू का निर्माण किया गया है।

आज गुरुवार को यहां चार मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया गया। उसके साथ ही आईसीयू विधिवत शुरू हो गई। आईसीयू प्रभारी डॉक्टर वीरपाल सिंह यादव के मुताबिक आईसीयू सर्व सुविधा युक्त और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। आज चार मरीजों को यहां भर्ती किया गया। यहां भर्ती मरीजों के अटेंडर आईसीयू सुविधा के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को दिल से दुआएं दे रहे हैं। तानसेन नगर में रहने वाले अनिल अपनी नानी को यहां भर्ती कराने आए हैं। इसी तरह राहुल बैस जो कि पीएचई कॉलोनी में रहते हैं, एक भर्ती मरीज के परिजन हैं। उनका कहना है कि यहां की व्यवस्थाओं से वह खुश हैं। इसके लिए उन्होंने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का आभार व्यक्त किया।

एक अन्य मरीज के परिजन गुलाबचंद न्यू कॉलोनी सुभाष नगर में रहते हैं, आईसीयू की सुविधाओं से खुश हैं और उनका कहना है कि मंत्री जी ने हम जैसे गरीब मजदूर लोगों पर बड़ा उपकार किया है। घर के पास ही किसी बड़े अस्पताल जैसी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं और यहां निःशुल्क इलाज भी हो रहा है।

# घड़ियाल विभाग के अधीक्षक पर रिश्वतखोरी का आरोप वीडियो वायरल

### कार्रवाई नहीं होने पर उठ रहे सवाल



**श्योपुर।** राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य विभाग के अधीक्षक योगेंद्र पारदे की रिश्वतखोरी से जुड़े चार वीडियो और कई ऑडियो सामने आने के बाद भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सीसीएफ और डीएफओ ने मामले की जांच कराने की बात कही थी, लेकिन 11 दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर जिले के समाजसेवियों और आम लोगों ने विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।11 दिन पहले वायरल एक वीडियो में अधीक्षक योगेंद्र पारदे अपने अधीनस्थ वन कर्मियों से कह रहे थे कि, नदी के घाटों से हर महीने 7 लाख रुपए आएगा। इसमें से मेरे पास 1.5 लाख बचेगा। सीसीएफ, डीएफओ और रेंजर को देना पड़ेगा। सबको हिस्सा देंगे, तभी काम चलेगा। मैं अकेला लेकर बैठूंगा तो काम नहीं चलेगा। दूसरे वीडियो में वह फोन पर बात करते हुए कह रहे थे, जलालपुर और अन्य घाटों से 1-1 लाख रुपए दोगे तो रेत का काम चलेगा। रेत निकालने के गड्ढों को भरना पड़ेगा, नहीं तो पूरा सिस्टम खराब हो जाएगा। तीसरे वीडियो में वह एक मंत्री को खुश करने के लिए मोटी रकम देने की बात करते हैं और गाली-गलौज भी करते हैं। चौथे वीडियो में वह रेत माफिया के ट्रैक्टरों को लेन-देन के आधार पर छोड़ने की बात करते दिख रहे हैं। इसके अलावा, एक ऑडियो में वह एक ग्रामीण को मगरमच्छों से कटवाने की धमकी दे रहे थे। एक अन्य बातचीत में वह नोटों के बंटवारे को लेकर वनकर्मी से गाली-गलौज करते सुनाई दिए।

इतने गंभीर आरोपों के बावजूद विभाग के आला अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसे लेकर जिले के लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। श्योपुर के समाजसेवी उमेश मीणा ने कहा कि अधीक्षक के रिश्वतखोरी के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। उन्हें तुरंत निलंबित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होनी चाहिए थी। परंतु 11 दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं होना संदेह पैदा करता है। ऐसा लगता है कि डीएफओ और सीसीएफ को भी रिश्वत का हिस्सा मिलता है, जैसा कि वीडियो में कहा गया। श्योपुर निवासी बंटी वाल्मीकि ने कहा कि श्योपुर के लोग सीधे-साधे हैं, और इसी का फायदा अधिकारी उठा रहे हैं। रेत का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। वीडियो वायरल होने के बावजूद अधीक्षक पर कार्रवाई नहीं होना भ्रष्टाचार को दर्शाता है। श्योपुर निवासी मोहन राठौर ने कहा कि वीडियो में अधीक्षक साफ-साफ ?7 लाख महीने की मांग और डीएफओ-सीसीएफ को हिस्सेदारी देने की बात कह रहे हैं। इस मामले में डीएफओ और सीसीएफ के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए। उनके बिना रेत का अवैध कारोबार संभव नहीं है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य विभाग के सीसीएफ टीएस सुलिया ने कहा कि अधीक्षक से संबंधित वीडियो पर जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद हम शासन को रिपोर्ट सौंपेंगे। एक एसडीओ पर कार्रवाई का अधिकार हमारे पास नहीं है। कार्रवाई शासन स्तर से ही होगी।



# पुलिस ने फरार 5 हजार का इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक भिंड डा. असित यादव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन एवं एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना मौ के गंभीर प्रकरण में फरार 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक भिंड द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार मौ थाना के एससी-एसटी एक्ट तहत वांछित इस आरोपी को पकड़ने के लिए एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व चौकी झांकरी के प्रभारी उप निरीक्षक विवेक प्रभात ने किया। टीम ने मय फोर्स के साथ जयपुर, राजस्थान में दबिश देकर 09 जनवरी 2025 को फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक डॉ. संतोष यादव, थाना प्रभारी थाना मौ, उप निरीक्षक विवेक प्रभात, प्रआर. 384 इरशाद, आरक्षक 150 देवेन्द्र यादव, आरक्षक 863 गिर्राज कौशल, आरक्षक 779 उमाशंकर, और आरक्षक 1193 महेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भिंड पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान ने अपराधियों के बीच सख्ती और सजगता का संदेश दिया है। जनता ने इस कार्रवाई की सराहना की और पुलिस की तत्परता की प्रशंसा की।

# राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की बैठक हुई आयोजित



भिण्ड। भिंड के श्री कृष्णा मांगलिक गार्डन, ग्वालियर रोड पर राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ला और राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र प्रसाद शास्त्री जी के निर्देशानुसार आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व प्रदेश महासचिव सीताराम नारोलिया और भिंड प्रभारी एवं प्रदेश संगठन मंत्री पंडित सुरेश दातरे ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान को लेकर योजना बनाना था, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर चलाया जाना है।

बैठक में मंचाधीश के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं संभागीय संगठन मंत्री ओमप्रकाश पुरोहित (लावन), बालक राम शर्मा शास्त्री, जिला संगठन मंत्री सत्य प्रकाश पाठक, जिला सचिव सौरभ त्रिपाठी, प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ महेश बोहरे, और संभागीय उपाध्यक्ष चंबल उपस्थित रहे। बैठक में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने, गाय माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही, छुआछूत को समाप्त कर हिंदुओं को एकजुट करने का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों और उपस्थित सनातनियों ने एकजुट होकर नारा लगाया, जाति-पाति की करो विदाई, हिंदू हैं सब भाई-भाई। बैठक में आनंद त्रिपाठी (जिला कार्यालय प्रभारी, भिंड), नरेंद्र भदौरिया (नगर अध्यक्ष, भिंड), अशोक शर्मा (जिला उपाध्यक्ष), रजनीश शर्मा, कौशल शर्मा, शैलेंद्र त्रिपाठी (जिला प्रवक्ता), आशीष भारद्वाज, जय बोहरे, अंकित ढमोले, प्रकाश अग्रवाल, और रामबाबू प्रजापति सहित कई सनातनी हिंदू उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में इसी प्रकार बैठकों और अभियानों का आयोजन कर सनातन धर्म की एकता और उद्देश्य को सशक्त किया जाएगा।

# विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ करें कार्य :अपर मुख्य सचिव

## अधिकारी, छात्रावासों को गोद लेकर कमियों को करें दूर : अपर मुख्य सचिव

### अपर मुख्य सचिव ने शहडोल जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की




**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग एवं ऊर्जा विभाग नीरज मंडलोई ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में विभागों द्वारा किए जा रहे शहडोल जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी समन्वय के साथ विकास कार्यों को करें। उन्होंने कहा कि विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे चिन्हित कर प्रस्ताव भेजें।

**जिलाधिकारियों को दिए निर्देश :** अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आंवटित छात्रावासो को गोद लेकर उनकी कमियों को दूर करें। उन्होंने अधिकारियों से छात्रावासो के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और कर्मचारियों की स्थिति का जायजा लेने को कहा, ताकि बच्चों को बेहतर सेवाए मिल सके। उन्होंने कहा कि छात्रावासो की स्थिति सुधारने में अपना योगदान देकर बुक, लाइब्रेरी, खेलकूद की गतिविधियां जैसे अन्य सुविधाएं बच्चों को प्रदान करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि चिन्हित राम पथ गमन को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए तथा पर्यटन हेतु बनाई गई समिति की मॉनिटरिंग करें।

**शहडोल-उमरिया मार्ग पूर्ण करने के दिए निर्देश :** बैठक में अपर मुख्य सचिव ने उमरिया-शहडोल मार्ग निर्माण कार्य धीमी गति होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा मार्ग निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश डब्ल्यूआरडीसी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने ब्यौहारी के बाणसागर में बनने वाले महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। अपर मुख्य सचिव ने खेल गतिविधियों की भी समीक्षा की। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि शहडोल जिले में फुटबाल, बालीबॉल, क्रिकेट जैसे अन्य खेलकूद की गतिविधियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है तथा शहडोल जिले के खिलाड़ी अन्तरार्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है।

**विकास कार्यो हेतु दिये गए सुझाव :** बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा नवीन स्टेडियम बनाने, कंचनपुर छात्रावास में शुद्ध पेयजल, मीनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, जयसिंहनगर में बिजली आपूर्ति हेतु सब स्टेशन, जैतपुर महाविद्यालय हेतु नवीन भवन, सरफा डैम के विकास जैसे अन्य विकास कार्यों हेतु सुझाव दिये गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सिकल सेल एनीमिया की जांच, कुपोषण, दागना, डिजिटल अरेस्ट, नगरीय निकायों के कायाकल्प, नवाचारों, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने जैसे अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

ये रहे मौजूद : बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी, शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# आयुक्त शहडोल संभाग ने कन्या शिक्षा परिसर पाली का किया औचक निरीक्षण

### छात्रावास में रहने वाली छात्राओं से रूबरू चर्चा कर मिलने वाली सुविधाओं तथा क्रिएटिविटी के संबंध में ली जानकारी

**शहडोल।** आयुक्त शहडोल संभाग सुरभी गुप्ता ने उमरिया जिले के कन्या शिक्षा परिसर पाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होने सुबह 8 बजे छात्रावासी छात्राओं से नाश्ता, भोजन, स्वा0 परीक्षण, शिक्षा की व्यवस्था, समाचार पत्रों की उपलब्धता आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान नाश्ता एवं भोजन मीनू के अनुसार पाया गया। उन्होने विद्यार्थियों से शैक्षणिक गुणवत्ता से संबंधित तथा क्रिएटिविटी के संबंध में विद्यार्थियों से रूबरू चर्चा की। आयुक्त ने विद्यार्थियों को समझाईश दी कि छात्रावास में रहकर वे अपने संर्वागीण विकास की तैयारी करें। जिन बच्चों को पेटिंग, चित्रकारी, खेल आदि में रूचि है उन्हे दबाये नही बल्कि निखारकर सामनें लाएं। उन्होने छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिए कि जो बच्चे कमजोर है उन्हें अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर विषय ज्ञान दिया जाए। परीक्षा की तैयारी कराई जाए। बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाए। जो बच्चे, चित्रकला, पेटिंग आदि में रूचि रखते है उनकी प्रतिभा को निखारनें का कार्य भी किया जाए।




# विभागीय जांच प्रक्रिया पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**शहडोल।** गुरूवार को पुराना पुलिस कंट्रोल रूम शहडोल में विभागीय जांच प्रक्रिया पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं डी.आई.जी शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया के रा.पु.से. राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक स्तर के एवं शीघ्रलेखक व रीडर ने विभागीय जांच के मूलभूत एवं व्यवहारिक नियमों, सावधानियों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा विभागीय जांच के संबंध में सही कार्यवाही और की जा रही गलतियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जांचकर्ता एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारियों की शंका एवं प्रश्नों का उचित समाधान बताया गया।

# राशन वितरण मशीन में अंगूठे के निशान नहीं लगने पर बनाएं नॉमिनी : अपर मुख्य सचिव

### जिलाधिकारी छात्रावासों को लें गोद, निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में लाएं सुधार - अपर मुख्य सचिव

### अपर मुख्य सचिव ने की अनूपपुर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की




**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग एवं ऊर्जा विभाग नीरज मंडलोई ने जिला आपूर्ति नियंत्रक अनूपपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन वितरण के समय राशन वितरण मशीन में किसी कारण वस अंगूठे का निशान नहीं लगने पर पात्र हितग्राहियों की सहमति से नॉमिनी बनाएं, जिससे राशन लेने में किसी प्रकार की समस्या ना हो सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में हितग्राही राशन दुकान से बिना राशन लिए न लौटे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि राशन पर्ची में नॉमिनी करते वक्त हितग्राही की सहमति एवं हितग्राही के ब्लड रिलेटिव को ही नॉमिनी बनाएं। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि राशन पर्ची में नॉमिनी दर्ज करने हेतु राशन वितरण करने वाले सेल्समैनों को सतत रूप से ट्रेनिंग दिलाई, जिससे उन्हें नॉमिनी करने में कोई समस्या न हो। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय शहडोल के विराट सभागार में शहडोल संभाग के अनूपपुर जिले के विकास कार्यों समीक्षा कर रहे थे। बैठक में प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने अनूपपुर जिले के छात्रावासों की व्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारी एक-एक छात्रावासों को गोद लेकर छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी छात्रावासों का सतत रूप से निरीक्षण करें। छात्रावास में उपलब्ध होने वाली सभी संदर्भ सेवाओं की जांच करें तथा कमी पाए जाने पर व्यवस्था में सुधार लाने की कार्यवाही करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिले में खुले में मांस-मछली बेचना पूर्णत: प्रबंधित करें। उन्होंने कहा है कि नगरीय निकाय के अधिकारी मांस विक्रय की दुकानों का निरीक्षण करें एवं खुले में मांस का विक्रय ना हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने यह निर्देश दिए हैं कि मांस-मछली विक्रय की दुकानों को ग्रीन नेट एवं अपारदर्शी कांच लगाने हेतु भी निर्देशित करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने अनूपपुर जिले के विद्युत विभाग, जल संसाधन स्वास्थ्य विभाग लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश। बैठक में अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण रामलाल रौतेल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान सहित अनूपपुर जिले के अन्य विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा अवैध कोयला चोरी एवं परिवहन पर की गई कार्रवाई



**शहडोल।** थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत बुधवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम धनगवां, जोड़ा तालाब के नीचे पुखरी में की तरफ कुछ व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध कोयला चोरी कर ट्रैक्टर से परिवहन करने के उद्देश्य से संग्रहण कर रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना बुढ़ार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना के स्थान पर दबिश देते हुए उक्त स्थान पर से एक अदद् बिना नंबर के ट्रैक्टर में मय लोड कोयला कुल कीमती करीबन 6,20,000 रूपये अवैध कोयला होना पाया गया। आस-पास के स्थानों पर तलाशी लेने पर कोई भी आरोपी नहीं मिला, आरोपी की तलाश जारी है। जिससे बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त अवैध कोयले को जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालक की दस्तयाबी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारतम्य मे थाना धनपुरी पुलिस द्वारा नाबालिग बालक की दस्तयाबी की गई है। गुरूवार को थाना धनपुरी अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना धनपुरी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत धनपुरी पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर गुरूवार को ही अल्पतम समय में नाबालिग बालक को पुलिस द्वारा ग्राम टिकरी टोला, थाना बुढ़ार से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# पहले प्यार किया फिर दुष्कर्म, फिर शादी करने से किया इनकार

**शहडोल।** शहडोल जिले में किशोरी के साथ बहन के देवर ने दुष्कर्म किया और जब किशोरी गर्भवती हो गई तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। किशोरी ने नवजात को जन्म दिया और कुछ दिनों बाद नवजात की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने मिलकर नवजात के शव को घर के समीप ही दफन कर दिया है। परिजनों के साथ थाने पहुंची किशोरी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने इस मामले पर किशोरी की बहन के देवर के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया एवं नवजात की मौत मामले पर मर्ग कायम कर शव को कब्र से निकलवाया गया है। मामला ब्यौहारी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, 16 वर्षीय एक आदिवासी किशोरी के साथ उसकी बहन के 20 वर्षीय चचेरे देवर ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। नौ माह बाद किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद भी युवक ने विवाह नहीं किया। उधर, 21 दिन बाद नवजात की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग के अलावा आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो व अन्य मामलों में प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित किशोरी के बहन की शादी सीधी जिले में हुई है। बहन के चचेरा देवर का आना-जाना था, इस बीच किशोरी की जान पहचान हो गई, जिसने किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया और 21 दिसंबर 2023 को जबरन संबंध बनाए। शादी का झांसा देकर अपने साथ सीधी जिला ले गया। जब वह गर्भवती हो गई तो सीधी के अपने गांव से ब्यौहारी भेज दिया। इसके बाद 21 दिसंबर 2024 को किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया। परिजनों ने युवक से शादी के लिए बोला तो उसने मना कर दिया। इस बीच 21 दिन बाद 6 जनवरी 2025 को नवजात की बीमारी से मौत हो गई, जिसे परिजनों ने दफना दिया।

# शहडोल में दो डिग्री तक पहुंचा तापमान, ठंड से कांपे लोग

शहडोल शहडोल जिले में ठंड और बढ़ गई है। बुधवार-गुरुवार की रात तापमान 2 डिग्री पर आ गया। 24 घंटे पहले यह 7 डिग्री सेल्सियस पर था। गुरुवार की सुबह धूप निकलने के बाद भी सवा सात बजे 2.3 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड किया गया। लगातार गिरते तापमान के कारण सर्द हवाएं भी तेज हवा चल रही हैं। जिले में रफ्तार एक किलोमीटर प्रति घंटा रहा। सुबह 8 बजे विजिबिलिटी 500 मीटर के आसपास रही।

मौसम विभाग ने कहा है तीन दिन पारा और तेजी से गिर सकता है। जनवरी के दूसरे सप्ताह में तापमान तेजी से लुढ़का है। पिछले सप्ताह तक रात का औसत तापमान 9 डिग्री था। इसमें अब 5 डिग्री की गिरावट आ गई है। गिरते तापमान का असर बुधवार की रात से ही दिखने लग गया था। मौसम विभाग के अनुसार रात 10 बजे के लगभग 6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। जैसे जैसे रात बढ़ती गई वैसे वैसे तापमान भी गिरता गया। रात 3 बजे के बाद तापमान 2 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया।



लगातार गिरते तापमान का असर ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। जो गांव जंगलों के भीतर या उनके आसपास बसे हैं वहां दो डिग्री सेल्सियस से भी कम का तापमान दर्ज किया गया है। वहीं इन इलाकों में हाड़ कंपाने वाली सर्द हवाएं भी चल रही हैं।

फसलों के लिए सामान्य है मौसम कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मृगेंद्र सिंह ने कहा कि जनवरी में यह सामान्य मौसम है। क्षेत्र में गेहूं और चना मुख्य रूप से बोया हुआ है। ताजा मौसम का फसलों पर कोई ज्यादा विपरीत असर नहीं पड़ेगा। आने वाले दिनों में फसल झुलसाने वाले ठंड पड़ेगी, तब नियमित रूप से सिंचाई जरूरी होगी।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### ब्लाक स्तर पर दिया गया प्रशिक्षण

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय विकास खण्ड मुख्यालय पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना के तहत पात्र परिवारों का सर्वे करने के सर्वेक्षण कर्ताओं के पंजीकरण के बाद विकासखंड स्तर पर इसका प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को सूक्ष्म एवं गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अलादातपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ प्रतिभा जायसवाल एवं एडीओ कृषि योगेश शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को योजना में पात्रता, अपात्रता की सीमा एवं मोबाइल ऐप व डेमो के माध्यम से सर्वे की जानकारी दी इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमरेश गौतम, हसन अली,नीतू वर्मा, डाली आदि आदि मौजूद रहे।

### हैण्डपम्प पर गन्दगी की भरमार



**सीतापुर।** हरगांव गंज मस्जिद के सामने सरकारी नल के पास बहुत गंदगी है वह इस नल से गंदा पानी आता है जो कि पीने लायक नहीं है उसके बाद भी यहां के राह चलते लोग वह यहां पर रहने वाले लोग इस गंदे पानी को पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के मोहल्ला हरगांव गंज में इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प के पास भीषण गन्दगी होने के कारण लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान दे रहे है। वहीं नमाजियों का कहना है कि यह हैण्ड पम्प मस्जिद के सामने लगा हुआ हैं यहां पर गन्दगी होने से हम लोगो ज्यादा दिक्कते होती है।

### मंगलम चौराहे पर बनी पुलिस चौकी

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत थाना संदना क्षेत्र में सिधौली मिश्रीख मार्ग पर मंगलम चौराहे पर बनेगी थाना संदना की(पुलिस चैकी)नहवय्या गांव स्थित बनने पुलिस पुलिस आउट पोस्ट लिए भूमि प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्ताव कर उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका है। सिधौली मिश्रीख मार्ग पर मंगलम चैराहे के निकट थाना संदना क्षेत्र की पुलिस आउ टपोस्ट (पुलिस चौकी )बनाए जाने को लेकर पुलिस आउट (पुलिस चौकी) के नाम के भूमि चिन्हित कर आवंटन करने की अपेक्षा की गई थीं जिसकी तहसीलदार सिधौली द्वारा जांच की जा चुकी है तहसीलदार सिधौली की आख्या के अनुसार ग्राम नहवय्या परगना गोंदलामऊ तहसील सिधौली जनपद सीतापुर की घाटा संख्या 643 ख रकबा 0.125 हेक्टेयर बंजर दर्ज है ।जिसकी भूमि प्रबंधन समिति नहवय्या द्वारा प्रस्ताव किया गया है जिसमें (4000 ) वर्ग फीट भूमि पुलिस आउट पोस्ट (पुलिस चैकी) हेतु प्रस्तावित की गई है। घाटा संख्या 643 ख रकबा 0.125 हेक्टेयर में से 0.038 है0 भूमि पुलिस आउट पोस्ट (पुलिस चौकी)आवंटित की जा चुकी है मंगलम चौराहे पर पुलिस चौकी बन्ने से आस पड़ोस के गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### एस पी ने किया नव निर्मित पुलिस चौकियों का उदघाटन



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा थाना महोली की नवनिर्मित पुलिस चैकी रेलवे स्टेशन व चौकी नेरी तथा थाना इमलिया सुल्तानपुर की नवनिर्मित पुलिस चौकी तिहार का लाल फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में कप्तान द्वारा क्षेत्र में अपराध एवम् अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने एवम् कानून, सुरक्षा एवम् शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस चौकी पर उपस्थित पुलिसकर्मियों व ग्राम प्रहरियों को अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संबंधित को यथाशीघ्र सूचना देने, यातायात नियमों का पालन करने, साइबर फ्रॉड से बचने हेतु जागरुक करने व सतर्क रहने आदि के संबंध में निर्देश दिये गये। साथ ही चौकी क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में सीसीटीवी लगवाने अथवा लगे हुए सीसीटीवी को निरंतर क्रियाशील रखने के लिये कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक महोली विनोद मिश्रा तथा प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवम् अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नगर क्षेत्र में बढ़ा सटटे का कारोबार




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा जहां एक तरफ अपराध व अपराधियों के प्रति सक्रिय दिखाई दे रहे है और जनपद में अपराध को जड़ से खत्म करने के लिये कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने में प्रयासरत है जिससे अपराध जनपद में जड़ से खत्म हो सके। व अपराधियों को उनके सही ठिकाने भेजा जा सके। जिस सम्बन्ध समय समय पर सम्बन्धित को दिशा निर्देश जारी करते रहते है व क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा भी लिया करते है। जिससे कानून व्यवस्था पटरी पर बनी रहे। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा के नेतृत्व में आई जी आर एस की शिकायतों के निस्तारण में सीतापुर जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान भी हासिल कर चुका है। साथ ही मिशन शक्ति जैसी विभिन्न योजनाओं में भी सीतापुर ने कई उपलब्धियां हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के हर प्रयास के बाद भी जनपद सीतापुर में साइबर क्राइम बंद होने का नाम ही नही ले रहा है। जिससे जहां एक तरफ साइबर क्राइम के अपराध को बढ़ावा को मिल रहा है वही दूसरी तरफ आम जनमानस अपनी गाढ़ी कमाई सटटे जैसे व्यापार में लगाकर जहां सटटेबाजों को मालामाल कर रहे है वहीं परिवारिक कलह का भी कारण सटटा बन रहा है। कई बार तो सटटा खेलने वाले लोग धन के अभाव के चलते बड़े बड़े अपराधों को अंजाम दे डालते है। तो कहीं न कही ऐसे भी प्रकरण प्रकाश में आ जाते है जहां सटटा के चलते लोगों को अपनी जान तक से हाथ गवाना पड़ता है। बताते चले कि जनपद सीतापुर में जिला मुख्यालय पर जहां पुलिस अधीक्षक के द्वारा कानूनी व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही है वही दूसरी तरफ जिला मुख्यालय पर हर चार कदम पर सटोरियों का व्यापार फल फूल रहा है। जिसमें कई ऐसे वरिष्ठ नाम भी प्रकाश में आ रहे है जिनके संरक्षण में यह सटटे का व्यापार दिन दूने रात चौगुने बढ़ा रहा है। एक बार फिर नगर क्षेत्र में सटटे का कारोबार फलने फूलने लगा है। नगर के हर कोने में इस समय सटोरी सक्रिय है। मिली जानकारी के अनुसार इस समय सटटे का व्यापार नगर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी कोहना क्षेत्र में संचालित हो रहा है। सटटे के इस बड़े ठिकाने की तरफ किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नही जा रहा है जबकि कोहना चौकी पुलिस क्षेत्र में होने वाला यह सटटा नगर ही नही बल्कि जिले का सबसे बड़ा सटटा है। यह ऐसा सटटोरियों का गढ़ रहे है जहां पर बड़े बड़े दावं लगाये जाते है और कहीं न कहीं से छोटे छोटे सटोरी इसी बड़े सटटेबाज के सटटे पर अपना बड़ा दाव लगवाते है। दूसरे नम्बर का सटटा रोडवेज, सदर, तामसेनगंज, आदि पुलिस चौकी क्षेत्र में खेला जा रहा है। यहां पर भी नामी गिरामी सटटेबाज जो पूरे नगर में चर्चित है उसके संरक्षण में सटटा हो रहा है। रोडवेज पुलिस चौकी क्षेत्र के पास और इसी क्षेत्र के मोहल्ला आर्यनगर में सटोरी सक्रिय है और वह मोबाइल के जरिये दांव लगाये जा रहे है। सटटे को लेकर जिले में चर्चाएं तेज चल रही है।

# बिसवां के वकीलो ने भेजा राज्यपाल को ज्ञापन



**बिसवां सीतापुर।** कार्तिक के लिए वकीलों ने उठाई आवाज उठाते हुए एडवोकेट राजेन्द्र प्रताप सिंह और रजनीश मिश्र की अगुवाई में वकीलों ने दिया उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया हैं। गौर तलब हो कि जब बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन और बिसवां बार एसोसिएशन का शीर्ष नेतृत्व अपने अपने वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह के कार्यक्रमों की तैयारी में व्यस्त है और इस संवेदनशील मुद्दे के प्रति निगाह फेरे हुए है, तब दोनों एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संयुक्तरूप से कार्तिक की खोजबीन की लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां को सौंपा और मांग की कि मासूम बालक कार्तिक का शीघ्र से शीघ्र पता लगवाया जाए अन्यथा इस मामले को क्राइम ब्रांच या सीबीआई को सुपुर्द किया जाए। बताते चलें बीती 27 दिसम्बर को गुलजार शाह मेले से बिसवां के सेठगंज निवासी प्रेम मौर्या का 3 वर्षीय पुत्र कार्तिक गायब हो गया था तबसे 13 दिन गुजर जाने के बाद भी आज तक कार्तिक का कोई सुराग नहीं लग सका है।उक्त अवसर पर आनंद मेहरोत्रा इंतखाब आलम संतोष कठेरिया जीतेन्द्र मिश्र ऋतुराज सिंह राजेंद्र कुमार वर्मा मोहम्मद शोएब अनिल अवस्थी आनंद सिंह इकबाल तारीख खान नावेद सिद्दीकी ओम जी अनीस मिया कमल गुप्ता आदि बहुत से अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# आगे कुँवा पीछे खाई,बीच मे खड़ा सचिव मांगे जान की दुहाई

## ग्राम पंचायतो में आने वाली विकास निधि को निशाना बना रहे माननीय




**सीतापुर।** जनपद में लगातार ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान, प्रधान के नाम भुगतान, प्रधान परिजनों के नाम भुगतान व तमाम फर्जी भुगतान हैण्ड पम्प रिपोर व मरमम्त के नाम पर सचिव व प्रधान लाखो का घोटाला कर रहे है, लेकिन सचिव के द्वारा की गई काली कमाई के हिस्सेदार बहुत है घोटाले को अंजाम तक पहुचाने का काम सचिव करता है लेकिन हिस्सेदारी माननीयों तक वीआईपी के रूप में जाती है यह हालत है जनपद के विकास खण्ड गोंदलामऊ के जँहा कमिशन बाजी के खेल के सामने विकास कार्य दम तोड़ते नजर आ रहे है,ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है वही विकास खण्ड के कर्मचारी से लेकर माननीय तक मौज काट रहे है, एक तरफ प्रदेश के मुखिया भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के दावे करते नही थकते है वही दूसरी तरफ उन्ही के माननीय कमीशन बाजी कर मुख्यमंत्री के मंसूबो पर पानी फेरने का काम कर रहे है, विकास खण्ड गोंदलामऊ में दो लोकसभा क्षेत्र व दो विधानसभा क्षेत्रों से घिरा है जिसमे मूलतः सिधौली व मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र व मोहनलालगंज व मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र लगता है इस वजह से विकास खंड में चार माननीयों का राज चलता है प्रधान प्रतिनिधि ने जो बताया वो होशफाख्ता कर देने वाला था यदि प्रधान प्रतिनिधि कि माने जाए तो ब्लॉक पर कमीशनबाजी बहुत ज्यादा है प्रधान ने बताया कि सबसे ज्यादा वीआईपी देना पड़ता है,जो प्रधान व सचिव नही देते है तो ये लोग उस सम्बंधित को धमकाते है की नही दोगे तो जांच करा देंगे मजबूरी में सचिव को ये सब करना पड़ता है, भुगतान तो अलग अलग खातों में निकला जाता है देने के लिए क्योकि वीआइपी तो खाते में लेगा नही तो दूसरों के खाते में डाल कर फिर नगद दिया जाता है।

**गोंदलामऊ में वीआइपी सिस्टम के सामने कर्मचारी नतमस्तक :-**

अपनी नौकरी बचाने के लिए जो आदेश मिलता है वो करते है वो फिर चाहे घोटाले करने के आदेश ही क्यो न हो, सूत्र यह भी बताते है कि ग्राम पंचायत रामगढ़ के प्रधान ने माननीयों के सामने घुटने नही टेके व कमीशन देने से मना कर दिया जिस कारण उनकी जांच करा दी गयी,तीन तीन टीमो से जांच करा रहे।

# गाँव के रास्तों पर भरा कीचड़ व गंदा पानी टुटी पडीं नाली नहीं हो रही सुनवाई



**मिश्रिख-सीतापुर।** तहसील मिश्रीख के गोंदलामऊ के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर हरिहरपुर के गाँव में विगत कई वर्षों से गाँव के अंदर निकले रास्तों पर कीचड़ भरा रहता है, और बरिश के समय में ग्रामीणों को रास्तों पर भरें कीचड़ व गंदे पानी में होकर निकलने में, अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है और नली टुटी होने के कारण बच्चों बुजुर्गों को निकलने में भी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आए दिन कोई ना कोई बच्चा चोटिल होता रहता हैध् वही जगजीवन कुमार, बजकिशोर, विनोद, मनू, अनित, विपिन, गिरजेश, अनुज, भैयन, आदि समेत गाँव की कई महिलाओं व बताया कि गाँव में रास्तों पर भरें कीचड़ व गंदे पानी के निकास न होने से घर में जाता हैध् पानी के निकास कराए जाने को लेकर कई बार यहाँ के ग्राम प्रधान व उनके पुत्र पंचायत मित्र , सर्वेश यादव व सचिव व आदि जिम्मेदारों को मौखिक में अवगत कराया गया हैध, परन्तु अभी तक गाँव में रास्तों पर फैलीं गन्दगी की समस्या को दुर नही कराया गया है, जिससे गाँव के सभी लोगों को कीचड़ व गंदे पानी से बहुत ही जादा समस्या हो रही हैध् गाँव के लोगों ने , सम्बंधित अधिकारियों को व कर्मचारियों से शीघ्र ही निजात दिलाए जाने की मांग कर रहे हैंध,और ग्रामीणों का यह भी कहना नल अगर खराब हो जाऐ तो आप बनवाना पड़ता है जिसका पैसा स्वयं ग्रामीण देते हैं प्रधान इतना दबंग है कि कोई कहने जाए तो उसको द्वारा से भगा देता है अगर इस समस्या का निदान नहीं हुआ तो जिलाधिकारी सीतापुर के यहाँ तक जाएंगे क्योंकि यहां अगर कोई नहीं सुनेगा तो ऊपर तक जायेगें।

# होली परिक्रमा मेला को लेकर पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की हुई बैठक




**मिश्रित सीतापुर ।** महर्षि दधीचि की पावन तपो भूमि कस्बा मिश्रित में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2025 में होने वाली विश्व विख्यात 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर आज ब्लाक मिश्रित के सभागार में पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कर्मचारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया । आयोजित बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत सिंह सोमवंशी व आशीष कुमार तिवारी ने की । आयोजित बैठक में आगामी परिक्रमा मेला 2025 के सभी पड़ाव स्थलों पर प्रति दिन सुचारु रूप से संपूर्ण साफ सफाई को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई । और सभी पड़ाव स्थलों पर बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार को सौंपी गई है । उनको प्रत्येक पड़ाव पर सफाई कर्मचारियों की टीम का गठन करने का निर्देश भी दिया गया है । आयोजित बैठक में सभी सफाई कर्मचारियों ने तन , मन , धन से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आश्वासन दिया है । इस अवसर पर पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार , कोषाध्यक्ष राम लोटन , महामंत्री ऊदन कुमार रावत , संगठन सहयोगी अरविंद कुमार वर्मा , संगठन मंत्री कुलदीप कुमार , संप्रेक्षक पूनम देवी आदि के साथ ही संगठन के सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### इस कारण आवास समिट करने में हो रही परेशानी

**रामपुर मथुरा सीतापुर।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना हर गरीब को छत योजना के अंतर्गत सभी गरीब व्यक्तियों को आवास देने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सर्वे चल रहा है जिसके क्रम में सर्वेयरों के द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जा रहा है सर्वेयर भानु प्रताप रावत ने बताया कि मेरे द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत भागीपुर में आवास सर्वे किया जा रहा है जिसमें कहीं पर लाभार्थी का आधार मोबाइल से लिंक नहीं है तो कहीं बैंक खाता ई केवाईसी नहीं है किसी का जॉब कार्ड पति-पत्नी का एक्टिव नहीं है और किसी का आधार कार्ड बायोमैट्रिक न होने के कारण फाइनल सबमिट नहीं हो पा रहा है सुबह से शाम तक मात्र चार ही पात्रों को फाइनल सबमिट कर पाया है ऐसे में सभी आवास पात्र लाभार्थी अपना कागजात तैयार कर रखें जिससे आवास फाइनल समिट किया जा सके।

# इलाके बाघ की कम होने का नही ले रही नाम



**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर।** इलाके में बाघ दहशत कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। इसी के बीच वन अधिकारियों ने बुधवार को विशुनपुर गाँव पहुंचकर पगचिन्हों की जांच की तथा पगचिन्हों में पीओपी भरकर नमूने भी एकत्रित किए।शाम को विशुनपुर गाँव के पश्चिम सतीश तिवारी पुत्र सियाराम तिवारी के मकान के पास कुत्ते के ऊपर किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया था जिससे कुत्ता डर गया और घर की तरफ भागा। कुत्ते की आवाज सुनकर घरवालों ने जब खिड़की से देखा तो कोई संदिग्ध जानवर दिखाई दिया। जिसके बाद अन्य गाँव वालों को इसकी जानकारी दी गई। गाँव वाले लाठी- डंडा लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां पर बाघ के पगचिन्ह भी मिले तथा गन्ने के खेत से कुछ अजीब आवाज भी सुनाई पड़ रही थी। जिसके बाद गाँव वालों के द्वारा आग जलाई गई व शोर मचाया गया।बुधवार को वन विभाग रेंज सीतापुर के वन कर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर बाघ के पगचिन्हों में प्लास्टर आफ पेरिस भरा गया। ताकि इससे यह पता लगाया जा सके कि सिंहानीपारा व विशुनपुर में बाघ एक ही है या अलग- अलग हैं।डिप्टी रेंजर सीतापुर मुशीर अहमद ने बाघ के व्यवहार के बारे में ग्रामीणों को बताया व सतर्क रहने की हिदायत दी। उनके साथवन दरोगा अभिषेक रंजन पांडेय, राजकुमार, विवेक दीक्षित, अनुभव वर्मा, लक्ष्मी यादव, निकिता वर्मा, सौरभ शुक्ला, आनंद यादव, नीरज रावत, वन रक्षक राजेश कुमार मौजूद रहे।

# पकड़ा गया अवैध शिकार करने वाला शिकारी

**सीतापुर ।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने बताया कि दिनांक 08.01.2025 को सायंकाल 07:30 बजे सिधौली रेंज के अन्तर्गत ग्राम-दहावा स्थित झील में प्रतिबन्धित प्रजाति के पक्षियों का अवैध शिकार किये जाने की सूचना प्राप्त हुई, के क्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवाँ की अध्यक्षता में टीम का गठन करके अवैध शिकार करने वाले शिकारियों को पकड़ने हेतु दिनांक 09.01.2025 को प्रातः 6:00 बजे दबिश दी गई। दबिश के दौरान अभियुक्त रामू पुत्र श्री मुन्नी लाल निवासी ग्राम-महोली, थाना-रामपुर कलाँ व जिला-सीतापुर को मौके पर पकड़ा गया, अन्य 04 अज्ञात अभियुक्त मौके से भागने में सफल रहे। उक्त अभियुक्तों द्वारा प्रतिबन्धित प्रजाति कामन टील, व्हाइट टेल्ड लैपलिंग, ग्रे हैंडिड लैपलिंग, रेड वेटेल्ड लैपलिंग पक्षी बरामद किये गये। उक्त पक्षी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत अनुसूची-2 में सूचीबद्ध है, जिन्हें अवैध शिकार करके पंजों को मोड़कर झोले में रखा गया था।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में ज्यादा ज्यादा कराये जाये आवेदन-डीएम



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0 युवा) के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासनादेश में उल्लिखित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अधिक से अधिक आवेदन कराये जायें, जिससे जनपद के प्रतिभाशाली युवा लाभान्वित हो सकें। उन्होंने लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग लाभार्थियों को चिन्हांकन कराते हुये निर्धारित पोर्टल पर शीघ्र आवेदन कराना सुनिश्चित करें। कौशल विकास, उच्च शिक्षा, आई0टी0आई0, पॉलीटेक्निक, खादी ग्रामोद्योग, रोजगार सहायता, प्रोबेशन आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना में लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक आवेदन करायें। उन्होंने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि देश के सर्वाधित युवाओं वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता की गति देने तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन को साकार करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा अत्यन्त महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0-युवा) की मिशन मोड में शुरूआत की गयी है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष का लक्ष्य सूक्ष्म उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र की 01 लाख इकाईयों की स्थापना कराकर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना तथा दस वर्षों में प्रदेश के कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार युक्त बनाये जाने का लक्ष्य है।बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित युवाओं हेतु लांच की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि योजनान्तर्गत जनपद का लक्ष्य 1000 निर्धारित है, जिसमें दिनांक 24 जनवरी 2025 को उ0प्र0 दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम से पूर्व जनपद को 250 आवेदन कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण कराने वालों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में दिनांक-09 जनवरी 2025 को शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिसमें वीरेन्द्र कुमार, श्री शिवराम धवन तथा सुनीता शर्मा ने उक्त निरस्तीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने इनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं।उन्होंने बताया कि शिवराम धवन से0नि0 प्रधान सहायक जिलाधिकारी कार्यालय सीतापुर पुत्र श्री रामभरोसे निवासी पंचम पुरवा थाना कोतवाली देहात जिला सीतापुर के लाइसेंस संख्या-559 थाना कोतवाली पर अनुरक्षित शस्त्र 12 बोर एसबीबीएल गन को लाइसेंसी द्वारा लाइसेंस निरस्त किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जो स्वीकार किया गया। मृतक लाइसेंसी स्व0 रामऔतार पुत्र स्व0 परसादी निवासी ग्राम समोला थाना नीमसार जिला सीतापुर के लाइसेंस संख्या-34 थाना मिश्रित पर अनुरक्षित शस्त्र 12 बोर एसबीबीएल गन को उनके पुत्र वीरेन्द्र कुमार द्वारा लाइसेंस निरस्त किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जो स्वीकार किया गया।

### प्रथम व द्वितीय किशत रूप में सीतापुर को मिले 1867.95 लाख रूपये

**सीतापुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (स्थानीय निकाय) ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में दिनांक 07.01.2025 को 15वां वित्त आयोग (टाइट/अनटाइड ग्रान्ट) की प्रथम,द्वितीय किश्त की कार्ययोजना की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें 15वों वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट की प्रथम/द्वितीय किश्त के कम में जनपद सीतापुर को कुल 1867.95 लाख की धनराशि प्राप्त हुयी। जिसके अन्तर्गत निकायों में वेस्ट वाटर मैनेजमेंट रिसाइक्लिंग के अन्तर्गत नालो के प्रवाह हेतु नाला निर्माण किये जाने के लिए 1402.89 लाख, पेयजल की व्यवस्था को सुदृण किये जाने हेतु 168.73 लाख, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत संसाधन हेतु 296.85 लाख की कार्ययोजना की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी है।अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 15वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट की प्रथमध्द्वितीय किश्त के कम में जनपद सीतापुर को कुल 1245.30 लाख की धनराशि प्राप्त हुयी।

### सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता मनीष की मौत दो ही हालत गम्भीर




**सीतापुर।** सड़क हादसे कमें भाजपा मनीष द्विवेदी की मौत हो गई और दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। कोहरे और ठण्ड की वजह से उनकी बोलेरों अनियतित्रत होकर एक पेड़ से जा टकराई जिसके चलते हादसा हो गया। दुर्धटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। दुर्घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जिले की कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र में बुधवार देर रात तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकरा गई। इसमें एक भाजपा नेता की मौत हो गई। वहीं, दो को हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। महमूदाबाद-बिसवां रोड पर फायर स्टेशन के पास पेड़ से तेज रफ्तार बोलेरो टकराई है।सूचना पर आई पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को गाड़ी से बाहर निकाला। हादसे में रामपुर कला के तुलसी पुरवा निवासी मनीष द्विवेदी (35) की हादसे में मौत हो गई।यह भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष थे।

# मंडलीय तिलहन एवं किसान मेले का हुआ आयोजन

## स्वस्थ्य जीवन के लिये हाइब्रिड नही सामान्य बीजो करें चुनाव

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** जिले में नेशनल मिशन ऑन एडबिल ऑयल योजना के अंतर्गत मंडलीय तिलहन किसान मेला कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा ग्राम सभा करनाईपुर में आयोजित किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने मौजूद किसानों को फसलो के अधिक उत्पादन के टिप्स दिये। फल व सब्जी की प्रदर्शनी लगी थी। किसान को सम्बोधित करते हुये कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा के शस्य वैज्ञानिक पंकज सिंह ने बताया कि स्वस्थ्य जीवन के लिये हाइब्रिड बीजों के बजाय सामान्य प्रजाति के बीजों का चुनाव करें। और आय को बढ़ाने के लिये दलहनी व तिलहनी फसलों की सहफसली कर आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी। इसके अलावा बीज एवं लाइन से बुआई , ,फसलचक्र, खाद, सिचाई खरपतवार प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। दिया। उपनिदेशक कृषि डॉ प्रदीप कुमार कनौजिया ने किसानों किसान सम्मान निधि के लिये फ़ॉर्मर रजिस्ट्री कराने की बात कही।उन्होंने बताया कि इसके लिये महज 15 रुपये शुल्क लगता है। जिला कृषि अधिकारी ओ पी मिश्रा, सँयुक्त अपर कृषि निदेशक डॉ ए के मिश्रा, के वी के मसौधा के वैज्ञानिक डॉ राम गोपाल ने केला,डॉ विद्या सागर मौर्य पशुपालन और डॉ वी पी साही एवं जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने किसानों को वैज्ञानिक विधि से उत्पादन कर आय में वृद्धि के लिये अनेक महत्वपूर्ण जानकारी विभिन्न विषयो पर दी।और किसानों के सवालों के जवाब देकर सन्तुष्ट किया गया। इस दौरान किसान सुरेन्द्र सिंह, राजबहादुर वर्मा, राघवेंद्र सिंह,पवन कुमार, ,प्रेम प्रकाश, मनमोहन, रामजीत, विजय वर्मा ,कन्हैया लाल सहित अनेक किसान को कृषि ,पशुपालन तथा गन्ना विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

# विजिलेंस टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को विजिलेंस टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान 25 लोगों पर चोरी से विद्युत प्रयोग करने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। उपखंड अधिकारी तेंदुआई कला सत्यनारायन थारू की सूचना के अनुसार आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बभौंरा तेंदुईकला में पिछले दिनों विद्युत बकायेदारों का कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा काट दिया गया था जिसको विद्युत बकायेदारों द्वारा स्वतः ही अपनी लाइट को पुनः जोड़कर चोरी से प्रयोग की जा रही थी।बृहस्पतिवार को अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में विजिलेंस टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भभौंरा तेंदुईकला में चोरी से विद्युत प्रयोग करते हुए 25 लोगों को पकड़ा गया उन सभी लोगों पर विभाग द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया। आकस्मिक निरीक्षण में अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव, उपखंड अधिकारी तेंदुआई कला सत्यनारायन थारू, एवं विजिलेंस की टीम के साथ विद्युत विभाग के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के संबंध में बैठक




दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर ।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना कल्याण योजना के अंतर्गत तहसीलो में प्राप्त आवेदन पत्रों का शासनादेश में दिए गए निर्देशों के क्रम में जांच पूर्ण करते हुए 16 जनवरी 2025 तक निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दें, जिससे कोई भी आवेदन तहसील स्तर से लंबित न रहे।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार तथा संबंधित विभाग के अधिकारी,कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के कोतवाली अकबरपुर के सूईडीह निवासी विपुल पांडे पुत्र राम इंदर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए अपनी शिकायती पत्र में बताया है कि वह उपरोक्त पते का निवासी है। पीड़ित का आरोप लगाया है कि 6 जनवरी 2025 को दिन में लगभग 2ः00 बजे अकबरपुर तहसील मुख्यालय से अपने पिता के साथ बाइक से घर आ रहा था, तभी बस अड्डे के निकट उपरिगामी सेतु से होकर जा रहा था, कि गांव के रहने वाले विवेक पांडे पुत्र हनुमान पांडे ग्राम ग्राम सूईडीह थाना कोतवाली अकबरपुर ने पुरानी रंजीस के चलते मुझे और मेरे पिता को जान से मार डालने की नीयत से बिना नंबर प्लेट पिकअप वहान से टक्कर मार दिया द्य जिससे हम लोग सड़क पर गिर गए द्य और घायल हो गए आरोपी भद्दी भद्दी गली गलौज और जान से मारने डालने की धमकी देते हुए फरार हो गया, बताया पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर घटना स्थल का जायजा लिया उचित कार्रवाई करने का अनुशासन दिया द्यपीड़ित ने आगे शिकायत पत्र में पिकअप वाहन नगर के शाहजहांपुर कस्बा में दोस्तपुर रोड स्थित ज्ञानी ट्रांसपोर्ट का है, जिसे आरोपी चलता है।पीड़ित ने बताया कि शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# अखिलेश यादव के तंज पर भड़की श्री राम सेना

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** अयोध्या के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी केवल संत महंत के भाई ही नहीं है पूरे भारत एवं हर सनातनी भाई की शान है एवं अखिलेश यादव उस पिता के पुत्र है जिन्होंने साधु संतों एवं हजारों कार सेवको के ऊपर गोलियां चलवाई अखिलेश यादव को ना तो हनुमान चालीसा याद होगा और ना ही उनकी सांसद धर्म पत्नी को अखिलेश यादव यह भूल गए कि जब उनकी सरकार थी तो गुंडे माफिया जैसे अतीक अहमद अफजाल अंसारी जैसे गुंडे माफिया उनकी सरकार चलाते थे अखिलेश यादव पहले अपने गिरोबान में झांक कर देखें एवं श्री राम सेना उन्हें खुला चैलेंज देती है कि वह बिना देखे हनुमान चालीसा का पाठ करके दिखाएं अन्यथा मक्का मदीना में जाकर नमाज अदा करें जो उनके मियां दाढ़ी के काम आएगा।

# डिजिटलीकरण के बाद अब क्यूआर कोर्ड से जुड़ेगी नगर पंचायत सिधौली

**सिधौली -सीतापुर।** नगर निकायों में भवनों के डिजिटलीकरण के बाद इन्हें क्यूआर कोड से जोड़ने की कवायद की जा रही है। इसी पहल को अब नगर पंचायत भी अमली जामा पहनाने जा रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो बहुत जल्द इसकी शुरुआत भी कर दी जाएगी। बताते हैं इससे नगर वासी गृह एवं जल कर जमा करने के साथ अपनी शिकायतें व उसकी स्थिति भी जान सकेंगे। अभिनव प्रयोगों से मिल रही सुविधाओं के बाद अब नगर पंचायत के लोग डिजिटल होने जा रहे हैं। यानी घर बैठे नगर पंचायत संबंधी कामकाज व कर भुगतान की सुविधा उन्हें अपने मकान में मिलने जा रही है। अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव द्वारा इस बाबत तैयारी पूरी कर ली गई है। नगर पंचायत कर्मी कस्बे की सीमा अंतर्गत भवनों का सत्यापन करने में जुट गए हैं। कस्बे में सुमार 14 वार्डों में नगर पंचायत क्यूआर कोड की सुविधा देने जा रही है। जिससे भवनों में लगे डायनेमिक क्यूआर कोड को लोग अपने मोबाइल से स्कैन कर इसका लाभ ले सकेंगे। शुरूआती दौर में इसमें कुछ सेवाएं प्राप्त होगी जबकि आगे अन्य सुविधाएं को भी इससे जोड़ा जाएगा। नगर पंचायत द्वारा भवनों में लगने वाले क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद गृहकर ,जलकर जमा करने की सुविधा मिलेगी। इसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन मानिटरिंग भी की जा सकेगी। कूड़ा निस्तारण एवं साफ सफाई संबंधी शिकायत भी इस पर आप कर सकेंगे जबकि शिकायत की प्रगति रिपोर्ट भी इस पर आपको मिलेगी। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रेणुका यादव ने बताया हाल फिलहाल सूची में 6100 भवन सत्यापित हुए हैं। बाकी काम बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। डायनेमिक क्यूआर कोड से जोड़ने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। क्यूआर स्कैन के बाद रजिस्ट्रेशन पूरा करते ही भवन स्वामी के नंबर पर बिल इमेल व मैसेज से प्राप्त होगा। इसकी रसीद भी आनलाइन प्राप्त हो जाएगी।

# तमसा नदी में मरीं मिलीं मछलियां, जांच के आदेश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** अकबरपुर-शहजादपुर के बीच से निकली पौराणिक नदी तमसा में बुधवार को अचानक मछलियों और अन्य जलीय जीवों के मरने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी में जहरीला पानी छोड़े जाने से ऐसा हुआ है। एसडीएम सौरभ शुक्ल और ईओ बीना सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की।जिला मुख्यालय के गायत्री मंदिर के निकट तमसा नदी के तट पर दोपहर 12 बजे अचानक लोगों की भीड़ जमा होने लगी। अचानक पानी में मछलियों की उछलकूद देख लोग इनका शिकार करने के लिए उमड़ पड़े। करीब आधे घंटे के बाद पानी में अचानक हलचल बंद हो गई और सतह पर मछलियां उतराने लगीं। जानकारी में आया कि एक संस्था की ओर से नदी में दूषित पानी प्रवाहित कर दिया गया, जिसके चलते मछलियां और जलीय जीव मरने लगे। पिछले साल भी ऐसे ही दूषित पानी नदी में प्रवाहित किया गया था। एसडीएम ने बताया कि जांच के लिए पानी का नमूना भेजा गया है।

## बदमाशें और ग्रामीणों की बीच फायरिंग एक बदमाश की मौत ग्रामीण हुआ घायल

**सीतापुर।** लूट पाट करने के नीयत से घर में घुसे बदमाशों और ग्रामीणों के बची फायरिंग हो गई। बदमाशों की अंधा धंन्ध फायरिग से एक ग्रामीण घायल हुआ तो जवाब फायिरंग में एक बदमाश की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। बदमाश की पहचान की जा रही है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के सकरन थाना क्षेत्र के भडौली लखनियापुर गांव में बीती देर रात बदमाशों व ग्रामीणों के बीच फायरिंग हुई। इसमें एक बदमाश व एक ग्रामीण घायल हुए। घायल अज्ञात बदमाश व ग्रामीण को सीएचसी लहरपुर लाया गया। वहां से बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, ग्रामीण का इलाज जारी है और स्थिति सामान्य है। वहीं, बदमाश ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। बदमाश की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि भड़ौली लखनियापुर निवासी फुद्दी यादव के घर में रात में करीब 12 बजे कुछ अज्ञात चोर चोरी करने की नियत से घुस आये थे। आहट होने पर अज्ञात चोरों द्वारा भागने की कोशिश की गयी जिसमें घर के पीछे की ओर गन्ने के खेत से चोर द्वारा भागने व वेद प्रकाश व अन्य ग्रामीणों द्वारा पकड़ने के दौरान कटीले तार से वेद प्रकाश के पेट के निकट व एक अज्ञात चोर के सिर में चोट आयी। ग्रामीणों द्वारा भी चोर से मारपीट की गई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने वेद प्रकाश व बदमाश को सीएचसी लहरपुर में भर्ती कराया गया है। जहां वेद प्रकाश की स्थिति सामान्य है। अज्ञात चोर को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया, इलाज के दौरान अज्ञात चोर ने दम तोड़ दिया। उसकी शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। वहीं, टीम गठित कर अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।ग्रामीणों ने देर रात दो राउंड फायरिंग की बात बताई है। ग्रामीण प्रहलाद ने बताया कि बदमाशों की आहट मिलने पर फुद्दी और वेद प्रकाश ने घर के पिछले हिस्से की घेराबंदी की। बदमाश समान लेकर निकल रहे थे। इस दौरान एक बदमाश को पकड़ा गया तभी उसके साथियों ने दो राउंड फायरिंग की। एक गोली वेद प्रकाश के पेट मे लगी है। उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया है।

# कप्तान साहब! जनशिकायतो पर ध्यान नहीं देती जैदपुर पुलिस, बढ़ रही अपराधिक घटनाये

## अहमदपुर चौकी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी,चोरों पर नहीं हो रही कार्यवाही, चोरों के हौसले बुलंद

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
समाचार पत्र बाराबंकी

**जैदपुर बाराबंकी।** शासन व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के सख्त कार्य शैली के बावजूद अधीनस्थ जन शिकायतो को दरकिनार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।जैदपुर थाना पुलिस की कार्यशैली से लोगो में भारी आक्रोश व्याप्त है।जैदपुर थाने से संबद्ध पुलिस चौकी अहमदपुर क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है।प्रतिबंधित कार्य जोरो पर है।पुलिस के आला अफसर लगातार क्राइम मीटिंग व नए नए फरमान जारी कर अपने मातहतों को गश्त करने व पुलिसिंग करने की सलाह देते रहे हैं।लेकिन इसके बावजूद भी चोर लगातार पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जैदपुर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी अहमदपुर में चौकी प्रभारी सौम्य कुमार जायसवाल की कार्यशैली से क्षेत्रीय जनता में असंतोष व्याप्त है।चूंकि अभी हाल ही में लगभग दर्जनों चोरियां होने के बाद पुलिस उनका पर्दाफाश करने में असफल रही फिर भी आला अफसर कोई ध्यान नहीं दे रहे।घटनाओ को सुन लोगो को भय सताने लगा है।अगर समय रहते कोई सही अधिकारी के जिम्मे यह क्षेत्र न सौंपा गया तो कोई बड़ी घटना न घटित हो जाए।



सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में एक के बाद एक चोरियां व पुलिस द्वारा बेवजह जनता को चेकिंग के नाम पर परेशान करना व उनसे धन उगाही करना आम बात है।बीते 24 नवंबर 2024 की रात में प्राथमिक विद्यालय पूरे अमेठिया में चोरों ने ताला तोड़कर वहां रखे सरकारी अभिलेख,रजिस्टर सहित अन्य सामान को चुरा ले गए।जिसके संबंध में प्रधानाचार्य आजाद सिंह ने प्रार्थना पत्र अहमदपुर चौकी प्रभारी को दिया, कार्यवाही न होने पर कोतवाली जैदपुर में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई।23 दिसंबर 2024 को चौकी क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय ककरहा में चोरों ने गैस सिलेंडर सहित अन्य समान चुरा ले गए। जिसकी शिकायत प्रधानाचार्या सरिता शर्मा ने डायल 112, लिखित व ऑनलाइन दर्ज कराई,अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। नए वर्ष में भी 04 जनवरी को कटैया गांव में घर पर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी,अहमदपुर चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित प्रतिष्ठान से मोबाइल चोरी जिसकी शिकायत आलोक यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल ( 40017624013899) पर दर्ज कराई,कुछ दिनों के बाद दूसरी चोरी चौकी से महज 300 मीटर की दूरी में बाला जी मिष्ठान पर नीरज कुमार का सैमसंग मोबाइल चोरी हो गया।जिसकी ऑनलाइन व लिखित शिकायत पीड़ित ने दर्ज कराई। 03 सितम्बर 2024 की रात्रि में अहमदपुर कस्बे में दो टैक्सी गाड़ियों के पाइप काटकर पेट्रोल चोरी हुई,इसी के कुछ दिनों बाद नवंबर माह में परसोला गांव में बाइक चोरी हुई,17/18 नवंबर 2024 की रात्रि में वन माफियाओं ने चोरी से ग्राम छंदवल में काटे आम,शीशम व गूलर के प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों को ग्राम कटैया में ठेकेदार ननकऊ द्वारा आम का पेड़ किसान रामेश्वर रावत का काटा गया,विश्वस सूत्रों के मुताबिक इस मामले में चौकी प्रभारी ने लकड़ी से तख्त बनवाने के नाम पर ठेकेदार को बरी कर दिया। पूरे अमेठिया में कमलेश कुमार की चोरी हुई बकरियों का महीनों हो गए पता नहीं चला।फिलहाल उपरोक्त हुई चोरियों का पुलिस द्वारा न अब तक पर्दाफाश किया गया और न ही इन मामलों में अब तक कोई एफआईआर दर्ज की गई जबकि पीड़ितों द्वारा सभी मामलों में लिखित तहरीर दी गई।कई जमीनों पर अवैध खनन का मामला भी प्रकाश में आया। बीते 03 जनवरी को चौकी क्षेत्र अहमदपुर में खनन माफियाओं द्वारा पुलिस की मिली भगत से कई बीघे खेतों में अवैध खनन किया।जिसका प्रकाशन समाचार पत्रों में हुआ। 15 दिसंबर 2024 को ग्राम सभा छंदवल में एक सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा था, सूत्रों के मुताबिक यह कार्य चौकी प्रभारी की संरक्षणता में चल रहा था,नायब तहसीलदार सूर्यपुर द्वारा चौकी प्रभारी को सख्त हिदायत देते हुए तत्काल कार्य बंद कराने के निर्देशित किया गया।लेकिन पुलिस ने कार्य नहीं बंद कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### (उदय सुरेश भाई ठक्कर मुंबई)

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा कि नई दिल्ली, सरकार ने अगर किसानों और चीनी संगठनों की बात मानी तो जल्द ही मीठा खाना महंगा हो जाएगा. इसकी वजह है चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया जाना, जिसकी मांग लंबे से की जा रही है. किसानों और चीनी संगठनों ने इसका एमएसपी बढ़ाने की मांग की है, जो साल 2019 के बाद से ही नहीं बढ़ाया गया है. अगर सरकार एमएसपी में बढ़ोतरी करती है तो खुदरा बाजार में भी चीनी के रेट निश्चित तौर पर बढ़ जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि एमएसपी बढ़ाने जाने की मांग है। विभाग इस मामले से अवगत है. हम जल्द ही फैसला लेंगे कि इसे बढ़ाना है या नहीं. भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) व राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) को 39.14 रुपये प्रति किलोग्राम या यहां तक कि 42 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं.अभी चीनी का एमएसपी 31 रूपये प्रति किलो है। महंगी होने वाली है चीनी! सीधे 11 रुपये बढ़ सकते हैं दाम, किसानों को होगा फायदा पर आम आदमी की कटेगी जेब।

### उपायुक्त ने की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**नूंह।** नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हाल में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और उनके विभाग से संबंधित विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ विकास कार्यों की प्रगति के लिए कार्य करें और बिना वजह कार्यों को लंबित न रखें। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में प्रतिदिन विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिन पर संबंधित विभाग गंभीरता से कार्य करें। सरकार ने कई योजनाओं के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है, उन कार्यों को उसी समय सीमा में पूरा किया जाए। सीएम घोषणाओं से संबंधित कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाए। उन्होंने बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्वामीत्व योजना, मनरेगा, सीएम घोषणाएं, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, प्रॉपटी आईडी व एसएमजीटी सहित अनेक योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसीयूटी अनिरूद्ध यादव, एसडीएम प्रदीप अहलावत, सीटीएम अशोक कुमार, आरटीए मुनीष सहगल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गुरु बार आपके चरणों में करते हम ध्यान, नींव करोली बाबा को कोटि कोटि प्रणाम



केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत

**पीलीभीत।** हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का चतुर्थ वार्षिकउत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव के प्रथम दिन काशीराम कॉलोनीईदगाह से बाबा की भव्य शोभा यात्रा का आगाज किया गया। सर्वप्रथम बालाजी महाराज एवं नींव करोली बाबा पूजा अर्चना की गई। फिर बंद बजे के साथ बाबा की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा में बालाजी महाराज भव्य दरबार सजाया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। जहांश्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के साथ नीम करोली के संपूर्ण दर्शन किए। शोभा यात्रा में सर्वप्रथम महाराष्ट्र की शान कहे जाने वाले नासिक ढोल बजाते हुए चले। इसके बाद गणेश जी की भव्य प्रतिमा, प्रभु श्री राम के संपूर्ण दर्शन, महर्षि वाल्मीकि, मां दुर्गा के साथ पीलीभीत की धरोहर सिद्ध बाबा, भारत की शान देवरा बाबा के साथ समस्त संतो के दर्शन का मनमोहक सिंहासन सजाया गया। बाबा के दरबार में दरबार के महंत विशाल सेवक के द्वारा बाबा हम पर दया कीजिए, तेरे हाथों का मैं झुनझुना, सारे जग में तेरी धूम बाला जी जैसे भजनों पर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए। तो भाई बाबा के भजनों पर श्रद्धालुओं में जमकर डांस किया। शोभायात्रा काशीराम कॉलोनी ईदगाह से शुरू होते हुए लकड़ीमंडी, जेपी रोड, ड्रमंड गंज, नींबू मंडी, स्टेशन रोड, गैस चौराहा होते हुए सुनगढ़ी तिराहे पर पहुंची।

# ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर ठूठीबारी की लड़की ने दी जान, मची सनसनी

### ठूठीबारी की लड़की नेपाल के गोबरहिया हुई थी शादी, पति विदेश

**निचलौल ( महराजगंज )।** नेपाल के गोबरहिया में शादी हुई ठूठीबारी की लड़की ने बीती रात फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। जिससे क्षेत्र में सनसनी मच गई। घटना से दो महीने पूर्व से पति विदेश में है। वहीं मृतका नेहा उम्र 25 वर्ष के दोनों मासूम बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। बच्चों का रोना देखकर हर किसी आंखे नम हो जा रही है। घटना से मृतका के मायका ठूठीबारी में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची नेपाल के गोबरहिया पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए नवल परासी भेज दिया है। वहीं सूचना मिलते ही परिजन ठूठीबारी से नवलपरासी के लिए रवाना हो गए हैं। ठूठीबारी के कालीगंज निवासी चंदन ने बताया कि करीब छ वर्ष पूर्व मृतका बहन



नेहा की शादी नेपाल के सरावल गांव पालिका के गोबरहिया निवासी सुनील कुमार से हुई थी। दोनों से दो बच्चे है। बड़ी लड़की चार व छोटी तीन वर्ष की है। दोनों का गृहस्थ जीवन सुखी पूर्वक चल रहा था। अभी करीब दो महीने पूर्व पति सुनील विदेश गया हुआ है। इन दिनो सास बहु और देवर से किसी बात को लेकर घर में अनबन चल रहा था। बुधवार की रात खाना खाकर घर के सभी लोग अपने कमरे में चले गए। मृतका नेहा भी अपने दोनो बच्चों को लेकर कमरे चली गई। करीब 11 बजे किसी काम से जगी तो घर में दोनो बच्चों की आवाज सुनाई दी। जिस पर कमरा खोलकर देखा तो मृतका नेहा घर की कुंडी से लटकती दिखाई दी। जिस पर चीखने चिल्लाने लगी। जिससे घर के अगल बगल के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। इस बाबत गोबरहिया नेपाल के चौकी इंचार्ज माधव प्रसाद पोखरेल ने बताया कि शव को पीएम के लिए नवलपरासी भेजा गया है। अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

# फर्जी तरीके से प्लाट बेचने वाले छह अभियुक्त गिरफ्तार

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र )

**आगरा।** धन लाभ कमाने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर व्यक्ति के प्लाट को फर्जी तरीके से बेचने वाले उह अभियुक्तों को थाना शाहगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। दिनांक 1 फरवरी 2024 को एक पीड़ित द्वारा थाना शाहगंज पर तहरीर दी गई कि पीड़ित ने वैशाली नगर मौजा करवरी में दिनांक 30 फरवरी 2022 को नेत्रपाल पुत्र रोशनलाल से अपनी पत्नी व पुत्र के नाम प्लॉट खरीदा था। प्लाट पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर अशोक फौजदार नामक व्यक्ति ने यह कहते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया की यह प्लाट उसके रिश्तेदार का है। जब उपरोक्त व्यक्ति ने प्लाट की रजिस्ट्री दिखायी तब वह 7. मई 2017 की मिली भीष्मपाल सिंह द्वारा पीड़ित के प्लाट के कूटरचित




दस्तावेज तैयार कर पीड़ित के प्लाट की रजिस्ट्री अपने नाम कर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी की गयी थी। उपरोक्त पंजीकृत अभियोग की विवेचना के क्रम में नामजद भीष्मपाल सिंह व भीष्मपाल सिंह के अन्य 5 साथियों के नाम प्रकाश में आए। धोखाधड़ी के प्रकरण में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना शाहगंज पर पुलिस टीमों का गठन किया गया बुधवार को थाना शाहगंज पर गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत गश्त/चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर उपरोक्त धोखाधड़ी की घटना में संलिप्त 6 अभियुक्तों को वायु विहार तिराहा के पास 100 फुटा रोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया । थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियक्तों में अमित कुमार पुत्र भीष्मपाल सिंह निवासी ग्राम पोस्ट सहारा थाना किरावली, भीष्मपाल सिंह पुत्र स्व थान सिंह निवासी ग्राम सहारा थाना किरावली, रणधीर सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम कमौरा पो0 मडौरा थाना बलदेव जनपद मथुरा, निर्मल सिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी ग्राम जदौरा थाना किरावली मोनू उर्फ मनमोहन सिंह पुत्र खम्मन सिंह मूल निवासी ग्राम अलवतिया थाना जगदीशपुरा हाल निवासी ए1 303 एल्डिको एलिगेन्स विभूतीखण्ड थाना विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ, विजय कुमार पुत्र स्व नेम सिंह मूल निवासी ग्राम उत्तम गढ़ी थाना अतरैली जनपद अलीगढ़ हाल निवासी डी 77 नटबर नगर धौली प्याऊ थाना हाईवे जनपद मथुरा है।

# सड़क निर्माण का कार्य पूजा अर्चना उपरांत हुआ प्रारंभ

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर ब्यूरो विकास कुमार की रिपोर्ट

**डूमरकछार/पौराधार।** नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड क्रमांक 04 मे लगभग 185 मीटर सीसी सड़क के निर्माण कार्य का 8 जनवरी को पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन कर किया गया । भूमि पूजन कार्यक्रम निकाय अध्यक्ष व जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर बिंझवार, सभापति रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, रंजीत कुमार वर्मा, पार्षदगण निर्भय नारायण राव, विजेंद्र देवांगन व अन्य




जनप्रतिनिधियो, वरिष्ठजनो के गरिमामय उपस्थिति मे संपन्न हुआ । उल्लेखनीय है कि नगर परिषद डूमरकछार द्वारा जनहित मे विभिन्न विकास कार्य निरंतर किए जा रहे है,उक्त सड़क निर्माण कार्य के लिए स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी जिसे देखते हुए न केवल उक्त मार्ग बनाने का निर्णय परिषद के पदाधिकारियों ने किया,विधिवत पूजा अर्चना कर उक्त निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गयी है। इस अवसर पर निकाय के उपयंत्री शिवराम इंडपाचे, पार्षद पति राजेन्द्र महरा,योगेश पालीवाल,के.एन शर्मा,नागरिक गण अशोक वर्मा, संजीत दूबे,दिवाकर सिंह, सुजीत पाण्डेय, गौरीशंकर, टिंकू पाण्डेय,मनोज,परिषद के कर्मचारी हरीश सिंह,अजय राम, तीरथ पनिका,गौरव महाता,एजाज अहमद,शत्रुंजय पाण्डेय,मुन्नापाल, त्रिलोकीनाथ राय संधान ट्रस्ट के जय प्रकाश रवि, सुरेश यादव समेत अन्य कर्मचारी,नागरिगण उपस्थित रहे ।

# सरपंच पदों के लिए आरक्षण मुंडा पंचायत सामान्य सीट महिला

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभाग्रह में 8 जनवरी को बलौदाबाजार विकासखंड के 106 ग्राम पंचायतो के सरपंच पदों के लिए आरक्षण लॉटरी सिस्टम से निकाली गई। जिसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग सामान्य वर्ग और महिला आरक्षण के तहत पदों का निर्धारण किया गया। वहीं आरक्षण जारी होती ही कई ग्राम पंचायतो में सरपंच के लिए दावेदारी करने वाले



लोगों में कही खुशी तो कही मायूसी भी देखी गई। वहीं आरक्षण सूची जारी होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतो में आगामी पंचायत चुनावो की तैयारी शुरू हो गई है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत के नाम से जाने वाले मुंडा में सरपंच का आरक्षण सामान्य महिला सीट हुआ है। 2300 मतदाता और 20 वार्ड वाले इस ग्राम पंचायत में 15 वार्ड ग्राम पंचायत मुंडा में तो वही 5 वार्ड उनके आश्रित गांव ढनढनी में आते हैं। सामान्य सीट महिला आने के बाद दावेदारों के भी लंबी लाइन लगने की संभावना जताई जा रही है। वहीं कई दावेदार के परिजन अभी से लोगों के बीच समर्थन मांगते हुए दिखाई दे रहे। अब आने वाला समय ही बताया कि नामांकन के बाद कितने दावेदार उभर कर आएंगे।

# कलेक्टर दीपक सोनी ने किया कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

### अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** गुड गवर्नेन्स के लिए समय पर अधिकारी कर्मचारियों का कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य संपादन करने कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के अनुपालना की हकीकत जानने कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण पर निकले जिसमें 7 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले।इसमें से कार्यालयीन कार्य से फील्ड दौरे पर गए उप संचालक नगर तथा ग्राम निवेश सहायक मत्स्य अधिकारी को लाईव लोकेशन भेजने तथा अनुपस्थित शेष 5 अधिकारी -कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को



निर्धारित समय प्रात:10 बजे कार्यालय पहुंचने व लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान खाद्य शाखा महिला एवं बाला विकास विभाग खनिज शाखा आबकारी विभाग खादी एवं ग्रामोद्योग हथ करघा अंत्यावसायी आयुष नगर तथा ग्राम निवेश आर्थिक योजना एवं सांख्ययिकी श्रम आदिवासी विकास उद्यानिकी मत्स्य पालन ट्रेजरी समाज समाज कल्याण भू अभिलेख वित्त लिपिक शिकायत शाखा नाजिर आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया और उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में सहायक जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रभारी प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यवसायी उद्यानिकी विभाग मोनिका सहायक ग्रेड 3 खाद्य शाखा कम्प्यूटर ऑपरेटर मोती लाल वर्मा शामिल हैं।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायतपत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

**बांदा।** आपको बता दें कि पूरा मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा का है जहां पर पीड़िता पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायतपत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता लीला देवी पत्नी राजकुमार प्रजापति,निवासी मोहल्ला-भगवती नगर कस्बा तिन्दवारी, थाना तिन्दवारी, जिला बाँदा की है। पीड़िता एक गरीब, मजदूर महिला है। दिनांक 25.12.2024 समय 8 बजे शाम को ईट भट्ठे का ठेकेदार बाबादीन प्रजापति और लड़का सुरेश पुत्र बाबादीन, निवासी मोहल्ला-खाईपार, बाँदा एवं राममिलन पुत्र नामालूम, भूरा निवासी - खाईपार, घमंडी पुत्र लल्लू प्रजापति, निवासी- अनौसा, थाना बबेरू, रामकरण प्रजापति, निवासी-अमवा, थाना बिसण्डा एकराय होकर पीड़िता व पीड़िता के पति राजकुमार तथा नन्द मधू पत्नी मनोज को जबरजस्ती साई ईंट भट्ठा जारगो, कस्बा मुरार, जिला ग्वालियर (म0प्र0) ले गये और बन्धक बनाकर डरवा-धमकाकर




ईंट पथाई का काम कराने लगे और कहा कि जो लेबर गोखरही की भाग गई है, उनका सारा दिया हुआ रूपया पेशगी का तुम्हें भुगतान करना होगा। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़िता व पीड़िता के पति ने ऐतराज किया, तो उक्त सभी लोग दिनांक 29.12.2024 को रात 8 बजे मारा-पीटा एवं गम्भीर हालत में पीड़िता के पति राजकुमार को

कहीं ले गये। जिसका आज तक कोई पता नहीं चला। पीड़िता को शंका है कि पीड़िता के पति की उक्त लोगों द्वारा हत्या कर लाश गायब कर दी गई है। पीडिता व पीड़िता की ननद मधु जान बचाकर अपने घर भाग आई और परिजनों से बताया तथा दिनांक 30.12.2024 को थाना तिन्दवारी में लिखित शिकायत पत्र दिया, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। उक्त ठेकेदार गुण्डा, पैसे वाला, प्रभावशाली व्यक्ति है, जो पीड़िता की भी हत्या कर सकता है। मांग है कि उक्त प्रकरण को गम्भीर समस्या को देखते हुये, उक्त ठेकेदार बाबादीन प्रजापति, सुरेश, राममिलन, भूरा, घमण्डी, रामकरण के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही करें यदि उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई, तो पीड़िता मजबूरीवश अनशन पर बैठने को मजबूर होगी।

### महेश्वरी मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का नगीना मंडल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुआ जोरदार स्वागत



नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि आज नगर नगीना मैं पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महेश्वरी सुभाष शर्मा का फूल माला पहना कर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वहां पर पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्र मंत्री अनूप बाल्मीकि नगीना विधानसभा के युवा नेता रोहित रवि बिजनौर जिले की महिला नेत्री विधानसभा संयोजक रजनी कालरा कुंवर कृष्ण बलदेव पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने नि वर्तमान अध्यक्ष नीरज बिश्नोई माहेश्वरी ने वर्तमान मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी सोहन सैनी अर्णव चौधरी मुकेश चौधरी सुशील सैनी अमन कुमार भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### थाना थरियांव पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

संक्षिप्त विवरण- श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.01.2025 को थाना थरियांव पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-04/2025 धारा 191(2)/103(1)/238ए बीएनएस थाना थरियांव से संबंधित वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार उर्फ संजय पुत्र रामकिशोर निवासी रामपुर थरियांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- 1. अरविन्द कुमार उर्फ संजय पुत्र रामकिशोर निवासी रामपुर थरियांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर उम्र करीब 40 वर्ष।

# विद्यालयों में किया गया नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

### नशे से दूर रहने बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से अरुण कश्यप

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिले के समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालयीन बच्चों को बताया गया कि वर्तमान समय में नशा मनुष्य के नाश का कारण बन चुका है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं भी नशे से दूर होकर अन्य लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे के कारण होने वाले दुर्घटना से सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक रूप से भी क्षति होती है। नशा समाज के लिए भी हानिकारक व नुकसानदायी है। जो भी नशे की समस्या से जूझ रहे है उन्हें सकारात्मक विचार अपनाने, योगाभ्यास, व्यायाम करने, विशेषज्ञ से सलाह लेने, खुद में व्यवहार परिवर्तन कर अच्छी आदतें को अपनाने की जरूरत है। उन्हें





जानकारी दी गई कि बलरामपुर मुख्यालय के मिशन रोड में केंद्र में नशा पीड़ितों के लिए नि:शुल्क उपचार, पुनर्वास और काउंसलिंग सेवाएं प्रदान की जाती है। वर्तमान में केंद्र में 15 बिस्तरों की आवासीय सुविधा उपलब्ध है, जहां पीड़ितों को समुचित देखभाल और आवश्यक चिकित्सीय सहायता दी जाती है। खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ऐसे जो नशे की समस्या से जूझ रहे है। उन्हें केंद्र के बारे अवश्य बताएं इससे जिले में नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को बेहतर सहायता मिल पाएगी। नशा मुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा अपने-अपने विद्यालय के आस-पास के पारे मोहल्ले में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए ग्रामीणों को नशा से विमुक्त होने रैली निकाली गई। इसके साथ ही कोटपा एक्ट अंतर्गत विद्यालय के 100 मीटर तक नशे की सामग्री न बेचे जाने की भी अपील की और बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं को नशा से विमुक्त करने हेतु सक्रियता से भाग लेने का शपथ कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिरकार गौशाला से गोवंश कहां गायब हो रहा है



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता

कमासिन ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली में संचालित अस्थाई गौशाला में 125 गोवंश की जगह सिर्फ 90 गोवंश मिले जो की लगातार क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारी गौशालयों को भ्रमण भी करते हैं लेकिन ऐसी घटनाएं सामने आती हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्रीय अधिकारी की मिली भगत से यह घटनाएं हो रही हैं इतने ज्यादा गोवंश कैसे काम हो सकते हैं क्षेत्रीय पशु अधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया 125 गोवंश की डिमांड लगाई है और उन्होंने बताया कि एक दिन पहले हमने गिनती भी की लेकिन गिनती की थी लेकिन हमने जब हमारी टीम ने गिनती की वहां सिर्फ वहां 90 गोवंश मिले और ग्राम प्रधान मौके में उपस्थित रहे आखिरकार 35 गोवंश गौशाला से कहां गायब हो गए गौशाला से गौ तस्करी हो रही है या फिर मिली भगत से गोवंश की गिनती बढ़ाई जा रही है।

### नियमो को ताक पर रखकर फर्राटा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

**बाराबंकी।** नियमो को ताक पर रखकर फर्राटा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। अभियान के दौरान ओवरस्पीडिंग, ड्रक एंण्ड ड्राइव, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, बकाया टैक्स, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस की जांच करते हुये सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभियान के विषय मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर अभियान के दौरान फरवरी 2024 से बिना फिटेनस के स्कूली बस, 1 बस बिना स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस, 6 महीने से बकाया टैक्स समेत कुल 9 वाहनो को सीज किया गया। इसके साथ ही साई इण्टर कालेज के सामने छात्रो द्वारा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाते मिलने पर कुल 33 चालान किये गये। तथा छात्रो को नियमो का पालन करने की शपथ दिलाई।

### समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा निवारण



प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर नूंह 09 जनवरी - नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण करवाया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हर कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त वीरवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किए समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र सहित अनेक शिकायतें आई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निवारण करवा दिया गया। वहीं लंबित रही शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित अधिकारी को जल्द निवारण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नूंह में लगाए समाधान शिविर में 8 शिकायतें प्राप्त हुई तथा उपमंडल फिरोजुपर-झिरका में 01 तथा उपमंडल पुन्हाना में आयोजित समाधान शिविर में एक शिकायत प्राप्त हुई जिनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम प्रदीप अहलावत, नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चेयरमैंन पद के कांग्रेस प्रत्याशी ने कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने को दरकिनार करते हुए जनसभा को किया संबोधित

विशेष संवाददाता/ अनिल वर्मा
हिंदुस्तान केसरिया

**लक्सर।** नगर पालिका से चेयरमैन पद के कांग्रेस प्रत्याशी जगदेव सिंह उर्फ जग्गी के आज बुधवार को अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह सहित कई दिग्गज नेता कार्यालय उद्घाटन में पहुँचे। इस दौरान दिलचस्प बात यह रही कि कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में अति उत्साहपूर्ण प्रत्याशी द्वारा उद्घाटन की प्रकिया को भूलते हुए जनसभा को संबोधित किया गया। आपको बतादें की कार्यालय उद्घाटन में सवर्प्रथम फीता काटकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रवजलित करना एवं पुष्प माला पहना कर कार्यक्रम को संबोधित करना था। जिसमें उद्घाटन की सभी प्रथम रस्मो को भूलकर दिग्गज नेताओं के स्वागत में गुल हुए प्रत्याशी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रवजलित करने को ताक पर रख दिया। वही मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह सहित जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी द्वारा भी प्रथम रस्मो को



नज़र अंदाज कर दिया गया। जिसमें कार्यक्रम समापन के बाद फीता काटने की रस्म को तो पूरा किया गया मगर बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रवजलित करना दरकिनार कर दिया। कांग्रेस प्रत्याशी जगदेव सिंह उर्फ जग्गी पहले भी लक्सर नगर पालिका से दो बार के चेयरमैन रह चुके है। जिसमे द्वितीय बार चेयरमैन पद पर कार्यरत जगदेव सिंह उर्फ जग्गी को चेयरमैन से उनके अधिकारों को सीज़ भी कराए गया था। वही जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी जगदेव सिंह ने जनता का लुभाने का भरपूर प्रयास किया। वही उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए महिलाओं के उत्पीड़न का आरोप भाजपा के नेताओं पर तो लगाया। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी जगदेव सिंह अपने चेयरमैन कार्यकाल की कोई भी उपलब्धि जनता के बीच रख पाने में असमर्थ रहे। वही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रीतम सिंह ने महगाई के मुद्दों पर जमकर बखान किए। लक्सर के व्यापारियों को बाढ़ के नुकसान तक का मुआवजा तक न दिए जाने की बात को दोहराया। अब सवाल यह बनता है कि जो कांग्रेस प्रत्याशी अपने कार्यक्रम के दौरान प्रथम संविधान निर्माता बाबा साहब तक को भूल सकते है। वह कांग्रेस प्रत्याशी जनता से किए गए वादों व विकाश कार्यो को करने में कैसे खरा उतर सकेंगे।

## कब्जा मुक्ति व आपसी मामलों के निस्तारण को नियमानुसार एवं निष्पक्षता के साथ करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी

विपिन मित्तल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**औरैया।** जिलाधिकारी डॉ0 इंद्रमणि त्रिपाठी ने मिशन समाधान के तहत सरकारी भूमि, चकरोड तथा नाली/कूल, तालाब , आवासीय पट्टों सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी के द्वारा किए गए अवैध कब्जा एवं आपसी विवादों को निस्तारित कराने के लिए तहसीलवार गठित राजस्व व पुलिस की टीमों द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाहियों के तहत तहसील औरैया के ग्राम जमौली एवं तहसील बिधूना के ग्राम सौथरा व पुर्वा भदौरियन में पहुंचकर भूमि की नपती कराते हुए संबंधितों को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए, जिससे कोई विवाद न रहे। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि कब्जा मुक्ति व आपसी मामलों के निस्तारण को नियमानुसार एवं निष्पक्षता के साथ करते हुए स्थाई समाधान सुनिश्चित करें, जिससे पुनः अवैध कब्जा/ विवाद की स्थिति उत्पन्न न



हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही की फोटो/ वीडियोग्राफी भी कराये और यदि निस्तारण के उपरांत किसी के द्वारा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व लेखपाल को निर्देशित किया कि मिशन समाधान के अंतर्गत सतत प्रक्रिया संचालित रखते हुए सरकारी भूमि, चकरोड, नाली/कूल, कृषि भूमि एवं ग्राम पंचायत की भूमि आदि के अवैध कब्जों के साथ-साथ आम जन के आपसी भूमि विवादों को भी नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिधूना निखिल राजपूत , तहसीलदार सदर रणवीर सिंह, तहसीलदार बिधूना अविनाश कुमार, लेखपाल, राजस्व व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# छः महीने से तबादले के बाद भी सीएमओ के कृपा पात्र जाने का नहीं ले रहे नाम

### सी एम ओ एटा के कृपा पात्र सुशील कुमार सिंह को लेकर निदेशक प्रशासन ने किया जवाब तलब

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा।** बीते तबादला सेशन 2024-25 में जून जुलाई माह में स्थानांतरित/प्रोन्नत हुए स्वास्थ विभाग एटा के सुशील कुमार सिंह को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने छः माह बीत जाने के बाद भी कार्यमुक्त नहीं किया। अपितु महत्व पूर्ण (मलाईदार) पटल चिकित्सा प्रतिपूर्ति देकर कार्य कराया जा रहा है। यह अधिकारी हैं सुशील कुमार सिंह जो प्रशासनिक अधिकारी पद पर प्रोन्नत हुए और इस पद पर एम सी एच विंग मेरठ के लिए स्थानांतरित किए गए। यह दबा हुआ मामला उस समय खुला जब स्वास्थ महा निदेशालय लखनऊ में लिपिकों के पी-2 सिस्टम पर सुशील कुमार



सिंह के नाम के आगे नॉट रिलीव नॉट ज्वाइनिंग दर्ज पाया गया। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ परिवार कल्याण ने 27 दिसंबर को जारी कठोर सी पत्र देकर संबंधित नियंत्रक अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कड़ा पत्र लिखते हुए तीन दिन में निदेशक प्रशासन के मेल पर अवगत कराने के लिए कहा है। बताते हैं प्रोन्नत/स्थानांतरण किए गए कार्मिकों का जुलाई माह का वेतन स्थानांतरित जिले से निकालने के निर्देश दिए गए थे। परंतु एटा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उच्चाधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए मनमर्जी से उक्त प्रशासनिक अधिकारी को एटा में रोके रखा है। निदेशक प्रशासन के उक्त पत्र और स्पष्टीकरण मांगे जाने को लेकर जब कुछ पत्रकारों ने प्रशासनिक अधिकारी सुशील कुमार सिंह से पूछा गया आप मेरठ की जगह अभी एटा में काम कैसे कर रहें हैं ? तो उन्होंने कहा जब रिलीव नहीं किया तो कैसे जाते और अधिक पूछने पर मुस्कराते हुए अपने कार्यालय पटल पर काम करते रहे। इस मामले में जब कुछ पत्रकारों ने कॉल करके मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी से इस बाबत जानकारी चाही तो उन्होंने गोलमोल घुमा कर बात कह कर बात टाल दी। गौरतलब है सुशील कुमार सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मुंह लगे कमाऊ पूत माने जाते हैं इसी लिए प्रशासनिक अधिकारी पद पर रहते हुए चिकित्सा प्रतिपूर्ति की का कामकाज बाबू की तरह कर रहे हैं।

अब देखना अपनी मनमर्जी से कई महीनों से रोके पड़े सुशील कुमार सिंह के मामले में निदेशक प्रशासन मुख्य चिकित्सा अधिकारी एटा के विरुद्ध क्या एक्शन लेते हैं ?

## एटा महोत्सव का हुआ आगाज, मंडलायुक्त चैत्रा बी ,हवन कुंड में आहुति देकर किया शुभारम्भ

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव




एटा जनपद के रामलीला मैदान में आज से राजकीय कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी एटा महोत्सव का आगाज हुआ है।मंडला आयुक्त चैत्रा बी और एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने विधिविधान के साथ मंत्रोच्चारण कर हवन कुंड में आहुति देकर महोत्सव का शुभारंभ किया है।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एटा में प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ है।मंडला आयुक्त ने एटा पहुंच कर शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया है और एटा जनपद वासियों को शुभकामनाएं देते हुए एटा महोत्सव में आकर लाभ लेने की अपील की है।प्रदर्शनी में तमाम विभागों के स्टाल सजाए गए है।बच्चों के खेल कूद के मनोरंजन के साधन,हाइड्रोलिक झूले,रंग बिरंगी लाइटों से प्रदर्शनी को सजाया गया है ।कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए है।सी सी टी वी कैमरों और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।प्रदर्शनी का भव्य आयोजन 29 तारीख तक चलेगा ।एटा महोत्सव में कई जाने माने फिल्मी कलाकार ,गायक,लोक गायक, पॉप सिंगर,पंजाबी गायक ,कवि और कवियत्री अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी प्रतिदिन महोत्सव को कुछ खास अंदाज में सजाने का प्रशासन ने इंतजाम किया है।एटा महोत्सव में क्रिकेट प्रतियोगिता,मेहदी प्रतियोगिता,दंगल,खेल कूद प्रतियोगिता,पत्रकार सम्मेलन,कवि सम्मेलन,कृषि मेला,मत्स्य मेला ,जैसे तमाम आयोजन होना तय है ,हरियाणवी नाइट जैसे कार्यक्रम प्रदर्शनी में आयोजित होंगे।एटा महोत्सव के शुभारंभ के दौरान जिला धिकारी प्रेमरंजन सिंह,अपर जिला मजिस्ट्रेट लालता प्रसाद,ए डी एम सत्यप्रकाश सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार सहित भारी संख्या में अलग अलग विभागों के अधिकारी कर्मचारी और भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा है।

## यति नरसिम्हानंद के आश्रम से कुंभ जा रहे थे दर्जनों साधू, सड़क हादसे में घायल

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

**एटा।** जिले के मलावन थाना क्षेत्र के सेंथरी गांव के समीप देर रात साधुओं से भरे कंटेनर में पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी,हादसे में करीब आठ संत महात्मा घायल हो गए ।घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई ।सूचना मिलते ही मलावन थाना पुलिस मौके पर पहुंची है।पुलिस ने घायल साधुओं को एंबुलेंस की मदद से एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई जिला मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया है जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया है।वही हादसे के बाद साधुओं ने जमकर हंगामा काटा है।सभी संत महात्मा यति नरसिम्हानंद महाराज के शिष्य बताए जा रहे है।यति नरसिम्हा नंद महाराज के शिष्य यति रामस्वरूपा नंद गिरि महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि वह देवी मन्दिर डासना गाजियाबाद से कुंभ मेले में हिस्सा लेने जा रहे थे जब वह वहां से रवाना हुए तो कड़ी सुरक्षा



व्यवस्था के इंतजाम थे। लोकल पुलिस एमएमइंटेलीजेंस,आई बी सभी की जानकारी में था।वहीं मलावन थाना पुलिस घटना की गहराई से जांच में जुट गई है।हादसे में सनोज शास्त्री महाराज उम्र 48 वर्ष,पवन रावत पुत्र गोविंद उम्र 22 वर्ष, अजया नंद पुत्र यति नरसिंह यादव उम्र 40 वर्ष,सिकंदरा उम्र ललन शर्मा उम्र 27 वर्ष,रमेश पुत्र जीतराम उम्र 48 वर्ष,यति राम स्वरूपा नंद गिरि पुत्र यति नरसिम्हानंद गिरी उम्र 49 वर्ष,रामसिंह पुत्र चमन गिरी 65 वर्ष निवासी शिव शक्ति धाम गाजियाबाद घायल हुए सभी साधुओं का चिकित्सकों ने उपचार किया है।देवी मंदिर डासना के महंत यति नरसिंहानंद महाराज के शिष्य यति रामस्वरूपा नंद गिरि महाराज ने एक्सीडेंट को इस्लामिक देशों का षड्यंत्र बताते हुए साधुओं की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है उन्होंने बताया यदि नरसिंहानंद महाराज के ऊपर इस्लामिक देशों ने 16 00 करोड रुपए का इनाम घोषित किया है। इस्लामिक देश महाराज जी और उनके शिष्यों की हत्या करना चाहते हैं।हालांकि हादसे पर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।यति नरसिम्हानंद महाराज के शिष्य ने जांच एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर मिले होने का आरोप लगाया है।साधु ने बताया कि रोड के किनारे सामग्री और संतों से भरा कंटेनर खड़ा था ।खड़े कंटेनर में पीछे से टक्कर मारी गई है।

### टीम कैट सतना स्थापना दिवस 12 को

कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने बताया कि टीम कैट सतना का 11 वां स्थापना दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सेन्ट्रल जेल में गरम वस्त्र वितरण कर मनायेंगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोस्टा जी व कैट म प्र के बोर्ड मेंबर कमलेश पटेल जी होंगे। कैट जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी व महामंत्री अभिषेक जैन व महिला शाखा जिलाध्यक्ष मोनिका अवस्थी व महामंत्री पायल गर्ग ने सभी सदस्यों से 12.01.25 दिन रविवार को दोपहर 12.30 बजे कार्यक्रम स्थल सेन्ट्रल जेल ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे पहुंचने की अपील की है।

# लक्सर नगर पालिका वार्ड नं 11 से निर्दलीय सभासद प्रत्याशी रचना ने किया अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन, जनता का मिला सम्पूर्ण समर्थन

विशेष संवाददाता अनिल वर्मा/
हिंदुस्तान केसरिया

**लक्सर।** नगर पालिका वार्ड नंबर 11 निर्दलीय प्रत्याशी रचना ने भारी जनसमर्थन के साथ आज अपने चुनावी कार्यालय किया। जिसमें कार्यालय का उद्घाटन वार्ड नं. 11 के सैंकड़ो लोगो ले साथ मिलकर रिवान काट कर हवन यज्ञ करते हुए किया गया। जहां एक तरफ प्रत्येक दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी दावेदारी जनता के बीच रखने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं दूसरी और अलग-अलग वार्डो से सभासद




के प्रत्याशी भी अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों से पीछे नजर नहीं आ रहे हैं। आज बृहस्पतिवार को रायसी रोड स्थित सभासद की प्रत्याशी रचना ने वार्ड नंबर 11 में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। जिसमें कार्यालय का उद्घाटन प्रत्याशी द्वारा सर्वप्रथम फीता काटकर एवं हवन पूजा करते हुए किया गया। वहीं वार्ड नंबर 11 से सभासद की प्रत्याशी रचना ने बताया कि लक्सर नगर के अंदर पिछली दो योजनाओं से भाजपा के अध्यक्ष व अन्य वार्डो से सभासद कार्यरत रहे है। लेकिन बावजूद इसके भी लक्सर नगर के अंदर विकास पूर्ण रूप से अधूरा ही नजर आ रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर जनता इस बार मुझे सभासद बनने का मौका देती है, तो मैं उनके वादों पर खरा उतने का संपूर्ण प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा वार्ड नंबर 11 में तमाम रुके हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतरने का मेरा प्रथम उद्देश्य रहेगा। वहीं दूसरी और प्रदीप चौधरी ने कहा कि वार्ड नंबर 11 से हमने अपनी बेटे विनीत की पत्नी रचना चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। वही हमारा पूर्ण विश्वास है कि जनता हमें अपना पूर्ण समर्थन देकर हमें जितने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि मैं तमाम जनता से अपील करता हूं कि अगर जनता हमें जीताने का काम करेगी तो उनके वादों पर किसी भी कीमत पर खरा उतरने का हमारा प्रयास रहेगा।

## हसवा लूट कांड के 96 घण्टे बीतने के बाद भी लुटेरों का नहीं लगा सुराग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फतेहपुर ब्यूरो चीफ रन्नो सिंह

**फतेहपुर।** थाना थरियाव के अंतर्गत हसवा चौकी क्षेत्र मे इन दिनों चोर व लुटेरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते बेखौफ लुटेरे अब सारे शाम ही ग्रामीणों को निशाना बना रहे है। ऐसा ही मामला दो जनवरी की शाम 7 बजे देखने को हसवा कस्बे मे देखने को मिला था जहाँ लुटेरो ने ठेले मे मोम्फ़ली आदि सामान का व्यापार करने वाले व्यापारी को निशाना बनाते हुऐ लूट की वारदात को अंजाम दिया और लुटेरे पैसा से भरा झोला लूट कर फरार होगए । इस घटना को हुऐ 96 घंटो से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन लुटेरों का चौकी




पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। आपको बतादे दें की लूट व चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी 26 दिसंबर को हसवा निवासी महेश के घर के बाहर खड़े इ रिक्शा से चोरो ने 2 बैटरी चोरी कर फरार होगए थे। जिसके बाद पीड़ित शिकायत लेकर पहुंचा तो पीड़ित को चौकी से भगा दिया गया। लेकिन दोबारा शिकायत लेकर पहुँचे पर शिकायती पत्र ले लिया गया है।